www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 16 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –241 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





नवादा के घरों में शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचा गंगाजलः नीतीश कुमार पृष्ठ 2

अभिमत
■ उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले पृष्ठ 6

■ गाजा में एक और सैनिक की मौत, आंकड़ा 118 पर पहुंचाः आईडीएफ पृष्ठ 7

मुंबई इंडियंस के नए कप्तान बने हार्दिक पांड्या पृष्ठ 8

# सांसदों के निलंबन पर गतिरोध बरकरार

## संसद के शीतकालीन सत्र के दसवें दिन कामकाज रहा ठप, हुआ हंगामा

**नई दिल्ली**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर सत्र के 10वें दिन दोनों सदनों में कामकाज ठप रहा। विपक्षी दलों ने लगातार दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा किया। विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान और इस्तीफे की मांग की। दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। स्पीकर ओम बिड़ला जैसे ही कुर्सी पर बैठे, हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसद वेल तक पहुंच गए। हंगामे के चलते लोकसभा 11.02 बजे और राज्यसभा 11.09 मिनट पर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। जब 2 बजे दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही सोमवार 18 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले, शुक्रवार को सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष के 14 निलंबित सांसदों (13 लोकसभा और 1 राज्यसभा) ने प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि दोनों सदनों में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। सोनिया गांधी ने इन सांसदों से मुलाकात की। जदयू सांसद ललन सिंह ने 14 दिसम्बर को कहा था कि अगर संसद में घुसने वाले अगर मुसलमान होते तो ये लोग देश-दुनिया में तूफान मचाते। उसी के नाम ये लोग देश में उन्माद मचा देते। अगर कांग्रेस के सांसद की अनुशंसा पर आए विजिटर्स ने ऐसा किया तो देखते कि इनका रवैया क्या होता। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्षी सांसदों को अवैध तरीके से निलंबित करना कहां का न्याय है? उन्होंने कहा कि विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने दोनों सदनों में अपनी संयुक्त रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए सुबह मुलाकात की थी। खड़गे ने कहा क गृह मंत्री टीवी पर साक्षात्कार दे सकते हैं, लेकिन वह सदन में हुए इस मुद्दे पर बयान देने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के इस मुद्दे पर सवाल उठाना हमारा कर्तव्य है।



■ 14 निलंबित सांसदों से मिलीं सोनिया गांधी
■ विपक्ष ने की अमित शाह के सदन में बयान व इस्तीफे की मांग
■ सांसदों ने निलंबन के खिलाफ सदन के बाहर किया प्रदर्शन

### कांग्रेस के नौ सांसद समेत 14 सांसद हुए थे निलंबित

संसद की सुरक्षा चूक पर गत गुरुवार को भी दिनभर सदन में हंगामा हुआ था। लोकसभा और राज्यसभा से विपक्ष के 14 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। इनमें 13 लोकसभा सांसद हैं, जिनमें कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) के 2, डीएमके और सीपीआई के एक-एक सांसद हैं। राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

### गृह मंत्री के बयान देने के बाद ही चल सकती है संसद : कांग्रेस

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश भी खरगे की बात पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा में चूक का मामला अत्यंत गंभीर है और जब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह किस मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान नहीं देते हैं तब तक संसद का चलना संभव नहीं ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### संसद में सेंध का साजिशकर्ता ललित झा सात दिनों की पुलिस हिरासत में

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में कथित साजिशकर्ता ललित झा को अदालत ने शुक्रवार को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पटियाला हाउस स्थित हरदीप कौर की विशेष अदालत ने ललित को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सात दिनों की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार रात ललित को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने शुक्रवार को उसे अदालत के समक्ष पेश किया, जहां पुलिस ने ललित की 15 दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। पुलिस ने अदालत के समक्ष दावा किया कि ललित ने उसके समक्ष साजिशकर्ता होने का दावा किया है। उसी ने लोकसभा के भीतर और बाहर गिरफ्तार आरोपियों के लिए योजना बनाई थी। इसी अदालत ने सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे और नीलम देवी को कल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सात दिनों की हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इन चारों आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत बुधवार को गिरफ्तार किया गया था।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री बने भजनलाल शर्मा



■ दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा बने उप मुख्यमंत्री
■ शपथ समारोह में मोदी, अमित शाह रहे मौजूद

**जयपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजना के दिग्गज नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में भजनलाल शर्मा के साथ ही ये दोनों नेताओं ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अल्बर्ट हॉल में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इसके अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

**अशोक गहलोत ने भी मंच पर उपस्थिति दर्ज कराई**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि समारोह के लिए केंद्रीय नेताओं और राज्य के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजे गए थे। समारोह से पहले प्रदेश की राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया। इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े पोस्टर और बैनर थे। राज्य में 200 में से 199 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा ने 115 सीटों पर जीत दर्ज की है। करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। विधानसभा की इस सीट पर अब 5 जनवरी 2024 को मतदान होगा। भजनलाल शर्मा को एक निर्विवाद व्यक्तित्व के तौर पर जाना जाता है। भजनलाल शर्मा को सीएम बनाकर भाजपा ने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश दिया है. किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है।

### मुख्यमंत्री साय ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाईयों को छुएगा। मुख्यमंत्री ने भजन लाल को उनके जन्मदिन और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के अवसर पर अपनी शुभकामनाए देते हुए राजस्थान की जनता को नई सरकार चुनने के लिए बधाई दी है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री बनने पर साय को दी बधाई



**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश उन्नति के नए शिखर को प्राप्त करेगा।

### मुख्यमंत्री साय ने विजय दिवस पर वीर जवानों को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के वीर जवानों को नमन किया है। साय ने कहा है कि 16 दिसम्बर के दिन 1971 में भारतीय जवानों की जीत हुई और पाकिस्तान के हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया।

### नागपुर से लोस चुनाव का शंखनाद करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 28 दिसम्बर को अपना 139वां स्थापना दिवस समारोह नागपुर में आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन भी करेगी, जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि इस रैली से कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद भी करेगी।

### मथुरा ईदगाह सर्वे रोकने से सुको का इंकार

**मथुरा।** कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसम्बर को दिए फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का तीन अधिवक्ता आयुक्तों की टीम द्वारा सर्वे करने का आदेश दिया था।

### मुख्तार अंसारी को एक और मामले में सजा

**वाराणसी।** माफिया मुख्तार अंसारी को एक और मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है। वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को कोयला व्यवसायी नंद किशोर रूंगटा के भाई महावीर प्रसाद रूंगटा को धमकी देने के मामले में शुक्रवार को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### स्वदेशी हाई-स्पीड फ्लाइंग विंग यूएवी का सफलापूर्वक परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) से ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह स्वदेशी रूप से विकसित हाई-स्पीड यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता केपी विश्वनाथन का निधन

**त्रिशूर/केरल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केरल के पूर्व मंत्री केपी विश्वनाथन का शुक्रवार को त्रिशूर के एक निजी अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे थे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। छह दशक तक राजनीति में सक्रिय रहने वाले विश्वनाथन ने कांग्रेस सदस्य के रूप में राज्य विधानसभा में कुन्नम्कुलम और कोडकारा सीट का प्रतिनिधित्व किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे शुभारंभ



■ देश भर के हितग्राहियों से करेंगे चर्चा
■ मुख्यमंत्री साय वर्चुअली कार्यक्रम में होंगे शामिल
■ छत्तीसगढ़ के 4 शहरी क्षेत्र एवं 70 ग्रामीण क्षेत्र सीधे वीडियो कांफ्रेंसिंग से होंगे कनेक्ट

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 16 दिसम्बर को दोपहर चार बजे करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से दोपहर 3 बजे कनेक्ट होंगे और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे। केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# रामविचार होंगे प्रोटेम स्पीकर विधायकों को दिलाएंगे शपथ

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ भाजपा विधायक रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। नेताम नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में शपथ दिलायेंगे। नेताम रामानुजगंज से विधायक हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की को 29663 वोट से हराया है।

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19, 20 और 21 दिसंबर को होगा, जिसमें रामविचार नेताम सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे प्रोटेम स्पीकर के कार्य नए सदस्यों को शपथ दिलाना, विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कराना, फ्लोर टेस्ट का काम करना। स्थायी स्पीकर चुने जाने तक सदन की गतिविधियों को संचालित करना है। सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का कार्य भी प्रोटेम स्पीकर को ही करना होता है।



**प्रदेश में अब तक हुए प्रोटेम स्पीकर**

| | |
|---|---|
| प्रथम विधानसभा | महेंद्र बहादुर सिंह |
| द्वितीय विधान सभा | राजेंद्र प्रसाद शुक्ल |
| तृतीय विधान सभा | बोधराम कंवर |
| चतुर्थ विधान सभा | सत्य नारायण शर्मा |
| पंचम विधान सभा | रामपुकर सिंह |
| छठवीं विधान सभा | रामविचार नेताम |

रामविचार नेताम भाजपा के कद्दावर नेता होने के साथ ही आदिवासी चेहरा भी हैं। नेताम छत्तीसगढ़ सरकार में गृहमंत्री भी रह चुके हैं। साथ ही राज्यसभा सांसद भी रहे हैं। रामविचार नेताम साल 1990 से लेकर 2013 तक विधायक रह चुके हैं. छत्तीसगढ़ में जब भाजपा की सरकार थी, उस दौरान अहम मंत्रालय के मंत्री भी रहे हैं। रामविचार नेताम ने शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र देकर साल 1990 में तत्कालीन पाल विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में नेताम को जीत हासिल हुई थी। इसके बाद लगातार साल 1993, 1998, 2003, 2008 में विधानसभा चुनाव जीते। साल 2013 तक रामानुजगंज विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं।

# विस का शीत सत्र 19 से



■ सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज महानदी मंत्रालय भवन में कैबिनेट की द्वितीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा मौजूद थे। दिसंबर माह के द्वितीय पखवाड़े में 19 से प्रस्तावित विधानसभा सत्र में प्रस्तुत होने वाले अनुपूरक बजट के लिए विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श कर अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19, 20 एवं 21 तीन दिनों तक चलेगा।

# रायपुर आरटीओ को हाईकोर्ट की फटकार

## सभी स्टाफ को बदलें शपथपत्र में मांगी प्लानिंग

**बिलासपुर**, 15 दिसंबर (देशबन्धु)। सूबे के उच्च न्यायालय ने रायपुर आर टी ओ को लेकर खासी नाराज़गी दिखाई है। हाईकोर्ट ने रायपुर आरटीओ को फटकार लगाते हुए दफ्तर के पूरे स्टाफ को बदलने का निर्देश दे दिया है। कोर्ट के इस निर्देश के बाद पूरे परिवहन विभाग में खलबली मच गई है।



दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट में एक याचिका दाखि़ल की गई है, जिसमें दस्तावेजों के साथ बताया गया है कि रायपुर के सड़क परिवहन अधिकारी कार्यालय में परमिट को लेकर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जस्टिस एन के व्यास की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई थी। जिसमें रायपुर के आरटीओ कीर्तिमान सिंह राठौर जवाब देने के लिए उपस्थित थे। अदालत ने कई कर्मचारियों के बहुत सालों से पदस्थ होने पर फटकार लगाई और निर्देश दिया कि यहां के पूरे स्टाफ को बदलें। इसके साथ ही कोर्ट ने आरटीओ को अगली सुनवाई में शपथ पत्र में जवाब प्रस्तुत करने कहा है कि दफ्तर की व्यवस्था को उसने किस तरह से ठीक करने की योजना बनाई। इसी मामले में खमतराई थाना प्रभारी के देर से उपस्थित होने पर उन्हें 3 घंटे तक कोर्ट रूम में रहने का निर्देश दिया गया। 4 जनवरी को प्रकरण की अगली सुनवाई होगी।

# विवाद के बाद पति ने पत्नी पर चलाई गोली

■ गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पति ने पत्नी को दिनदहाड़ गोली मार दी, बताया जा रहा है कि आपसी विवाद के बाद आरोपी ने पत्नी पर गोली चलाई है, इस घटना में घायल पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डीडी नगर थाना क्षेत्र का मामला.

मिली जानकारी के अनुसार, डीडी नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी पर गोली चलाई है, इस घटना में घायल पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ महिला की इलाज जारी है. आरोपी पति शुभांकर नंदी पेशे से है वकील, मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

**शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट**

# दस जनवरी तक देना होगा फैसला

**नई दिल्ली**, 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के लिए विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को 10 दिन का और समय दिया है। राहुल नार्वेकर को पहले 31 दिसम्बर तक का समय दिया गया था। अब डेडलाइन बढ़ाकर 10 जनवरी 2024 कर दी गई है। दरअसल, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ पार्टी तोड़कर जाने वाले विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इस मामले पर जल्द फैसला लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।



**विधानसभा स्पीकर ने तीन हफ्ते का समय मांगा था**

राहुल नार्वेकर ने 14 दिसम्बर) को कोर्ट को बताया था कि विधायकों की अयोग्यता को लेकर 2 लाख 71 हजार से अधिक पन्नों के डॉक्यूमेंट्स दाखिल किए गए हैं। महाराष्ट्र का विधासनभा सत्र भी चल रहा है। इसलिए मुझे फैसला लेने के लिए 3 हफ्ते का समय लगेगा। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि विधानसभा स्पीकर ने फैसले में देरी के जो कारण बताए हैं, वो वाजिब है। हम अध्यक्ष को फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी तक का समय देते हैं। इससे पहले कोर्ट ने 17 अक्टूबर को कहा था- हम नहीं चाहते कि यह मामला महाराष्ट्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव तक लटक जाए। हमने बार-बार स्पीकर से फैसला लेने के लिए कहा है। अगर वह फैसला नहीं करेंगे तो हम करेंगे।

**मौसम** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानों में सर्दी बढ़ी, मध्य प्रदेश-राजस्थान में न्यूनतम तापमान सात डिग्री

# दिल्ली में पारा पांच डिग्री, शिमला से ज्यादा ठंड

**नई दिल्ली, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से जारी बर्फबारी के चलते पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में ठंड बढ़ गई है। दिल्ली में शुक्रवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

*दिल्ली में शिमला से भी ज्यादा ठंड है। शिमला में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा का हिसार भारत के मैदानी इलाकों में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। भारत के अधिकांश हिस्सों में ठंड के कारण विजिबिलिटी 500 मीटर से भी कम रही। मप्र-राजस्थान के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से कम रहा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में ओस जम गई।*

*मौसम विभाग ने कहा कि हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, एमपी, बिहार, असम, मेघालय, उत्तरी राजस्थान और त्रिपुरा में भी मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। दिल्ली में अगले चार दिन तक हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस सप्ताह के दौरान इन सभी इलाकों के तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, अगले सप्ताह से देश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट की उम्मीद है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली में 14 दिसम्बर को एक्यूआई बहुत खराब (326) रहा।*

*शुक्रवार में सुधार हुआ है। जिससे यह बहुत खराब से खराब की लिस्ट में आ गया है। बता दें कि 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच हल्का, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।*

***दिल्ली-पंजाब में घना कोहरा***

*मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली के लोधी रोड, आयानगर, कर्तव्य पथ सहित कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। पंजाब के अमृतसर में भी घने कोहरे की चादर छाई रही। यहां पर मिनिमम टेम्प्रेचर 6 डिग्री सेल्सियस रहा। कोल्ड वेव के चलते अमृतसर में जगह-जगह अलाव जल रहे हैं।*

# देश

उवाच

सरकार के निरंतर सुधारों से सीजीएचएस के दायरे में शहरों की संख्या वर्ष 2014 में 25 से बढ़कर 80 हो गई है और ये जल्द ही भारत के 100 शहरों तक पहुंच जाएंगे, सीजीएचएस लाभार्थी अपने निवास के निकटतम स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना और देश के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है:-
**मनसुख मांडविया, परिवार कल्याण मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.4 | 04.9 |
| मुंबई | 33.3 | 20.2 |
| कोलकाता | 25.1 | 14.5 |
| चेन्नई | 29.8 | 25.4 |

# सुप्रीम कोर्ट ने महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई तीन जनवरी तक टाली

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई अगले साल 3 जनवरी तक के लिए टाल दी।।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन.भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि शीतकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलने पर मामले की सुनवाई की जाएगी, क्योंकि पीठ मामले की फाइलों पर गौर नहीं कर सकी है। पीठ ने आदेश दिया, '3 जनवरी, 2024 को पुन: सूचीबद्ध करें।' भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने मोइत्रा के वकील द्वारा उल्लेख किए जाने के बाद ने बुधवार को याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। मोइत्रा ने 8 दिसम्बर को संसद के निचले सदन से अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख किया है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय क्षेत्र से सांसद ने अपनी याचिका में



अपने निष्कासन के फैसले को 'अनुचित, अन्यायपूर्ण और मनमाना' बताया है। उनके खिलाफ कार्रवाई 'संसदीय प्रश्नों के लिए नकद' आरोप पर आचार समिति की जांच के बाद की गई थी।

**जाने क्या मामला था**

मोइत्रा को लेकर विवाद तब सामने आया जब बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने सितंबर 2023 में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को महुआ के खिलाफ शिकायती पत्र लिखा था। पत्र वकील जय अनंत देहाद्रई की एक शिकायत की थी आरोप लगाया गया था कि मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लिया था। इसके बाद कारोबारी दर्शन हीरानंदानी ने संसद की आचार समिति को दिए एक हलफनामे में दावा किया कि मोइत्रा ने उन्हें अपने लोकसभा पोर्टल लॉगिन क्रेडेंशियल दिए थे। आरोपों में कारोबारी हीरानंदानी ने मोइत्रा की तरफ संसद में सवाल पूछने के लिए इसका इस्तेमाल किया और बदले में महुआ को नकद और तोहफे दिए। इन आरोपों को देखते हुए केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सांसद दुबे के आरोपों के बाद अक्टूबर में उनके खिलाफ संसदीय जाँच शुरू की गई थी। जाँच पूरी करने के बाद संसद की आचार समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक में 'कैश-फॉर-क्वेरी' घोटाले को लेकर सांसद को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट दी थी।

**महुआ ने आरोपों का खारिज किया**

महुआ खुद पर लगे इन आरोपों से लगातार इनकार करती रहीं। टीएमसी नेता ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि उन्हें एथिक्स पैनल की रिपोर्ट पर विचार के दौरान सदन में अपना बचाव करने या उनके अलग हुए साथी और उन पर आरोप लगाने वाले बीजेपी सांसद से जिरह करने का मौका नहीं दिया गया। इसके बाद 8 दिसंबर 2023 को मोइत्रा को संसद से निष्काषित कर दिया गया।

# नवादा के घरों में शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचा गंगाजल: नीतीश कुमार

**नवादा,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में अब नवादा जिले के लोग शुद्ध पेयजल के रूप में गंगाजल पी सकेंगे। शुक्रवार से यहां के घरों में शुद्ध पेयजल के रूप में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिला के कादिरगंज के पौरा गांव में गंगाजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 36 मिलियन लीटर क्लियर वाटर पंप हाऊस का बटन दबाकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जल शोधन संयंत्र का भी अवलोकन किया।



जल शोधन संयंत्र के अवयव प्री सेटलिंग टैंक, कैस्केड एरियेटर, फ्लैश मिक्सचर, क्लैरी फ्लो कुलेटर एवं फिल्टर यूनिट के संबंध में भी नीतीश ने विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जल शोधन केंद्र परिसर में पौधारोपण किया। गंगाजल आपूर्ति योजना के शुभारंभ के पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वयं पानी पीकर नवादा में हर घर तक गंगाजल को शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचाने की शुरुआत की। गौरतलब है कि गंगाजी राजगृह जलाशय से लगभग 20 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर नवादा के पौरा में जल-शोधन संयंत्र तक गंगाजल को पहुंचाया जा रहा है। जहां से नवादा शहर के घर-घर में बुडको (नगर आवास एवं विकास विभाग) द्वारा पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। पौरा (नवादा) के इस जल-शोधन संयंत्र में 36 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी को साफ करने की क्षमता है।

# मध्य प्रदेश में 'लाडली बहना योजना' के लाभ का परित्याग करने का आदेश निरस्त

**भोपाल,** 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना का लाभ लेने वाली अपात्र महिलाओं के परित्याग (स्वयं द्वारा त्यागने का फैसला) करने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया गया है।

सागर के महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा जारी किए गए पत्र में लिखा गया था कि यदि किसी पर्यवेक्षक या किसी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या सहायिका या स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष या सचिव या समूह के सदस्य द्वारा लाडली बहना योजना की जो शासन द्वारा निर्धारित शर्तें थीं, उन शर्तों के विपरीत लाभ लिया गया है तो पंद्रह दिन के भीतर लाभ परित्याग कर दें अथवा शर्तों के विपरीत लाभ लेने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस आदेश से प्रदेश सरकार की फजीहत होने लगी थी। मगर, सागर के ही कार्यक्रम अधिकारी ने इस आदेश को निरस्त कर दिया। यह आदेश सामने आने पर सियासी हलचल मच गई और कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर ने इसे महिलाओं के साथ धोखा बताया। वहीं, महिला बाल विकास विभाग भी सक्रिय हुआ और उसने इस आदेश को निरस्त कर दिया। यह निरस्त करने का आदेश सागर के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जारी किया है।




**■ शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए लाडली बहना योजना शुरू की थी**

ज्ञात हो कि शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए लाडली बहना योजना शुरू की थी। इस योजना के जरिए 1,000 से बढ़ाकर 3,000 रुपए मासिक तक दिए जाने का वादा किया गया था। उसी के मुताबिक महिलाओं को वर्तमान में 1,250 रुपए मिल रहे हैं। इस योजना में शुरुआती तौर पर कुछ शर्तें निर्धारित की गई थी, जिन्हें बाद में खत्म कर दिया गया और अधिकांश महिलाएं इस योजना के लाभ की श्रेणी में आ गई।

## सार संक्षेप

### दानापुर कोर्ट कैंपस में कुख्यात अपराधी की गोली मारकर हत्या

पटना। अपराधियों का तांडव राजधानी पटना के दानापुर कोर्ट कैंपस मे देखने को मिला जहां पुलिस सुरक्षा में पेशी के लिए लाए गए बंदी छोटे सरकार की दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने इस दौरान छोटे सरकार को पांच से छह गोली मारी है। हत्या की घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया है। बताया गया कि नौबतपुर के रहनेवाले अभिषेक कुमार उर्फ छोटे सरकार को एक अपराध के मामले में बेउर जेल से पेशी के लिए दानापुर कोर्ट लाया गया था। जहां पहले से इंतजार कर रहे बदमाशों ने उन्हे गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है दिनदहाड़े हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार करने की बात भी सामने आई है।

### धीरज साहू कैश स्कैंडलः भाजपा विधायकों का झारखंड विधानसभा में प्रदर्शन

रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को धीरज साहू कैश स्कैंडल को लेकर भाजपा ने सदन के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक अनंत ओझा, नीरा यादव, समरीलाल और अन्य ने हाथ में तख्तियां लेकर मुख्य गेट पर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा विधायकों ने इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जवाब मांगा। उनका सवाल था कि धीरज साहू के आवास पर इतने रुपये कहां से आये। भाजपा विधायकों इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने धीरज साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विरोधी दल के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि धीरज साहू मामले में कांग्रेस पार्टी सवालों से भाग नहीं सकती। धीरज साहू ने 38 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है तो उनके पास 400 करोड़ रुपये कहां से आये। इसका जवाब कांग्रेस पार्टी को सदन में देना होगा।

### बंगाल में हिरासत में मौत की सीबीआई जांच के आदेश

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कथित हिरासत में हुई मौत पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश दिया है।

# एक सप्ताह के उपचार के बाद केसीआर आज अपने घर पहुंचे

**हैदराबाद,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव को उनके बाएं पैर में कूल्हे के फ्रैक्चर के कारण यशोदा अस्पताल में सर्जरी के बाद आज छुट्टी दे दी गई। एक सप्ताह के उपचार के बाद वे स्वस्थ्य हो गए और अपने घर पहुंचे। यशोदा अस्पताल से वापसी के समय केसीआर ने उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों और नर्सों समेत यशोदा स्टाफ को धन्यवाद दिया। अस्पताल से निकलने के समय उन्होंने वहां खड़े अपने सैकड़ों प्रशंसकों का अभिवादन किया। यशोदा अस्पताल से सीधे नंदी नगर स्थित अपने आवास पहुंचे तेलंगाना के पहले मुख्यमंत्री केसीआर का पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर केसीआर के साथ परिवार के सदस्य, विधायक, बीआरएस नेता और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# रक्षा मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज खरीद के लिए बीईएल के साथ किया करार

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 'भारतीय उद्योग द्वारा भारतीय सेना के लिए गोला-बारूद के निर्माण' के तहत इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो 10 साल की दीर्घकालिक आवश्यकता के लिए एक सरकारी पहल है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना कुल 5,336 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज खरीदेगी। इसमें कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज मध्यम से भारी कैलिबर की तोपों का एक अभिन्न अंग हैं जो सैन्य अभियानों के लिए निरंतर गोला-बारूद को मारक क्षमता प्रदान करते हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, 'फ्यूज का तोपों में उपयोग किया जाएगा जो उत्तरी सीमाओं के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित विभिन्न प्रकार के इलाकों में घातक हमले करने में सक्षम हैं।' इसमें कहा गया है कि इन इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज का निर्माण बीईएल द्वारा अपने पुणे और आगामी नागपुर संयंत्र में किया जाएगा।



अधिकारियों ने कहा, 'यह परियोजना डेढ़ लाख लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगी और गोला-बारूद निर्माण में एमएसएमई सहित भारतीय उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी और देश में गोला-बारूद विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक बनाएगी।'

# नीतीश कुमार के पास कहीं कोई वोट बैंक नहीं बचा है : गिरिराज सिंह

**पटना,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु) गांव में एक कहावत है रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खुट्टी। इनको आदमी तो बनारस में जुटता नहीं और कह रहे हैं की परमिशन नहीं दिया गया यह बस यूं ही बतोलाबाजी करना जानते हैं। यह बातें केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार के वाराणसी में रद्द हुई रैली को कही है।

गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पास कहीं कोई वोट बैंक नहीं बचा है। वाराणसी में उनके पास लोग जुड़ते ही नहीं तो फिर ऐसे हालात में उन्होंने अपनी रैली रद्द नहीं की होती तो और क्या किए होते। यह चले हैं घोड़ा के साथ मेंढक बनकर नाल टुकवाने के लिए।

इसके अलावा अदानी के बिहार में उद्योग लगाए जाने की तारीफ राजद और नीतीश कुमार के तरफ से किए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि -राहुल गांधी और इंडी गठबंधन का यह बचकाना हरकत है। राजस्थान में जब अशोक गहलोत की सरकार थी तो अदानी ने 60 हजार करोड़ से अधिक का उद्योग लगाया गया था। बघेल जब छत्तीसगढ़ में सरकार चला रहे थे तो वहां भी अडानी की कंपनी ने निवेश किया था। इनके पास मोदी के खिलाफ बोलने के लिए कुछ तो है नहीं बस अदानी को लेकर या इधर-उधर की बातों को लेकर झूठ फोर्स की बातें करते रहते हैं।



**नीतीश कुमार के पास कहीं कोई वोट बैंक नहीं बचा है। वाराणसी में उनके पास लोग जुड़ते ही नहीं तो फिर ऐसे हालात में उन्होंने अपनी रैली रद्द नहीं की होती तो और क्या किए होतेः- गिरिराज सिंह**



## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग ( छ.ग. )

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना कमांक-52**

ज्ञा.क. 3264/ व.ले.लि/ग्रा.यां.से. /2023-24 — दुर्ग, दिनांक 12/12/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 | शेड निर्माण एवं ग्रील ओगर तालाब के पास पाटन | 5.00 |
| 2 | किचन शेड एवं शुलभ शौचालय रावण भाठा के पास यादव समाज भवन के पास अखरा | 4.00 |
| 3 | शौचालय एवं स्नानागार साहू भवन के पास पाटन | 7.39 |
| 4 | शेड निर्माण वार्ड 19 में जंजगिरी | 4.00 |
| 5 | बोर खनन कार्य एवं पाईपलाईन विस्तार सतनामी पारा वार्ड कुम्हारी | 3.00 |
| 6 | ओपन जिम समान वार्ड 12 कुम्हारी परसदा | 4.00 |
| 7 | सार्वजनिक बैठक व्यवस्था आबादी पारा में वार्ड 16 कुम्हारी परसदा | 1.00 |
| 8 | सांस्कृतिक मंच व कक्ष निर्माण खारून ग्रीन कालोनी सिटी रेसिडेंट वेलफेयर सोसायटी के पास | 2.87 |
| 9 | पचरीकरण एवं सौदर्गीकरण छठ तालाब के पास वार्ड 28 जोन-1 भिलाई चरोदा। | 5.00 |
| 10 | फेसिग कार्य श्मशानघाट तहसील ऑफिस के पास तहसील कार्यालय के पास बोरी | 3.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 12742/22023 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 26/12/2023 है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग दुर्ग

जी-06385

## OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,

Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574561, website www.cspc.co.in E-mail:- civil.cseb@gmail.com

No.04-02/GP-III/W/1659 — Raipur, date 14.12.2023

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding portal of EITC (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having similar work experience, turnover etc. as mentioned in eligibility criteria may also be considered on submission of experience certificate and other documents in support of fulfilment of eligibility criteria for the following work: -

| Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|
| ED(C-P-I)/GP-III/W/2023-24/76 | Annual work of providing services of Khansama, helping assistance to him and housekeeping of rest house along with sweeping and cleaning complete etc. for day to day operation of Rest House at CMDC, CSPGCL, Gharghoda, Distt.-Raigarh (C.G.) | 9,15,104/- | 9200/- | 12 Months including rainy season | 8100034873 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST) Due date & time for submission of bids Tender Cost & EMD is 08.01.2024 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 10.01.2024 (at 15:00) Hrs. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl tendernotices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - i. In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor. ii. Maintenance Period for the work will be Nil.

Executive Director (Civil-Project-I)
CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR
(CHHATTISGARH)
NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)
PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS
eProcurement Portal: https://eprocure.gov.in/eproc.egstate.gov.in

**CORRIGENDUM**

(1) In Bid Tender ID-2023_WRCWB_768971/REQUEST FOR BIDS NO. 03/SAC/2023-24/Civil/ Rudri Dated 28.08.2023, G.No. 04835. This Corrigendum No. 2 has been published due to implementation of Model Code of Conduct since Dated 09.10.2023 to 04.12.2023 after Announcement of State Legislative Assembly Election 2023.

| Earlier Published | Present Amendment in E-procurement Website |
|---|---|
| 1. Last date and time for receipt of bids date 09.10.2023, Time 15.00 hours | 1. Last date and time for receipt of bids date 19.12.2023, Time 15.00 hours |
| 2. Time and date of opening bids -technical part date 10.10.2023, Time 15.15 hours | 2. Time and date of opening bids-technical part date 20.12.2023, Time 15.15 hours |

(2) In Bid Tender ID. TENDER ID-2023_WRCWB_770055/REQUEST FOR BIDS NO. 05/SAC/2023-24/Civil/ Rudri Dated 04.09.2023 G.No. 05321. This Corrigendum No. I has been published due to implementation of Model Code of Conduct since Dated 09.10.2023 to 04.12.2023 after Announcement of State Legislative Assembly Election 2023.

| Earlier Published | Present Amendment in E-procurement Website |
|---|---|
| 1. Last date and time for receipt of bids date 11.10.2023, Time 15.00 hours | 1. Last date and time for receipt of bids date 19.12.2023, Time 15.00 hours |
| 2. Time and date of opening bids-technical part date 12.10.2023, Time 15.15 hours | 2. Time and date of opening bids-technical part date 20.12.2023, Time 15.15 hours |

(3) In Tender System No. 149042 NIT No.: 06/SAC/2023-24 Dated: 05.10.2023, G.No. 06035. This Corrigendum No. 1 has been published due to implementation of Model Code of Conduct since Dated 09.10.2023 to 04.12.2023 after Announcement of State Legislative Assembly Election 2023.

| Earlier Published | Present Amendment in E-procurement Website |
|---|---|
| 1. Bid Start Date and time: 12.10.2023, 17.31 pm (The date and time from which bidders start preparation/ submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) | 1. Bid Start Date and time: 14.10.2023, 17.31 pm (The date and time from which bidders start preparation/ submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) |
| 2. Bid Due Date and time: 23.10.2023, 17.30 pm(The last date & time for submission of bid esponse, after which no bids can be submitted) | 2. Bid Due Date and time: 26.10.2023, 17.30 pm(The last date & time for submission of bid esponse, after which no bids can be submitted) |
| 3. Bid Open Start Date and time 25.10.2023, 11.30 am (The date of opening of Envelop -A&B online) | 3. Bid Open Start Date and Time: 27.12.2023, 11.30 am (The date of opening of Envelop -A&B online) |

All other terms conditions will remain be unchanged.

Executive Engineer
Water Management Dn., Rudri,
Code No. 38
For Chief Engineer,
Mahanadi Project, Raipur (C.G.)

G-06379

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )

**ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना**

1350/ई-टेण्डर/लोक-11/2023-24 — राजनांदगांव दिनांक 13/12/2021

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रू. में | निविदा ऑन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150044 | Construction of Toilet Block Type-2 (5 Seater) Aspirational Toilet at Pendri Medical College Hospital Campus as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion | 16.92 | 03.01.2024 |
| 2 | 150045 | Construction of Toilet Block Type-2 (10 Seater Aspirational Toilet at Near Pushp Vatika Choupati as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion | 28.20 | 03.01.2023 |

उपरोक्ता निर्माण कार्यों को निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, परोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी प्रकार कार संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जादेश वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
राजनांदगाव

## कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.

क्रं.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./ A //1054B/2023, — दिनाक 12.12.2023

**पुनः निविदा विज्ञप्ति**

इकाई में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु सेनानी 4थी वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीक निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल वीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) दश अनुसार कार्य कराये जाने बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रम तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्रं. | कार्य विवरण | स्वीकृति राशि रू. | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन शाखा में बोर खनन, पानी निकासी हेतु नाली, बोर खनन से रैम्प तक पाईप लाईन एवं रैम्प का चौड़ीकरण कार्य। | 5,98,970.00 | 5990.00 |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ-300.00 कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, मा रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर छ.ग. को प्रस्तुत कर दिनाक 26.12.2023 के 17.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि — 26.12.2023 को समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि — 02.01.2024 को समय 15.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि — 02.01.2024 को समय 16.00 बजे तक।

नोट:- 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सेनानी
4थी वाहिनी उसबल
माना, रायपुर छ.ग.

जी-06427

## जिफ के लिए 5 श्रेणियों में नामांकित फिल्मों की दूसरी सूची जारी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आगामी नौ फरवरी से होने वाले विश्व के प्रतिष्ठित फिल्म समारोह जयपुर इंटरेनशनल फिल्म फेस्टीवल जिफ के आयोजकों ने नामांकित फिल्मों की दूसरी सूची शुक्रवार को जारी कर दी। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि पांच दिवसीय जिफ 2024 के लिए पहली सूची में दुनिया भर से 29 देशों की 157 फिल्मों को स्थान मिला था वहीं शुक्रवार को जारी दूसरी सूची में 14 देशों की 62 फिल्मों का चयन हुआ है। जिफ में भारत से 35 और 14 देशों से 27 फिल्मों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि इस सूची में कमाल की फ़िल्में का चयन हुआ है. जो दर्शकों को हंसाने, गुदगुदाने, रुलाने, से लेकर सन्देश देने जागरूक करने और सिनेमा के प्रति उनका आकर्षण बढ़ाएगी।

# नया साल और क्रिसमिस : सबके कदम कश्मीर की ओर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। क्रिसमस और नया साल केवल कुछ ही सप्ताह दूर है, पर गुलमर्ग में होटल पूरी तरह से बुक हैं, जिससे होटल व्यवसायियों, टूर आपरेटरों और पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य लोगों में खुशी है। जबकि सोनमर्ग में 50 प्रतिशत से अधिक होटल पहले ही आरक्षित हो चुके हैं, और होटल व्यवसायियों को आने वाले दिनों में पर्यटकों की भारी आमद की उम्मीद है।

**सोनमर्ग में 50 प्रतिशत से अधिक होटल पहले ही आरक्षित**

कई होटल व्यवसायियों ने पत्रकारों को बताया कि गुलमर्ग के लगभग सभी होटल 15 दिसम्बर से साल के अंत तक बिक जाते हैं। गुलमर्ग होटलियर्स क्लब के अध्यक्ष आकिब छाया के बकौल, हम अच्छे शीतकालीन पर्यटन सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। गुलमर्ग के लगभग सभी होटल बुक हो चुके हैं। गुलमर्ग में होटल हिलटाप चलाने वाले छाया कहते थे कि सुरम्य गुलमर्ग में पिछले चार वर्षों में पर्यटकों की भारी आमद देखी गई है।

उनके मुताबिक, कश्मीर में जी-20 कार्यक्रम के बाद, पर्यटकों की भीड़ बहुत अधिक है। लोग अब कश्मीर का दौरा करके अधिक खुश हैं। उनके शब्दों में 'शांति की भावना' अधिक पर्यटकों को ला रही है।



सोनमर्ग में होटल विलेज वाक के मालिक शहजाद रसूल कहते थे कि वर्तमान में, भले ही 90 प्रतिशत होटल खाली हैं, उन्हें पूर्व आरक्षण के कारण क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर अच्छे पर्यटक प्रवाह की उम्मीद है। विशेष रूप से, अधिकारियों ने इस वर्ष सोनमर्ग को पर्यटकों के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है।

हालांकि, रसूल ने सर्दियों के दौरान आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनमें पानी के पाइपों का जमना और बिजली की समस्या जैसे मुद्दे शामिल हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ कश्मीर (टीएएके) के अध्यक्ष रऊफ तरांबू कहते थे कि यहां तक कि अगर कुछ होटल पिछले साल काम कर रहे थे, तो बाकी इन मुद्दों के कारण काम नहीं कर सके। लेकिन हमें उम्मीद है कि अधिकारी इस सर्दी में पर्यटकों के लिए अच्छी व्यवस्था करेंगे। वे मानते थे कि कश्मीर में पर्यटकों का ग्राफ निश्चित रूप से कुछ साल पहले की तुलना में ऊपर है।

एक होटल व्यवसायी कहते थे कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। गुलमर्ग में होटल पोशवन के मालिक मंजूर अहमद के बकौल, उनके सभी होटलों के कमरे इस महीने की 31 तारीख तक बुक हैं। सरकार ने पर्यटकों के लिए बिजली, पेयजल सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। अगर उनकी बात मानी जाए तो उन्हें कोई समस्या नहीं है और वे यथासंभव अधिक से अधिक पर्यटकों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं।

हालांकि, उन्होंने उल्लेख किया कि वे अभी भी सर्दियों के मौसम के लिए सोनमर्ग में मार्ग खोलने के संबंध में उच्च अधिकारियों से 'हरी झंडी' का इंतजार कर रहे हैं। गुलमर्ग में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ाने के लिए गुलमर्ग होटलियर्स क्लब पर्यटन अधिकारियों के साथ बैठक करने वाला है। विशेष रूप से, गुलमर्ग और सोनमर्ग पर्यटन स्थलों पर एक महीने पहले सीजन की पहली भारी बर्फबारी हुई, जिससे सैकड़ों पर्यटक स्वास्थ्य रिसार्ट्स की ओर आकर्षित हुए।

कश्मीर पर्यटन विभाग के निदेशक राजा याकूब फारूक कहते थे कि उन्होंने अभी तक गुलमर्ग में किसी भी कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया है। वे कहते थे कि हम फैसला करेंगे और इसे मीडिया के साथ साझा करेंगे। जबकि पर्यटन विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि वे क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर कई संगीतमय शामें आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। उनका कहना था कि इस साल भी सोनमर्ग को पर्यटकों के लिए खुला रखने का फैसला किया गया है और इससे सभी को अच्छी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है।

## 'कर्मा कॉलिंग' में नए अवतार में दिखेंगी अभिनेत्री रवीना टंडन

**मुंबई,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'केजीएफ-चैप्टर 2' में अभिनय करने वाली अभिनेत्री रवीना टंडन जल्द ही स्ट्रीमिंग सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में नजर आएंगी। वह इसमें धोखे और विश्वासघात से भरी चकाचौंध और ग्लैमर की दुनिया में इंद्राणी कोठारी की भूमिका निभाएंगी। यह सीरीज अमेरिकी मूल सीरीज 'रिवेंज' पर आधारित है, जो 2011-2015 तक प्रसारित हुई थी।



सीरीज के बारे में बात करते हुए रवीना टंडन ने कहा कि इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है। 'कर्मा कॉलिंग' निश्चित रूप से जो दिखता है, उससे कहीं अधिक है और यह अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता है। इंद्राणी की भूमिका निभाने से मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को और अधिक तलाशने में मदद मिली। यह पहले कभी नहीं देखी गई और पहले कभी नहीं की गई भूमिका है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। रुचि नारायण के साथ सहयोग करना असाधारण रहा है। निर्देशक रुचि नारायण ने कहा कि कर्मा कॉलिंग बेहद अमीर और संपन्न कोठारी परिवार और उनकी दुनिया में उनके इर्द-गिर्द रची गई साजिशों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सीरीज में भव्यता और ग्लैमरस दृष्टिकोण है, जिसकी कहानी बदला, धोखे, विश्वासघात को बुनती है और कोठारी परिवार के अनुभवों को भी दर्शाती है।

## शाहरुख ने सुहाना खान को स्विमिंग करने के लिए लगाई थी डांट

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने उस घटना को याद किया जब शाहरुख खान ने अपनी बेटी सुहाना को तैराकी के लिए जिद करने पर डांटा था। सुहाना ने क्विज-आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 15' के मंच पर निर्देशक जोया अख्तर और फिल्म 'द आर्चीज' के अन्य स्टार कलाकारों- अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, वेदांग रैना, डीओटी, मिहिर आहूजा और युवराज मेंडा के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। गेम शो के विशेष सेगमेंट के दौरान, एक प्रशंसक ने सुहाना से पूछा, 'आपके माता-पिता में से सबसे अच्छे और सख्त कौन हैं?'सुहाना ने कहा कि दोनों बहुत अच्छे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मेरी मां थोड़ी सख्त हैं। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने कहा कि मुझे लगता है कि शाहरुख ज्यादा सख्त हैं।



### सुहाना ने पूछा- 'क्यों?'

'ब्रह्मास्त्र' फेम अभिनेता ने फिर बताया कि आप बहुत छोटे थे, जब मैं एक दिन शाहरुख से मिलने आपके घर गया था। हमारी एक बैठक हुई थी। आपके घर में एक नया स्विमिंग पूल बनाया गया था, जब मैं गया, शाहरुख और मैं स्विमिंग पूल के बगल में खड़े थे। 81 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि आप आए और कहा कि आप तैरना चाहती हैं। शाहरुख ने कहा कि नहीं, आप नहीं तैरेंगी। मैंने उनसे आपको जाने देने के लिए कहा। उन्होंने कहा नहीं, और आपको वापस जाने के लिए कहा। उस दिन के बाद से, मुझे लगा कि आपके पिता अधिक सख्त हैं। मुझे अभी भी वह घटना याद है।

सुहाना ने कहा कि मुझे लगता है कि यही एकमात्र मौका रहा होगा, जब उन्होंने ना कहा होगा। बिग बी ने कहा कि उन्होंने तुम्हें डांटा था, सुहाना चौंक गईं और बोलीं, मुझे डांटा? 'पीकू' अभिनेता ने तब कहा कि हां, आपने उन्हें इस बारे में परेशान किया था। सुहाना ने साझा किया कि सर, मुझे याद नहीं है। बिग बी ने कहा कि ठीक है, मुझे खुशी है कि आप भूल गए, जब शाहरुख शो देखेंगे तो उन्हें इसकी याद आ जाएगी।

## मेरी पहली फिल्म की शूटिंग के दौरान मुझे जान्हवी का सपोर्ट मिला : खुशी कपूर

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर ने टीन म्यूजिकल ड्रामा 'द आर्चीज' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है। उन्होंने अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग के एक्सपीरियंस के बारे में बताया कि कैसे उन्हें अपनी बड़ी बहन जान्हवी कपूर से सपोर्ट मिला। खुशी ने निर्देशक जोया अख्तर और अन्य स्टार कलाकारों अगस्त्य नंदा, सुहाना खान, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, डॉट और युवराज मेंडा के साथ क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 15' के स्टेज की शोभा बढ़ाई।

मेगास्टार और होस्ट अमिताभ बच्चन ने खुशी, वेदांग और डॉट का हॉट सीट पर स्वागत किया। एक बातचीत में बिग बी ने कहा कि देवियों और सज्जनों, मैं आपको बता दूं कि खुशी, श्रीदेवी की बेटी हैं। खुशी, मुझे नहीं लगता कि एक्टिंग करना आपके लिए मुश्किल था क्योंकि आप इसी माहौल में बड़ी हुई हैं। आप फिल्म निर्माण की आदी हैं लेकिन फिर भी, जब आपको पहला ऑफर मिला तो कैसा महसूस हुआ?

खुशी ने कहा कि मैं काफी नर्वस हुई थी, लेकिन जब हम ऊटी में शूटिंग कर रहे थे तो मेरी बहन जान्हवी मुझसे मिलने आईं। मुझे उनका सपोर्ट मिला। जब मैं घबरा जाती थी तो वह मुझसे कहती थी, शांत रहो। आपको यहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जान्हवी मुझसे रोजाना बात करती थी इसलिए मुझे आराम महसूस होता था। लेकिन मुझे लगता है कि बचपन में मैं सेट पर मां और पापा के साथ खेला करता था। अपनापन तो था लेकिन फिर भी डर लग रहा था। लोगों ने हमारा सपोर्ट किया इसलिए यह सुचारू रूप से चला। बिग बी ने कहा, बहुत बढ़िया, खुशी... खुशी फिल्म निर्माता बोनी कपूर और श्रीदेवी की छोटी बेटी हैं। उनके सौतेले भाई एक्टर अर्जुन कपूर हैं।

## इंस्टाग्राम का नया एआई एडिटिंग टूल प्रांप्ट के जरिए इमेज बैकग्राउंड को करेगा एडिट

**सैन फ्रांसिस्को,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम ने 'बैकड्रॉप' नाम से एक नया एआई मीडिया एडिटिंग टूल लॉन्च किया है, जो आपको स्टोरीज के लिए प्रांप्ट के जरिए अपनी पसंद की इमेज बैकग्राउंड को एडिट करने देगा। कंपनी ने सबसे पहले इस फीचर को अमेरिका के यूजर्स के लिए लॉन्च किया है। जेनरेटिव एआई अहमद अल-दहले के लिए मेटा की लीड थ्रेड्स में पोस्ट किया गया कि हमारा एआई मीडिया एडिटिंग टूल बैकड्रॉप अमेरिका में इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है! बैकड्रॉप के साथ, आप अपनी स्टोरी के लिए एक पूरी तरह से नई इमेज बनाने के लिए बस कुछ टैप और 'चेस बाय डायनासोर' या 'सराउंडिंग बाय पप्पी' जैसे प्रांप्ट के साथ इमेज बैकग्राउंड की फिर से कल्पना कर सकते हैं।

शुरुआत करने के लिए आपको नई स्टोरी के टॉप पर 'बैकड्रॉप' बटन पर टैप करना होगा। अल-दहले ने कहा कि एक बार पोस्ट करने के बाद, जब आप बनाई गई इमेज शेयर करेंगे तो 'ट्राई इट' स्टिकर दिखाई देगा, जिससे आपके दोस्तों के लिए पहली बार नए एआई एडिटिंग का इस्तेमाल करना और भी आसान हो जाएगा। इस बीच, इंस्टाग्राम अपने क्लोज फ्रेंड्स फीचर को स्टोरीज और नोट्स से आगे फीड पोस्ट और रील्स तक बढ़ा रहा है।

अब यूजर्स रील्स और फीड पोस्ट को सभी फॉलोअर्स की बजाय एक छोटे, ज्यादा विश्वसनीय ग्रुप के साथ शेयर करने में सक्षम होंगे। कंपनी ने कहा कि लोग क्लोज फ्रेंड्स का उपयोग उन लोगों से जुड़ने के लिए प्रेशर-फ्री स्पेस के रूप में करते हैं जो सबसे महत्वपूर्ण हैं।

डेवलपर्स को उम्मीद है कि रील्स और फीड पोस्ट में क्लोज फ्रेंड्स ऑप्शन का विस्तार करने से यूजर्स के पास इंस्टाग्राम पर आपके सबसे प्रामाणिक होने के और अधिक तरीके होंगे।

## अभिनेता श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा

**मुंबई,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े को गुरुवार शाम दिल को दौरा पड़ने के बाद मुंबई के अंधेरी इलाके के बेलेव्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता श्रेयस की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों के उनकी एंजियोप्लास्टी करने करने की बात कही। उन्होंने बताया कि अब उनकी हालत स्थिर है। श्रेयस को गुरुवार की शाम को दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।



अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि श्रेयस की कल रात 10 बजे एंजियोप्लास्टी की गई। उन्होंने कहा एंजियोप्लास्टी सफल रही और उनकी हालत स्थिर है।

गौरतलब है कि श्रेयस तलपड़े मुंबई में अपनी शूटिंग के बाद दिल का दौरा पड़ने से बेहोश हो गए थे। कल शाम 'वेलकम टू जंगल' की शूटिंग के बाद बेचैनी की शिकायत पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## हेलीकॉप्टर से विदा हुई दुल्हन, उमड़ी भीड़



**रबूपुरा,**15 दिसम्बर (देशबन्धु)। गांव रौनीजा में शुक्रवार को एक किसान की बेटी हेलीकॉप्टर में विदा हुई। ग्रामीण क्षेत्र में दुल्हन को लेने आए हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अनेकों ग्रामीण एवं अन्य लोगों ने सेल्फी लीं। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव रौनीजा निवासी बलबीर आजाद की भतीजी निशा की शादी दादरी कोतवाली के भोगपुर केमराला गांव निवासी सचिन पुत्र सूरजपाल सिंह के साथ तय हुई थी। लड़का पक्ष की तरफ से दुल्हन ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए रौनीजा गांव के बाहर खेत में हेलीकॉप्टर उतरने के लिए अस्थाई हैलीपेड बनाया गया था। शुक्रवार को हेलीकॉप्टर करीब साढ़े तीन बजे गांव पहुंचा। तब तक वर वधू पक्ष द्वारा शादी की सभी रस्में पूरी कर ली गई थीं। करीब सवा चार बजे हेलीकॉप्टर दुल्हन को विदा करा भोगपुर के लिए रवाना हो गया। दुल्हन बनी निशा व अन्य परिजन हेलीकॉप्टर से विदा होने को लेकर बेहद उत्साहित दिखे। गांव में आए हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा तथा सेल्फी लेने के लिए होड़ मच गई। हालाकि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों ने वर वधू पक्ष के लोगों के अलावा अन्य लोगों को दूर ही रोक दिया।

## अकेला होना और अकेलापन महसूस करना एक नहीं



- 75 प्रतिशत से ज्यादा समय अकेले बिताना खतरनाक
- अकेलेपन का कारण, प्रभाव और निदान

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में आदमी अकेलेपन का शिकार हो रहा है, यहां किसी के पास किसी के लिए वक्त नहीं है,' ऐसे जुमले आपने खूब सुने होंगे। लेकिन यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना की एक नई रिसर्च अलग ही कहानी बयां कर रही है। यह रिसर्च बताती है कि अकेले होना और अकेलापन महसूस करना दो अलग-अलग घटनाएं हैं। दोनों में सिर्फ 3 प्रतिशत का ही को-रिलेशन होता है। इसका मतलब यह हुआ कि दोस्तों के बीच, बड़ी फैमिली में रहने वाला शख्स भी अकेलेपन का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, अकेले रहने वाला कोई शख्स भी अपनी ही कंपनी में खुशी और भरा-पूरा महसूस कर सकता है।

'मैं फलां जरूरी काम कर रहा हूं, अभी मुझे अकेला छोड़ दो,' कामकाजी लोग घर के बच्चे या अपने पार्टनर से कई बार ऐसी बातें कहते हैं। कोई जरूरी काम करना हो या कुछ जरूरी चिंतन-मनन करना हो तो लोग अकेले रहना पसंद करते हैं। लेकिन कितने वक्त तक अकेले रहना ठीक है और कब यह अकेलापन नासूर बन जाता है। जब जिंदगी में कुछ कमी सी लगे और किसी और के साथ की जरूरत महसूस होने लगे। यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के रिसर्चर्स ने पाया कि अकेले रहने का अकेलापन महसूस करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। लेकिन अगर अकेले बिताया जाने वाला समय 75 प्रतिशत से ज्यादा हो तो दोनों में गहरा संबंध हो सकता है। ऐसी स्थिति में अकेलापन खतरनाक रूप ले सकता है।

### अकेलेपन से सिर्फ मन ही नहीं, हार्ट और ब्लड प्रेशर की भी समस्या

जिंदगी के हर कदम पर किसी का साथ मिलता रहे तो मन लगा रहता है। लेकिन 'साथ मिलना' सिर्फ मन लगाने या दिल बहलाने के लिए ही नहीं, बल्कि अच्छी सेहत के लिए भी जरूरी है। अकेलापन मन के साथ-साथ तन को भी कई तरह से बीमार कर सकता है।

### कॉग्निटिव डिक्लाइन यानी मस्तिष्क की कार्यक्षमता का घटना

डिप्रेशन, हार्ट प्रॉब्लम, हाई ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, मोटापा, कमजोर इम्यून सिस्टम, अल्जाइमर

नई रिसर्च बताती है कि तन्हाई और लोगों की मौजूदगी का संबंध उतना बड़ा नहीं है, जितना हम मानते आए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर वह कौन सी चीज है, जो एक जैसी परिस्थितियों में किसी को तन्हा तो किसी को मस्त रखती है।

## एक्सपो में स्कूली छात्रों ने पेश किए मॉडल, श्रेष्ठ मॉडल को मिला पुरस्कार



**ग्रेटर नोएडा,**15 दिसम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज में शुक्रवार को इवोल्यूशन एक्सपो-23 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ओएसडी (उद्योग) विशु राजा ने फीता काट कर इवोल्यूशन एक्सपो का शुभारंभ किया। इस दौरान सेंड हुड कान्वेंट स्कूल दादरी, श्रीराम कान्वेंट पब्लिक स्कूल कासना, किसान इंटर कॉलेज भट्टा पारसौल, ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल सिरसा ग्रेटर नोएडा, ईश्वर चंद इंटर कॉलेज छपरोला, आईजी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, दादरी पब्लिक स्कूल आम्रपाली इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल दादरी, सहित 44 स्कूली छात्रों व आईआईएटी कॉलेज समूह के छात्रों ने भी ने कई प्रकार के मॉडल पेश कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान सिंगर ने तेनु काला चश्मा, तेनु काला चश्मा, तेनु काला चश्मा जचदा ऐ,जचदा ऐ गोर मुखड़े ते सहित कई गानों पर परफार्मेंस दी।



कार्यक्रम के अंत में विजेताओं के नाम घोषित किए गए जिसमें रौबेटिक आर्म बनाने वाले ईश्वर चंद इंटर कॉलेज छपरोला को प्रथम स्थान, वोमन सेफ्टी सूज बनाने वाले इंटर कॉलेज सूरजवाली सलेमपुर बुलंदशहर दूसरा व डिजिटल इंडिया का मॉडल बनाने वाले दादरी पब्लिक स्कूल दादरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ ही आईआईएमटी कॉलेज के बीटेक छात्र राम, आशीश मोर्य का पहला, विभा कुमारी को दूसरा और बीसीए व पॉलिटेक्निक अंशुल कुमार और विवेक चौधरी को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान ओएसडी विशु राजा ने कहा कि इस तरह के मंच से छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होता है। वहीं कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयक अग्रवाल ने कहा कि पिछले कई साल से इस तरह के प्रोग्राम कर रहे है ताकि छात्रों के बीच कंपटीशन हो जिससे देश के विकास के लिए नए-नए वैज्ञानिक बने।

# अभिमत

*अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।*

## उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले



डॉ.अजीत रानाडे

**यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।**

सरकार ने इस साल 30 नवंबर को जुलाई से सितंबर तक की अवधि यानी दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रकाशित किए। इन्हें राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन का त्वरित अनुमान कहा जाता है। वे आउटपुट संख्याओं के दो व्यापक सेट अर्थात सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिए प्रदान किए जाते हैं। पहला सेट प्रत्येक व्यक्तिगत उत्पादक या क्षेत्र अथवा उद्योग द्वारा अर्थव्यवस्था में जोड़े गए मूल्य का एक उपाय है। यह निश्चित रूप से सभी उत्पादकों में मापा जाता है, चाहे वे किसान हों, छोटे उद्यमी हों या बड़ी कंपनियां। जीवीए इस प्रकार इनपुट को आउटपुट में परिवर्तित करने में जोड़े गए मूल्य को मापता है। उत्तरार्द्ध यानी जीडीपी एक निश्चित अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है जो वार्षिक जीडीपी या त्रैमासिक जीडीपी हो सकता है। इसे तीन अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है- या तो सभी उत्पादन के मूल्य के रूप में अथवा सभी व्यय के या सभी आय के। तीनों एक ही परिणाम देते हैं क्योंकि जो बेचा जाता है उसका कुल मूल्य उन लोगों की आय का भी प्रतिनिधित्व करता है जो बेचे जाते हैं। जीवीए और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर भुगतान किए गए करों या प्राप्त सब्सिडी का है। आम तौर पर जीडीपी हमेशा जीवीए से अधिक होती है क्योंकि सरकार वास्तविक कर लगाती है जिसका संग्रह सब्सिडी से अधिक होता है।

चालू मूल्य पर जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए मापी गई जीडीपी 72 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि में 66 लाख करोड़ रुपये थी। इस ओर पिछले वर्ष की समान दो तिमाहियों के लिए जीवीए क्रमश: 64 और 59 लाख करोड़ था। इस तिमाही दर पर चालू कीमतों पर वार्षिक जीडीपी चालू वित्त वर्ष के दौरान 300 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दस साल पहले 2012 की तुलना में तीन गुना या 200 प्रतिशत अधिक होगा।

जीडीपी और जीवीए के लिए बढ़ती कीमतों के असर को हटाकर इन्हीं आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। ऐसे में जब पिछले चार साल से मुद्रास्फीति औसतन पांच प्रतिशत के करीब है, मौजूदा कीमतों पर मापा जाने वाला जीडीपी या जीवीए में वृद्धि 'वास्तविक' तस्वीर नहीं है क्योंकि इसमें 'बढ़ा-चढ़ाकर' बताया जाना वाला घटक भी है। मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटा दें तो दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो पिछले साल की 6.2 फीसदी से ज्यादा है। यह काफी प्रसन्नता की बात है।

अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।

इसलिए हमें तीन चीजों की जांच करने की जरूरत है। सबसे पहले तो इस सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कौन से घटक प्रेरित कर रहे हैं। दूसरा, क्या यह मध्यम से लंबी अवधि में टिकाऊ है और तीसरा, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के लाभ लोगों के विभिन्न वर्गों, उनकी आजीविका, आय और रोजगार के संदर्भ में लाभ के रूप में क्या बदलाव आ रहे हैं।

पहले सवाल का जवाब यह है कि उपभोक्ता खर्च की तुलना में सरकार का खर्च और निवेश खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है। ध्यान रखें कि सरकारी खर्च 10 प्रश और निवेश खर्च (जिसे पूंजी निर्माण भी कहा जाता है) 30 फीसदी बढ़ा है। बाकी का खर्च उपभोग खर्च है जो खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा है। वर्तमान में शुद्ध निर्यात मुश्किल से 1 या 1.5 प्रतिशत है। गत वर्ष की तुलना में जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च 19 फीसदी की दर से बढ़ा। इस तिमाही में यह 7 लाख करोड़ रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5.9 लाख करोड़ था। इसी तरह, निवेश खर्च पिछले साल की तुलना में 13 प्रति सैकड़ा बढ़कर 21.5 लाख करोड़ हो गया जो पिछले साल 19.1 लाख करोड़ था। स्पष्ट रूप से ये दोनों एक शानदार गति से विकास दर को चला रहे हैं। दूसरी ओर, उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में सिर्फ 8 प्रति सैकड़ा बढ़ा। ये सभी नाममात्र के आंकड़े हैं जिन्हें मुद्रास्फीति और बढ़ती कीमतों के प्रभाव के लिए समायोजित नहीं किया गया है।

यदि आप मुद्रास्फीति के लिए सही आंकलन करते हैं तो उपभोक्ता खर्च केवल 3 प्रतिशत के आसपास बढ़ रहा है और यह सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत बनाता है। यदि मध्यम अवधि में वास्तविक जीडीपी वृद्धि की गति को 7 फीसदी बनाए रखना है तो उपभोक्ता खर्च घटक को 6 या 7 प्रतिशत के करीब बढ़ना होगा। इसका मतलब है कि जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान यह (वास्तविक रूप में) जिस दर से बढ़ी है, उसे दोगुना करना। यदि रोजगार, मजदूरी और खुदरा ऋणों में अनुरूप वृद्धि होती है तो उपभोक्ता खर्च की गति को बनाए रखा जा सकता है। खुदरा ऋणों में आवास ऋण शामिल हैं जो विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकते हैं। उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता भावना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है क्योंकि लोग विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च में कटौती करते हैं। निवेश खर्च बढ़ रहा है जो एक बहुत अच्छा संकेत है। इसमें निजी पूंजीगत खर्च का एक बढ़ता हुआ घटक होना चाहिए और इसे केवल बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं होना चाहिए। राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने वाली सरकार घाटे की स्थिति से बाधित है इसलिए इसे नियंत्रित करने की जरूरत होगी। छमाही आधार पर वर्तमान कीमतों पर जीडीपी का सरकारी घटक 9 प्रतिशत बढ़ा जो उपभोक्ता खर्च घटक की तुलना में थोड़ा अधिक है। फिर भी, हम 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के करीब आ रहे हैं इसलिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने की संभावना है जो जीडीपी विकास को अतिरिक्त ताकत प्रदान करेगा।

यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है। जहां तक तीसरे सवाल की बात है कि विकास के लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक कैसे पहुंच रहे हैं, हमें सर्वेक्षणों के माध्यम से अधिक सूक्ष्म आर्थिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा बढ़ती रोजगार संख्या और उच्च श्रम बल भागीदारी दर का संकेत दे रहा है। वास्तविक मजदूरी दरों में वृद्धि की पुष्टि करने की आवश्यकता है।

चूंकि उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की वर्तमान दर कम है, तो इसका अर्थ है कि भले ही मजदूरी बढ़ रही हो किन्तु श्रमिकों की आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रही है। आरबीआई उपभोक्ता भावना सर्वेक्षण भी एक उपयोगी गाइड है। यहां भी मुद्रास्फीति की उम्मीद कम होने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में बचत का अनुपात बहुत अधिक होता है इसलिए उपभोक्ता खर्च में निरंतर वृद्धि के लिए सभी आय श्रेणियों में विकास के लाभ की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा मुद्दा है जिसे हमें देखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के बारे में आ रहे समाचार बेहतर हो रहे हैं और यह जरूरी है कि आर्थिक नीति यह सुनिश्चित करे कि विकास प्रक्रिया वास्तव में समावेशी हो।

***(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)***

## बीता सप्ताह

**9 दिसंबर**
- पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की संसद की सदस्यता खत्म कर दी गई।
- मिजोरम में कांग्रेस के लालदुहोमा नए मुख्यमंत्री बनेष।
- इसरो को मिली बड़ी उपलब्धि। आदित्य एल-1 ने खींची सूर्य की पहली फुल डिस्क तस्वीरें।
- रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

**10दिसंबर**
- बस्तर में भाजपा नेता कोमल माझी का नक्सलियों ने की हत्या।
- अदालतों में पाक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत अपराध के 2,43 लाख मामले लंबित पड़े हैं।
- तेलंगाना सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की शुरुआत की।
- राजधानी दिल्ली दुनिया के प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2022 में हुआ खुलासा।

**11 दिसंबर**
- आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बने।
- छत्तीसगढ़ के जांजगीर में सड़क हादसे में बारात से लौट रहे बाराती व दूल्हा-दुल्हन सहित पांच लोगों की मौत हो गई।
- बसपा की सुप्रीमो नेत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित किया।
- छत्तीसगढ़ रायपुर के एयरपोर्ट में एक यात्री से एक करोड़ से अधिक का सोना जब्त किया गया।

**12 दिसंबर**
- मोहन यादव मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री चुने गए गए।
- सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला बरकरार रखा।
- अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली ने संभाली सत्ता।
- ब्रिटिश शिक्षाविदों ने वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का आह्वान किया।

**13 दिसंबर**
- विधायक भजनलाल शर्मा पहली बार बने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री।
- विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में वियना शीर्ष पर व बेंगलुरु से हैदराबाद आगे।
- छत्तीसगढ़ के नवापारा राजिम में सड़क हादसे में पिता सहित दो मासूम पुत्रियों की मौत हो गई।
- पोलैंड में संसद ने डोनाल्ड टस्क को नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना।
- जापान में सबसे अधिक बुजुर्ग महिला 116 वर्षीय फुसा तात्सुमी का निधन हो गया।

**14 दिसंबर**
- आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद एवं अरुण साव ने उपमुख्यमंत्री पर दी शपथ ली।
- संसद में सुरक्षा को सेंध लगाते हुए दर्शक दीर्घा से स्मोक बम लेकर कूदे दो युवक। सासंदों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले।
- मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- संसद में 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई।

**15 दिसंबर**
- 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा चूक को लेकर हंगामा किया गया। 14 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित किए गए।
- छत्तीसगढ़ के प्रदेश कांग्रेस से महंत रामसुंदर दास महंत ने इस्तीफा दिया।
- भजनलाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह विवादित स्थल का सर्वे कराने का आदेश दिया।
- महाराष्ट्र की 26 वर्षीय स्मीतल ढाके एक डेटा वैज्ञानिक ब्रिटेन में 2023 का रेल स्टॉफ अवार्ड में न्यूकमर ऑफ दि इयर का पुरस्कार जीता।

## नेपाल के साथ व्यापार संबंधों में भारत की ढिलाई से चीन को फायदा

■ आशीष विश्वास

नेपाल चाहता है कि भारत द्विपक्षीय सड़क विकास परियोजनाओं में सहायता प्राप्तकर्ता देश के रूप में 50 फीसदी भारतीय वस्तुओं के अनिवार्य उपयोग/खरीद की सीमा को घटाकर 30 फीसदी कर दे। नेपाल सरकार (जीओएन) के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले यह मांग उठाई थी, लेकिन भारत ने अभी तक आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। चाहे जो हो, नेपाली अनुरोध को कुछ अन्य हालिया घटनाक्रमों के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

पूर्व हिमालयी साम्राज्य ने पूरी तरह से चीन द्वारा वित्त पोषित होने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिजली आपूर्ति परियोजना को अंतिम रूप दिया है। यह नेपाल के बिजली उत्पादन/आपूर्ति क्षेत्र में पहली चीन-नेपाली द्विपक्षीय परियोजना होगी।

इस क्षेत्र में, नेपाल पहले से ही दिल्ली की वित्तीय मदद और विशेषज्ञता के साथ, एक दर्जन बड़े निवेश वाली जलविद्युत उत्पादन परियोजनाओं में भारत के साथ साझेदारी कर रहा है। इनमें से कुछ वर्तमान में निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

जाहिर तौर पर नेपाल अब ऐसे मामलों में एकल-स्रोत निर्भरता को दूर करने के लिए अन्य देशों को भी शामिल करते हुए अपने बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने हेतु अतिरिक्त सहायता का उपयोग करना पसंद करता है।

> **भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है।**

पर्यवेक्षकों का मानना है कि भारत के साथ कभी-कभार होने वाले राजनयिक तनाव और पहली बार एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान 2015 में नेपाल द्वारा झेली गई दुर्भाग्यपूर्ण आर्थिक नाकेबंदी के दौरान इसके कड़वे अनुभव ने देश के नीति निर्माताओं को अपने क्षेत्रीय राजनयिक विकल्पों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति के रूप में, चीन का आर्थिक दबदबा और अन्य दीर्घकालिक लाभों की संभावना इतनी आकर्षक थी कि काठमांडू के वर्तमान सत्ता अभिजात वर्ग द्वारा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था।

चीन की ओर झुकाव को उस नकारात्मक कूटनीतिक कीमत के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है जो भारत को गलत सलाह वाली आर्थिक नाकेबंदी के लिए चुकानी पड़ी है। हालांकि अब तक यह कहने का कोई कारण नहीं है कि चीन ने कूटनीतिक दांव में भारत पर बड़ा स्कोर बना लिया है।

हाल के वर्षों में बीजिंग से पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, नेपाल के लोगों ने अक्सर चीन के राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ भ्रष्टाचार, स्थानीय कानूनों के उल्लंघन, अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट का क्षेत्र के निकट नेपाली भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामलों के लिए विभिन्न परियोजनाओं में काम करने वाली चीनी कंपनियों/एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

सबसे पहले प्रस्तावित बिजली परियोजना को लें। नेपाली मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इसके तौर-तरीकों पर अभी भी चर्चा चल रही है, काम पूरा होने में 3 से 4 साल लगेंगे। उत्तर से 5000 मेगावाट तक की आपूर्ति को संभव करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें बिछाई जायेंगी, 16 किलोमीटर नेपाल के भीतर और बाकी चीन से होकर। इसे जिरोंग-केरुंग-रसुगावाधी-चिलाइम 220 केवी ट्रांसमिशन योजना कहा जाता है। चीन यह धनराशि एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रदान करेगा।

नेपाली प्रधानमंत्री पी.के. दहल की चीन यात्रा के बाद, इस वर्ष सितंबर में परियोजना के पहले संक्षिप्त विवरण को रेखांकित करने वाला एक संयुक्त द्विपक्षीय बयान जारी किया गया था। नेपाल में चिलीम हब में एक सबस्टेशन बनाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यदि आवश्यक हो, तो बढ़ती नेपाली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मामूली पैमाने पर भी तत्काल आपूर्ति शुरू की जा सके।

इस बीच, विस्तृत द्विपक्षीय सड़क/राजमार्ग विकास परियोजनाओं आदि को पूरा करने के लिए आवश्यक कम से कम 50 फीसदी भारतीय-स्रोत वाली वस्तुओं की अनिवार्य खरीद को कम करने के लिए नेपाल के भारत से अनुरोध, इस साल की शुरुआत में आधिकारिक वार्ता के बाद दिल्ली ने बांग्लादेश के लिए हाल ही में रियायत की अनुमति दी थी। भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है। भारत ने अगले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जाने वाली ऐसी परियोजनाओं में लगभग 1 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

जहां तक नेपाल का सवाल है, भारत से इसी तरह की राहत की मांग करने वाले शुरुआती अनुरोध 2014 से किये गये थे और अंतत: भारतीय सामग्री खरीद आवश्यकताओं को 75 से घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया था।

अब जब भारत राजमार्ग/सड़क संबंधी विकास परियोजनाओं में शामिल हो गया है, जिनका कार्यान्वयन मध्यम अवधि से आगे बढ़ जायेगा, जिसमें कम से कम 1.65 अरब डॉलर का खर्च आयेगा, तो नेपाल में यह सुनिश्चित करने का दबाव बढ़ रहा है कि प्रक्रियात्मक और अन्य देरी को न्यूनतम रखा जाये।

वैसे भी, बार-बार आने वाले भूकंप, भूस्खलन और मानव नियंत्रण से परे अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण, नेपाल को अधिकांश बुनियादी ढांचा-संबंधित विकास परियोजनाओं में बड़ी लागत वृद्धि से निपटना पड़ता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील उच्च हिमालयी क्षेत्र अपने आप में किसी भी विकासात्मक गतिविधि के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

कुछ द्विपक्षीय परियोजनाओं में काम पहले ही शुरू हो चुका है, ठेकेदार और संबंधित एजेंसियां मुख्य रूप से खरीदी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों के निर्धारण के कारण भारत की ओर से होने वाली असामान्य देरी की शिकायत कर रही हैं। अक्सर शुरू में निर्धारित किये गये लागत बाजार में उतार-चढ़ाव और भारतीय कानूनों में बदलाव के कारण बढ़ जाते हैं और फिर इसे पुन: बातचीत के बाद संशोधित करने की आवश्यकता होती है। इससे नेपाल में चल रहे निर्माण और अन्य कार्यों में लंबी देरी होती है।

कुछ मामलों में नेपाल में घरेलू आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से उचित मूल्य पर वस्तुओं की तत्काल खरीद की अनुमति देकर ऐसी समस्याओं का बहुत सरल और समय पर समाधान निकाला जा सकता है। काठमांडू स्थित सूत्रों का सुझाव है कि यह एक बड़ी मदद होगी, अगर भारत नेपाल स्थित परियोजनाओं के लिए घरेलू वस्तुओं की अनिवार्य बिक्री को 50 प्रति शत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमत हो जाये।

## राजनीति में जात-बिरादरी

■ प्रमोद भार्गव

मध्यप्रदेश में भाजपा के चुनाव जीतने के बाद मंत्री-परिषद की जिस तरह से गोटियां बिठाई जा रही हैं, उससे साफ है कि भाजपा प्रदेश समेत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और बिहार को जातीय महत्व का संदेश दे रही है। सबसे पहला संदेश राजस्थान की कद्दावर नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को है कि जब 163 सीटों की जीत दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया, तो तुम किस खेत की मूली हो?

मध्यप्रदेश में विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव को बिना किसी विरोध के नेता चुन लिया गया। स्वयं शिवराज ने उनके नाम का प्रस्ताव किया और सांसदी छोड़कर मुख्यमंत्री बनने की कतार में बैठे सभी को समर्थन की विनम्र वाणी उच्चारित करनी पड़ी। यादव के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के साथ ही यह संदेश उत्तरप्रदेश के अखिलेश यादव और बिहार के तेजस्वी और तेजप्रताप यादव को चला गया कि यादवी विस्तार का यह शंखनाद भविष्य में इन दोनों प्रांतों में गूंजने वाला है।

मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद से यूं ही विभूषित नहीं किया गया है। भाजपा के पास मौजूदा वक्त में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार में कोई प्रमुख यादव नेता नहीं है। इस नाम के सहारे इन राज्यों में जो बंसी बजेगी, उसकी धुन से कांग्रेस, सपा, राजद और जनता दल में जो यादव बेचैन हैं, वे भाजपा के प्रति लालायित होंगे। अखिलेश और तेजस्वी के यादवी वर्चस्व को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यह संकट उठाना पड़ सकता है।

> **भाजपा दूरदृष्टि से काम ले रही थी। वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो इन राज्यों में भी मोहन यादव जैसे साधारण यादव कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है।**

मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाना अचरज में जरूर डालता है, लेकिन करीब एक साल पहले जब शिवराज सत्ता विरोधी रुझान से जूझ रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में मोहन यादव का नाम उछला था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बदला नहीं, क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम झेलने पड़ सकते थे। भाजपा यदि प्रदेश में हारती तो कहा जाता कि यह हार मुख्यमंत्री बदले जाने के कारण हुई है। यह आरोप मोहन को तो झेलना ही पड़ता, केंद्रीय नेतृत्व भी इस दोष के दायरे में आता।

बहरहाल मोदी और शाह की जोड़ी ने मध्यप्रदेश में स्थिति सुधारने के लिहाज से बार-बार यात्राएं करके कार्यकर्ताओं को तो सक्रिय किया ही, शिवराज को भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की खुली छूट दे दी। नतीजतन शिवराज ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने की परवाह किए बिना, कई स्रोतों से कर्ज लिया और उसे बांटकर सत्ता हासिल करने की राह आसान कर ली। इसमें सबसे कारगर योजना 'लाडली बहना' रही जिनके भरोसे भाजपा की नैया पार लगी।

चूंकि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना दिया था, इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से ओबीसी कार्ड खेलना जरूरी था। शिवराज की जाति किरार-धाकड़ के बाद प्रदेश में दूसरा बड़ा समुदाय लोधी है। इस समुदाय की उमा भारती मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। प्रहलाद पटेल भी इसी समुदाय से आते हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री और सांसदी से इस्तीफा दिलाकर विधानसभा चुनाव लड़ाया गया। वे जीत भी गए। अतएव शिवराज के बाद ओबीसी के रूप में दूसरी बड़ी दावेदारी उन्हीं की थी, किंतु इस चेहरे की फेंक लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उपयुक्त साबित नहीं हो रही थी, लिहाजा नाम परिवर्तन जरूरी हो गया था।

दरअसल केंद्रीय नेतृत्व उत्तरप्रदेश और बिहार में जातीय लाभ के साथ ऐसा चेहरा देना चाहता था, जो ओबीसी आरक्षण की काट तो लगे ही, कांग्रेस और विपक्षी दलों के जातीय जनगणना के मुद्दे को भी भोथरा साबित कर दे। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी खुद के लिए पिछड़ी जाति का कार्ड अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से खेलने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहे।

दरअसल भाजपा दूरदृष्टि से काम ले रही थी। वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो इन राज्यों में भी मोहन यादव जैसे साधारण यादव कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है। भाजपा का यह कार्ड सफल होता है तो नीतीश कुमार की कुर्सी को चुनौती पेश आ सकती है।

मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर नरेंद्र मोदी ने संघ को भी साधने का काम किया है। बीच-बीच में ऐसी अफवाहें उड़ती रहती हैं कि संघ और भाजपा में दूरियां बढ़ रही हैं। मोहन छात्र रहते हुए 1984 में 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' से जुड़े और 1993 में संघ के रास्ते भाजपा में आ गए। वर्तमान में भी प्रदेश में भाजपा के किसी प्रमुख नेता का मोहन यादव पर बरदहस्त नहीं है। संघ में वे सुरेश सोनी के निकट होने के साथ संघ की नीतियों को आगे बढ़ाने वाले कर्मठ नेता माने जाते हैं, इसीलिए मोदी और शाह की पसंद हैं।

मोहन यादव को महत्व देकर भाजपा ने उत्तरप्रदेश की पिछड़े वर्ग की 54 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश की है। इसमें 20 प्रतिशत यादव समाज के मतदाता हैं। उत्तरप्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं और प्रधानमंत्री बनने का मार्ग यहीं से खुलता है। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। यहां पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 63 प्रतिशत है, जिसमें 14 प्रतिशत यादव बताए जाते हैं। जाहिर है, यादव मतदाताओं को साधने की यह कवायद आम चुनाव में भाजपा को लाभदायी साबित हो सकती है।

जिन जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, वे भी संघ के करीबी होने के साथ-साथ अनुसूचित जाति से आते हैं। इस चेहरे के साथ भी जातीय समुदाय के वोट लुभाने की पहल भाजपा ने की है। दूसरा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को बनाया गया है, जो प्रदेश में बड़ा ब्राह्मण चेहरा हैं। शिवराज मंत्रिमंडल में मंत्री होने के साथ विंध्य क्षेत्र के हर चुनाव में प्रमुख चेहरा रहने वाले शुक्ला जीत की गारंटी भी रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यमंत्री की दौड़ में तो पिछड़ गए, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर बैठ गए। उन्हें नरेंद्र मोदी के करीबी और भरोसेमंद मंत्रियों में गिना जाता है इसलिए चुनाव लड़ने वाले अन्य सांसदों को उन्होंने पीछे छोड़ दिया। तोमर के जरिए भाजपा ने क्षेत्रीय कार्ड भी खेला है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# देश विदेश

## फ़िनलैंड ने रूस के साथ सीमा पार करने वाले बिंदुओं को फिर से कर दिया बंद

**हेलसिंकी,** 15 दिसंबर (एजेंसियां)। फिनिश सरकार ने घोषणा की है कि वह शुक्रवार शाम से 14 जनवरी, 2024 तक रूस के साथ अपनी भूमि सीमा पर क्रॉसिंग पॉइंट को एक बार फिर से बंद कर देगी। समाचार एजेंसी शन्हुिआ की रिपोर्ट के अनुसार, पहले दो सप्ताह के पूर्ण बंद के बाद, फिनलैंड ने गुरुवार को दो दक्षिण-पूर्वी क्रॉसिंग खोल दिए थे। आंतरिक मंत्री मारी रैनटेनेन के अनुसार, शरण चाहने वालों का आगमन तुरंत फिर से शुरू हो गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पूर्वी सीमा पर स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है।

## हंगरी ने यूक्रेन को यूरोपीय संघ की ओर से दी जाने वाली सहायता को मंजूरी देने से किया इनकार

**बुडापेस्ट,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ की



सदस्यता के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति बनने के कुछ ही घंटों बाद हंगरी ने यूक्रेन को झटका देते हुए यूरोपीय संघ की ओर से उसे दी जाने वाली 50 अरब यूरो की सहायता राशि को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। बेल्जियम की ब्रूसेल्स में गुरुवार की वार्ता के बाद हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, 'सात की पाली का सारांश- यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो।' यूरोपीय संघ के नेताओं ने कहा कि सहायता वार्ता अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू होगी। गौरतलब है कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए यूरोपीय संघ और अमेरिका के वित्त पोषण पर निर्भर है। बीबीसी के अनुसार यूरोपीय संघ के नेताओं द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा के साथ सदस्यता वार्ता शुरू करने और जॉर्जिया को सदस्यता प्रदान करने का निर्णय लेने के तुरंत बाद श्री ओर्बन ने यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता राशि को रोकने की घोषणा की। गौरतलब है कि हंगरी का रूस के साथ घनिष्ठ संबंध है और इसने ने लंबे समय से यूक्रेन को यूरोपीय संघ की सदस्यता दिए जाने का विरोध किया है, लेकिन उस कदम पर वीटो का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने शुक्रवार को हंगरी के सरकारी रेडियो के माध्यम से कहा कि उन्होंने अपने यूरोपीय संघ के सहयोगियों को रोकने के लिए आठ घंटे तक संघर्ष किया, लेकिन उन्हें मना नहीं सके। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए यूक्रेन की राह में वैसे भी एक लंबी प्रक्रिया होगी और अगर हंगरी की संसद चाहे, तो इसे होने से रोक सकती है। इस बीच यूक्रेन के लिए दी जाने वाली सहायता राशि पर हंगरी की ओर से अडंगा लगाने लगाए जाने के मुद्दे पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने कहा, 'हमारे पास अभी भी कुछ समय है।

# गाजा में एक और सैनिक की मौत, आंकड़ा 118 पर पहुंचा: आईडीएफ

**तेल अवीव,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में उसका एक और सैनिक मारा गया है, जिससे गाजा में जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से जान गंवाने वाले आईडीएफ के सैनिकों की कुल संख्या 118 हो गई है। आईडीएफ ने मृतक सैनिक की पहचान सार्जेंट प्रथम श्रेणी (रेस.) शाय उरीएल पिज़ेम (23) के रूप में की है। वह 401वीं बख़्तरबंद ब्रिगेड की 9वीं बटालियन में एक टैंक कमांडर था। हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इज़रायल पर एक अप्रत्याशित हमले के बाद से जारी जवाबी कार्रवाई में इज़राइल ने 27 अक्टूबर को गाजा के अंदर एक ज़मीनी आक्रमण शुरू किया था। हमास के हमले में 1,200 इज़राइली मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया। हमास और इज़रायल के बीच संघर्ष शुरू होने के



बाद से 18 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं।

**इजरायली सेना ने गाजा में बंधक बनाए गए दो सैनिकों के शव किए बरामद**

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने दो सैनिकों के शव बरामद कर लिए हैं, जिनका 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद अपहरण कर गाजा ले जाया गया था। एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि मृतकों की पहचान सीपीएल निक बेइज़र (19) और सार्जेंट रॉन शर्मन (19) के रूप में की गई है। इसमें कहा गया, 'आईडीएफ इनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और उनका समर्थन करना जारी रखेगा।' सेना के अनुसार, बेइज़र को हमास के आतंकवादियों ने इरेज़ क्रॉसिंग के पास उसके बेस से बंदी बना लिया था। वह आईडीएफ के गाजा जिला समन्वय और संपर्क में काम कर रहा था, जो गाजा में क्रॉसिंग के माध्यम से परमिट और माल का समन्वय करता है। शेरमन गाजा सीमा के पास अपने सैन्य अड्डे पर थे, जब उनका अपहरण कर लिया गया था। आईडीएफ की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद यह कहा गया कि विशेष बलों ने गाजा में एक और बंधक का शव बरामद किया है, जिसे 7 अक्टूबर को सुपरनोवा उत्सव से अपहरण कर लिया गया था। आईडीएफ के अनुसार, 28 वर्षीय एलिया टोलेडानो का शव सैन्य खुफिया निदेशालय की यूनिट 504 और 551वीं ब्रिगेड द्वारा की गई परिचालन गतिविधि के दौरान बरामद किया गया था। इसमें कहा गया है कि टोलेडानो के शव को इज़राइल वापस लाए जाने और चिकित्सा और रब्बी अधिकारियों द्वारा उसकी पहचान किए जाने के बाद उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है।

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 16 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप घर की बातों पर अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर के इंटीरियर पर आप धन खर्च कर सकते हैं। आज आपको अपने काम में संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - आज नए काम की प्रेरणा मिलेगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन भक्तिमय हो जाएगा। लंबे प्रवास की योजना बनाएंगे। दूर के रिश्तेदारों या दोस्तों से शुभ समाचार मिलेंगे। परेदश जाने की संभावनाएं बनेंगी।

मिथुन - आज का दिन प्रतिकूल है, अत: आज आप हर काम सावधानी से करें। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। गुस्से के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखें।

कर्क - आज का संपूर्ण दिन आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजन से भरा हुआ रहेगा। मित्रों से रोचक भेंट होगी। आनंद-प्रमोद के साधन, वस्त्र इत्यादि की खरीद हो सकती है। प्रणय संबंधों में सफलता मिल सकती है।

सिंह - आज का दिन औसत रहने वाला है। घर में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा। दैनिक कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। शत्रुओं तथा विरोधियों की वजह से परेशानी होगी।

कन्या - आज आप संतान को लेकर चिंतित रहेंगे। मन विचलित रह सकता है। पेट से संबंधित कोई बीमारी या दर्द रह सकता है। विद्यार्थियों का आज दिक्कत आएगी। आकस्मिक खर्च की संभावनाएं हैं।

तुला - आज के दिन आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों के कारण कुछ परेशान रह सकते हैं। माता तथा स्त्री के विषय में चिंता सताएगी।

वृश्चिक - आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों औक स्वजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

धनु - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से निराशा होगी।

मकर - आज आपका प्रत्येक काम सरलता से पूरा होगा। नौकरी और व्यापार के लिए किए प्रयासों से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। आज चोट लगने की आशंका है।

कुंभ - धन के लेन-देन और जमीन-जायदाद के सौदों में आज बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। मानसिक रूप से आज एकाग्र बने रहेंगे। खर्च की मात्रा अधिक होगा। स्वास्थ्य के विषय में ध्यान रखें।

मीन - आज मित्रों से आपको लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी होगा। सामाजिक कामों में अधिक रुचि रहेगी। बड़ों और मित्रों से कोई नए व्यवहार बन सकते हैं। किसी रमणीय स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका में भगोड़ों को 'छिपाने' के आरोप में भारतीय मूल के दो होटल मालिक गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के टेनेसी प्रांत में भारतीय मूल के दो होटल मालिकों को उन भगोड़ों के ठिकाने के बारे में पुलिस से कथित तौर पर झूठ बोलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें उन्होंने अपनी इमारत में छिपने की जगह दी थी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार,



दक्षाबेन पटेल और हर्षिल पटेल, जो मोंटेगल में सुपर 8 और माउंटेन इन के मालिक हैं, दोनों पर 18 जुलाई को एक जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों को झूठी रिपोर्ट देने के लिए बुधवार को आरोप लगाया गया था। मोंटेगल पुलिस विभाग ने कहा कि उनके अधिकारी इलाके में 'नशीली दवाओं की बड़े पैमाने पर आवाजाही' के कारण होटल के पीछे निगरानी कर रहे थे। उन्होंने बालकनी पर दो व्यक्तियों को देखा, जिनके खिलाफ फ्रैंकलिन काउंटी से वारंट जारी किये गये थे। अधिकारियों ने पैदल ही वांछित संदिग्धों का पीछा किया और तुरंत उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के बाद, जांचकर्ताओं ने पाया कि होटल में 'इमारत के कोने पर एक गुप्त कमरा' था और यह निर्धारित किया गया था कि भगोड़े वहीं रह रहे थे।

## वित्तीय वर्ष 2024 के लिए एच-1बी वीजा सीमा तक पहुंचा अमेरिका

**वाशिंगटन,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा कि उन्हें वित्तीय वर्ष 2024 के लिए सबसे प्रतिष्ठित एच-1बी वीजा की अनिवार्य सीमा तक पहुंचने के लिए पर्याप्त संख्या में याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। इसमें 65,000 एच-1बी वीजा नियमित सीमा के साथ-साथ 20,000 एच-1बी वीजा यूएस उन्नत डिग्री छूट शामिल है, जिसे आमतौर पर मास्टर कैप के रूप में जाना जाता है।

गैर-अप्रवासी कार्य वीजा अमेरिकी नियोक्ताओं को एक विशिष्ट अवधि के लिए देश में काम करने के लिए विशेष कौशल वाले विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। बुधवार को एक बयान में, यूएससीआईएस ने कहा कि जिन पंजीकरणकर्ताओं को वीजा कार्यक्रम के लिए नहीं चुना गया, उन्हें अगले कुछ दिनों में उनके ऑनलाइन अकाउंट्स के जरिए नोटिस भेजा जाएगा। हालांकि, संघीय एजेंसी ने कहा कि वह सीमा से छूट वाली याचिकाओं को स्वीकार करना और उन पर कार्रवाई करना जारी रखेगी।

यूएससीआईएस ने कहा, 'वर्तमान एच-1बी कर्मचारियों के लिए दायर याचिकाएं, जिन्हें पहले कैप के खिलाफ गिना गया है, और जो अभी भी अपनी कैप




संख्या बरकरार रखते हैं, उन्हें वित्त वर्ष 2024 एच-1बी कैप से छूट दी गई है।' अनुमान है कि एक साल में दिए जाने वाले एच-1बी वीजा का 75 प्रतिशत हिस्सा भारत के प्रोफेशनल को जाता है, जिन्हें अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक जैसी कुछ सबसे बड़ी अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों के साथ-साथ इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो जैसी आईटी सेवाओं की दिग्गज कंपनियों द्वारा काम पर रखा जाता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सांसदों के निलंबन पर ...

है। वहीं इंडिया गठबंधन पार्टियों के नेताओं ने 13 दिसम्बर को संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर गृह मंत्री अमित शाह को दोनों सदनों में बयान देने की मांग की है। जयराम रमेश ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के इस मुद्दे पर गृह मंत्री ने बयान देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री इस बारे में जो बयान बाहर दे रहे हैं उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिए। जब तक गृहमंत्री दोनों सदनों में बयान नहीं देंगे तब तक दोनों सदनों में कामकाज होने की संभावना बहुत कम है। इस बीच पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि उसका बनाया नया संसद भवन दुनिया में सबसे सुरक्षित इमारत है लेकिन इस घटना के बाद उसका यह दावा भी मजाक बन गया है। उनका कहना था कि कमाल यह है कि संसद पर दो बार हमला हुआ है और दोनों ही बार केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे...

आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए चिज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

स्वास्थ्य मेला और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए कैंप भी- 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी।

शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

वेब पोर्टल से होगी मानिटरिंग- भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा से संबंधित सामग्री इस वेब पोर्टल में साझा की जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ की सूचना इस पोर्टल में होगी। शिविरों में आने वाले आवेदनों के संबंध में भी जानकारी इस पोर्टल में होगी।


**NECC**

| 16.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.85 | 75 | 135 |
| विल्हर | 6.90 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा

दर्जन अंडा 83 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## आज का इतिहास

1707-जापान के माउंट फुजी पर्वत में अंतिम बार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।

1824-ग्रेट नॉर्थ हॉलैंड नहर खोली गयी।

1862-नेपाल ने संविधान को अपनाया।

1889-ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम तथा रानी मेरी ने स्वीकार कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी।

1927-आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन ने न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की।

1929-कलकत्ता (अब कोलकाता) विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की।

1937-भारत के सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों में से एक हवा सिंह का जन्म।

1951-हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गयी।

1958-कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत।

1959-भारतीय राजनीतिज्ञ एच. डी. कुमारस्वामी जिनका संबंध राजनीतिक दल जनता दल (सेक्यूलर) से है का जन्म।

1971-भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।

1985-तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफबीटीआर) की स्थापना।

1991-कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1993-नयी दिल्ली में 'सभी के लिए शिक्षा' सम्मेलन प्रारम्भ।

1994-पलाऊ संयुक्त राष्ट्र का 185वां सदस्य बना।

1999-गोलन पहाड़ी के मुद्दे पर सीरिया-इजरायल वार्ता विफल।

2002-प्रसिद्ध भारतीय महिला क़व्वाल शकीला बानो का निधन।

2004-दूरदर्शन की फ्री टु एयर डीटीएच सेवा 'डीडी डायरेक्ट ' का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

**बयान** *सर्दियों के मौसम में झील प्रवासी पक्षियों का घर बन जाती है*

## प्रवासी पक्षियों का अवैध शिकार रोकने कश्मीर में वेटलेंडों के किनारे लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**जम्मू, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में यह पहली बार है कि वुल्लर संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण (डब्ल्यूयूसीएमए) ने सर्दियों के महीनों के दौरान प्रवासी पक्षियों के अवैध शिकार में लगे लोगों की पहचान करने के उद्देश्य से सदरकोट और एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील, वुल्लर के किनारे विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, सर्दियों के मौसम में झील प्रवासी पक्षियों का घर बन जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में बढ़ती अवैध शिकार विरोधी गतिविधियां प्रवासी पक्षियों के लिए खतरा बन गई हैं।**

जिला वन अधिकारी और डब्ल्यूयूसीएमए बांदीपोरा के प्रभारी, मुदासिर महमूद ने बताया कि विभाग ने वुल्लर झील के प्रमुख स्थानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं, जहां पक्षियों का अवैध शिकार प्रचलित है, जिससे प्रवासी पक्षियों को काफी नुकसान होता है, जिनमें से कुछ को लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इन कैमरों को स्थापित करने के पीछे प्राथमिक उद्देश्य झील की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करना है, जिसका उद्देश्य वुल्लर के आसपास अवैध पक्षी शिकार गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को पकड़ना है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।।इस बीच, स्थानीय निवासियों ने वुल्लर के किनारों पर सीसीटीवी लगाने के कदम का



स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे वुल्लर झील में अवैध शिकार विरोधी अभियान रुकेंगे। निवासियों के एक समूह ने झील के चारों ओर सीसीटीवी लगाने की सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि पक्षियों के अवैध शिकार में लगे व्यक्तियों की कानून के अनुसार सार्वजनिक रूप से पहचान की जानी चाहिए।

इससे पहले, कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने शिकारियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है और वुल्लर झील के आसपास के गांवों से एक दर्जन से अधिक पंट बंदूकें जब्त की हैं। वन सुरक्षा बल बांदीपोरा के उप निदेशक ऐजाज अहमद पजवारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदरकूट, कुल्हामा और गरुरा गांवों से शिकारियों द्वारा वेटलैंड पक्षियों को मारने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 12 पंट बंदूकें जब्त की गईं।

उनके अनुसार, कुछ पक्षी प्रजातियों को मारने के लिए वुल्लर झील में पंट गन के इस्तेमाल के संबंध में एक गुप्त सूचना के आधार पर, शिकार विरोधी टीमों ने कई स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान अब तक 12 पंट बंदूकें जब्त की गईं, हालांकि शिकारी मौके से भाग गए। पंट गन एक प्रकार की अत्यंत बड़ी बन्दूक है जिसका उपयोग वेटलैंड में व्यावसायिक शिकार के लिए बड़ी संख्या में जलपक्षियों को मारने के लिए किया जाता है।

## सुडोकू 6407


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6407



**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6406

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वृ | था | २ क | था | ■ | ■ | ३ वि | ष | ४ पा | न |
| द्धा | ■ | न | ■ | ५ स | र्व | दा | ■ | व | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | मा | ■ | ७ र | हा | स | ८ हा |
| स्था | ■ | म | ■ | ९ धा | त्वि | क | ■ | ■ | मी |
| ■ | १० नि | य | ११ म | न | ■ | ■ | १२ दु | र्ल | भ |
| ■ | र्बा | ■ | ला | ■ | १३ का | फि | ला | ■ | र |
| १४ व | ध | १५ स्थ | ल | ■ | नू | ■ | १६ र | १७ च | ना |
| श | ■ | गि | ■ | १८ अ | नी | १९ ति | ■ | क | ■ |
| २० व | र्जि | त | ■ | न्य | ■ | २१ मि | थ्या | वा | २२ दी |
| ती | ■ | ■ | २५ क | था | सा | र | ■ | ■ | प |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### हमास-इजरायल युद्ध के चलते मिस्त्र के दक्षिण सिनाई में प्रभावित हुआ पर्यटन

**काहिरा,** 15 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से हिंसा फैलने की चिंताओं के चलते, लगभग 20 प्रतिशत आगंतुकों ने मिस्त्र के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक दक्षिण सिनाई प्रांत में अपना आरक्षण रद्द कर दिया है। दक्षिण सिनाई प्रांत में पर्यटन और पुरावशेष मंत्रालय के कार्यालयों के पर्यवेक्षक हुसैन मोहम्मद ने कहा, 'गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष, जो 7 अक्टूबर को शुरू हुआ, ने मिस्त्र में पर्यटन पर काफी प्रभाव डाला है, खासकर ताबा, दाहाब और शर्म अल-शेख शहर के दक्षिण सिनाई शहरों में।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मोहम्मद के हवाले से कहा, 'यह प्रांत, जो मिस्त्र की कुल पर्यटन बुकिंग का 32 प्रतिशत हिस्सा है, इजरायलियों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल हुआ करता था, लेकिन जब से संघर्ष शुरू हुआ, इजरायल से क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें रुक गई हैं।' अधिकारी ने कहा कि एक बार जब मिस्त्र एक सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बहाल कर लेता है, तो यूरोपीय रद्दीकरण कम हो जाएगा।

# खेल जगत

## घुटने की सर्जरी के बाद अच्छा चल रहा है रिहैब : स्टोक्स

**लंदन,** 15 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि अगले महीने होने वाले भारत दौरे से पहले बाएं घुटने के ऑपरेशन के बाद उनकी रिकवरी अच्छी चल रही है। स्टोक्स ने अपने बाएं घुटने की लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान के लिए नवंबर के अंत में सर्जरी करायी थी। घुटने की समस्या के कारण 32 वर्षीय स्टोक्स इस साल आखिरी तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी करने में असमर्थ थे। इसका मतलब यह भी था कि स्टोक्स ने भारत में विश्व कप में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में भाग लिया। सर्जरी होने और रिकवरी प्रक्रिया के साथ, स्टोक्स के 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाले भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद है। हालांकि, इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब ने कहा कि वह गेंदबाजी नहीं करेंगे।



# सूर्य के तेज शतक और कुलदीप के पंजे से भारत ने सीरीज में की बराबरी

- कप्तान मरक्रम व मिलर को छोड़ ताश की ढह गई द. अफ्रीका की पारी
- भारत ने तीन टी20 मैचों की सीरीज में की 1-1 की बराबरी

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कप्तान सूर्य कुमार यादव के तूफानी शतक तथा बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के गेंद से पंजे की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को जोहान्सबर्ग में बृहस्पतिवार देर रात सीरीज के तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 106 रन से हरा कर सीरीज 1-1 से ड्रॉ समाप्त कराई। कुलदीप यादव का भारत के लिए यह चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक था। सूर्य ने इसके साथ ही भारत के ही रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल के दुनिया में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सबसे ज्यादा चार-चार शतक जडने् के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। डरबन का पहला मैच बारिश से धुलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने गुएकबरा का बारिश से प्रभावित दूसरा टी-20 मैच पांच विकेट से जीत सीरीज में 1-0 की बढ़त ली थी। सूर्य कुमार के यादव की कप्तानी में भारत ने अपने घर में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज सूर्य कुमार यादव (100, 56 गेंद, आठ छक्कों और सात चौके) की नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (60, 41, तीन छक्के , तीन चौके) के साथ मात्र 71 गेंदों तीसरे विकेट के लिए 112 रन की अहम भागीदारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन का बड़ा व मजबूत स्कोर बनाया । सूर्य ने पारी और लिजर्ड विलियम्स के आखिरी ओवर की पहली गेंद को ऑन ड्राइव दो रन लेकर मात्र 55 गेंद खेल कर आठ छक्कों और सात चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया, लेकिन उनकी अगली गेंद को उड़ाने के फेर में लॉन्ग लेग पर ब्रिटजकी को कैच थमा दिया और भारत ने अपना पांचवां विकेट 193 पर खोया। अपने 29 वें जन्मदिन के दिन पर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (5/17)और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (2/25) ने स्पिन का जाल बुन आपस में सात विकेट बांट कर दक्षिण अफ्रीका को मात्र 13.5 ओवर में 95 रन पर ढेर कर भारत को बड़ी और शानदार जीत दिलाई। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिह और मुकेश कुमार ने भी एक विकेट चटकाया। कप्तान एडन मरक्रम (25 रन, 14 गेंद, दो छक्के, तीन) तथा डेविड मिलर (35 रन, 25 गेंद, दो छक्के व दो चौके) को छोड़ कर दक्षिण अफ्रीका की पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई।




### शतक खास रहा, यह जीत के काम आया : सूर्य कुमार

क्षेत्ररक्षण करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान मेरे टखने आया खिंचाव अब ठीक है। मैं अब चल पा रहा हूं और यह खिंचाव कोई गंभीर नहीं था। शतक जमाना शानदार रहा और खासतौर पर तब जब यह हमारी टीम की जीत में काम आया। हम बेखौफ क्रिकेट खेलना चाहते थे और इसमें कामयाब रहे। मैं अपनी टीम के खिलाड़ियों के लिए वाकई खुश हूं कि उन्होंने जज्बा दिया। रही बात पांच विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव की तो वह तीन या चार विकेट से कभी संतुष्ट पनहीं होते। पांच विकेट चटका कर कुलदीप ने खुद को जन्मदिन का शानदार तोहफा दिया।

**सच कहूं जो पिच के मिजाज को देखते हुए भारत द्वारा पहले बल्लेबाजी कर बनाए 200 रन के स्कोर को देख कोई बहुत नाखुश नहीं था। जब हम बल्लेबाजी के लिए तो गेंद कुछ रुक कर आ रही थी। जब भारतीय टीम बल्लेबाजी कर रही तो लगा कि उसके बल्लेबाज गेंद को कहीं भी उड़ा सकते हैं : एडन मरक्रमस, कप्तान दक्षिण अफ्रीका**

# मुंबई इंडियंस के नए कप्तान बने हार्दिक पांड्या



मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट के 2024 सीजन के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपना नया कप्तान घोषित किया है। हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने 10 सालों तक मुंबई इंडियंस की कमान संभाली है और पांच बार टीम को चैंपियन भी बनाया।

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि हार्दिक को कप्तान बनाना भविष्य को ध्यान में रखते हुए 2024 आईपीएल सीज़न से पहले उनके महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह घोषणा 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल 2024 खिलाड़ी नीलामी से ठीक पहले हुई है। मुंबई इंडियंस के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख माहेला जयवर्धने ने कहा, मुंबई इंडियंस को हमेशा सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक शानदार कप्तान मिले। अब हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे। हम रोहित शर्मा के नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा है। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। बाद में, रिटेंशन विंडो समाप्त होने के एक दिन बाद 25 नवंबर को मुंबई ने गुजरात से हार्दिक को ट्रेड किया।

यह एक युग के अंत का भी प्रतीक है। रोहित के दस साल तक मुंबई की कप्तानी करने और उन्हें 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में पांच आईपीएल खिताब दिलाने का एक यादगार सफर रहा है। 2013 के आईपीएल सीज़न में रिकी पोंटिंग से और रणनीतिक रूप से तेज होने और खेल की कार्यवाही को दृढ़ता से नियंत्रित करने पर जोर देने के साथ गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण प्लेसमेंट में तेजी से बदलाव करने के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की।

कुल मिलाकर, रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की जिसमें 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए। उनका जीत का प्रतिशत 55.06 रहा। उनके नेतृत्व ने न केवल टीम को अद्वितीय सफलता दिलाई है, बल्कि आईपीएल के इतिहास में सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक के रूप में अपनी जगह भी मजबूत की है। उनके मार्गदर्शन में, एमआई अब तक की सबसे सफल और पसंदीदा टीमों में से एक बन गई।

# दीप्ति का पंजा, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा, 478 रन की हुई बढ़त



नवी मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लिश टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने बल्लेबाजों को चकमा देते हुए (7 रन पर 5 विकेट) हासिल किये, जिससे भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को 136 रन पर समेट दिया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 186 रन बना चुका है। साथ ही भारत की कुल बढ़त 478 रन की हो गयी है।

मैच का दूसरा दिन भारत के पक्ष में रहा। भारतीय टीम जिसने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए थे। उन्होंने 292 रनों की बढ़त हासिल की और फॉलो-ऑन के बजाय बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

भारत की पहली पारी के बाद इंग्लैंड के लिए ब्यूमोंट और डंकली ओपनिंग करने पहुंची। डंकली ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाईं। वे 11 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद ब्यूमोंट भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं रही। उन्होंने 35 गेंदों में 10 रन बनाए। कप्तान हीथर नाइट का भी बल्ला नहीं चला और वो 23 गेंदों में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

हालांकि, नट साइवर ने अच्छी बल्लेबाजी की। उनके बल्ले से इंग्लैंड की ओर से एकमात्र अर्धशतक आया। उन्होंने 70 गेंदों का सामना करते हुए 59 रन बनाए। लेकिन इस विकेट के बाद इंग्लिश टीम की बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकी और इस तरह पूरी टीम 136 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की टीम 35.3 ओवर ही खेल सकी।

इंग्लैंड की पहली पारी में136 रन पर खत्म होने के बाद, अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 42 ओवरों में 186/6 रन बनाए और अपनी बढ़त 478 रनों तक पहुंचा दी।

स्टंप्स के समय, भारत की कप्तान हरमनप्रीत 67 गेंदों पर 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनसे साथ पूजा वस्त्रकर 17 रन बनाकर नाबाद लौटीं। दोनों बल्लेबाजों के बीच सातवें विकेट के लिए 85 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी हुई। इंग्लैंड के लिए, चार्ली डीन ने 4 विकेट लिए, जबकि सोफी एक्लेस्टोन को 2 विकेट मिले।

भारत के पहले दिन 410/7 रन बनाने के बाद दूसरे दिन 19 विकेट गिरे, जिनमें से 16 स्पिनरों ने झटके। यह भारत में महिलाओं के टेस्ट मैच में एक ही दिन में गिरने वाले विकेटों की अधिकतम संख्या है, जो 1995 में इंग्लैंड के खिलाफ जमशेदपुर में एक दिन में गिरे 16 विकेटों से ज्यादा है। पहले सत्र में पांच, दूसरे में आठ और तीसरे सत्र में छह विकेट गिरे।

यह दिन स्पिनरों के दबदबे वाला दिन था और दीप्ति शर्मा से बेहतर कोई नहीं था, जिन्होंने मात्र 7 देकर 5 विकेट लिए।

# बीसीसीआई ने तेंदुलकर के बाद धोनी की जर्सी को किया रिटायर



**नई दिल्ली,** 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एमएस धोनी की नंबर 7 जर्सी को रिटायर करने के फैसले का स्वागत किया है और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की है।

शुक्रवार को बीसीसीआई ने विश्व कप विजेता कप्तान के सम्मान में धोनी की प्रतिष्ठित नंबर 7 जर्सी को रिटायर कर दिया है। अब धोनी का जर्सी नंबर 7 किसी अन्य भारतीय क्रिकेटर की पीठ पर नहीं नजर आएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिन तेंदुलकर के बाद धोनी का जर्सी नंबर रिटायर कर दिया है।

तेंदुलकर के संन्यास के कुछ समय बाद बीसीसीआई ने उनका जर्सी नंबर-10 रिटायर कर दिया गया था। भारतीय क्रिकेटर धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप, 2011 वर्ल्ड कप और 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता था। धोनी ऐसे इकलौते कप्तान हैं, जिनकी अगुवाई में टीम ने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। उनके क्रिकेट में योगदान को यादगार बनाने के लिए बीसीसीआई ने यह फैसला लिया है। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों को इसके बारे में सूचना दे दी है कि वह नंबर-7 जर्सी नंबर नहीं ले सकते हैं।

आईसीसी के नियम के मुताबिक खिलाड़ी एक से 100 के बीच कोई भी जर्सी नंबर चुन सकते हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेटरों के लिए यह विकल्प सीमित हो गए हैं। बीसीसीआई ने कहा, मौजूदा क्रिकेटरों के बीच 60 जर्सी नंबर दिए गए हैं। तो ऐसे में कोई खिलाड़ी साल भर भी क्रिकेट से दूर रहता है, तो हम उसका जर्सी नंबर किसी को नहीं देते हैं। ऐसे में जो खिलाड़ी डेब्यू करेगा, उसके पास 30 के आस-पास में जर्सी नंबर चुनने का अधिकार होगा। पूर्व क्रिकेटर धोनी ने 15 साल से अधिक लंबे करियर के दौरान क्रिकेट की दुनिया में एक लंबे समय तक अपना लौहा मनवाया और उन्हें कैप्टन कूल के नाम से भी जाना जाता है।

## सार संक्षेप

### हार के साथ भारत ने की पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट की शुरुआत

**वालेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को मेजबान स्पेन के खिलाफ 2-3 से हार के साथ की। भारत के लिए गुरजीत कौर (13) और संगीता कुमारी (14) ने एक-एक गोल किया, जबकि स्पेन के लिए सारा बैरियोस नवारो (2), पेट्रीसिया अल्वारेज़ नार्डिज़ (30) और जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा (53) ने गोल दागे। स्पेनिश टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की और उसे अपने प्रयास का इनाम मिला जब सारा बैरियोस नवारो ने खेल के दूसरे ही मिनट में गतिरोध तोड़ते हुए अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद, भारत ने पलटवार करते हुए स्पेन के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। गुरजीत कौर ने इस मौके को गोल में तब्दील करते हुये मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद, संगीता कुमारी ने स्पेनिश रक्षा पंक्ति में सेंध लगाकर भारत को बढ़त दिला दी और पहला क्वार्टर भारत के पक्ष में 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की मजबूत टीम ने वापसी की और पेट्रीसिया अल्वारेज़ नार्डिज़ के गोल की मदद से बराबरी कर ली। स्पेन ने आखिरी क्वार्टर में निर्णायक बढ़त हासिल की जब जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।

### पाकिस्तान के आमिर जमाल ने पदार्पण मैच में छह विकेट झटके

**पर्थ।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पर्थ टेस्ट में अपने पहले ही मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। शाहीन अफरीदी और खुर्रम शहजाद के स्थान पर गेंदबाजी करने आये जमाल ने अनुशासन का परिचय देते हुये 111 रन खर्च कर आस्ट्रेलिया के छह बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जमाल ने अपने तीसरे स्पैल में ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर को आउट किया। शान मसूद के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किये गये जमाल ने टीम प्रबंधन के फैसले को सही करार दिया। दूसरे दिन, जमाल ने अपनी क्षमता दिखाई और एलेक्स कैरी (34) पूर्ण यार्कर गेंद पर बोल्ड आउट किया।

# अहमद शहजाद ने पीसीएल से लिया संन्यास, फ्रेंचाइजी पर लगाए गंभीर आरोप



**इस्लामाबाद** 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बल्लेबाज अहमद शहजाद ने सभी छह फ्रेंचाइजी पर 'जानबूझकर प्रयास' प्रतियोगिता से बाहर रखने का गंभीर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से संन्यास ले लिया है।

शहजाद ने एक बयान जारी कर पीएसएल का हिस्सा नहीं बने रहने के कारणों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें विभिन्न फ्रेंचाइजी से ऑफर मिलने के संकेत दिए। शहजाद ने कहा कि पीएसएल से उनके संन्यास का मतलब यह नहीं है कि वह पूरी तरह से क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं।

शहजाद ने कहा, मैंने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट में लगातार कड़ी मेहनत की है और पीएसएल ड्राफ्ट से ठीक पहले राष्ट्रीय टी20 कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसा लगता है कि मुझे बाहर रखने का एक जानबूझकर प्रयास किया गया है, तब भी जब फ्रेंचाइजी ने अन्य अच्छा प्रदर्शन करने वालों को चुना है। मेरे मुकाबले कम संख्या, लेकिन जब सब कुछ पूर्व-योजनाबद्ध है, तो यह वास्तव में मायने नहीं रखता है। मुझे नहीं पता कि पीएसएल में शीर्ष घरेलू प्रदर्शन करने वालों को लाने की जिम्मेदारी किसकी है। पाकिस्तानी 32 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी बार पीएसएल में 2020 में क्वेटा ग्लैडियेटर्स का प्रतिनिधित्व किया। उस फ्रेंचाइजी के साथ उन्होंने 2019 में पीएसएल ट्रॉफी जीती। 2020 में उनका टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था। उन्होंने सात पारियों में केवल 61 रन बनाए। शहजाद ने कुल मिलाकर 45 पीएसएल मैचों में 120.06 की स्ट्राइक रेट से 1077 रन बनाए हैं और वह टी20आई क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले पाकिस्तानी भी थे।

# भारत के पास स्पेन से पूल मैच की हार का हिसाब चुकाने का मौका

**■ सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास अब स्पेन से पूल सी में मिली 1-4 की हार का हिसाब चुका कर के खिलाफ एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को तीसरे-चौथे स्थान के लिए खेला जाने वाला मैच जीत कर कांसा जीतना का मौका है। पूल सी में पहले स्थान पर रहने वाली स्पेन और दूसरे स्थान पर रही भारत की जूनियर टीमें अपने अपने सेमीफाइनल हार खिताब की होड़ से बाहर होने के बाद अब कांसा जीत खाली हाथ घर जाने से बचना चाहेंगी। वहीं पूल बी में अपने तीनों मैच के साथ क्वॉर्टर फाइनल व सेमीफाइनल भी जीत फ्रांस की जूनियर टीम अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए छह बार चैंपियन रह चुकी जर्मनी की जूनियर टीम के खिलाफ पूल मैच की 2-0 की जीत को फाइनल में भी दोहरा कर नया इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी।

स्पेन ने मौजूदा जूनियर विश्व कप के पूल मैच से सहित भारत से आठ में पांच मैच जीते हैं। भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, जर्मनी से हार कर फाइनल में न पहुंच पाना निराशाजनक है लेकिन हम अब हार को पीछे छोड़ चुके हैं। अब हमारे पास बस स्पेन के खिलाफ मैच के रूप में एक मैच बाकी है और हमारा पूरा फोकस इसमें जीत दर्ज करने पर है।' भारत की जूनियर टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, हम वाकई फाइनल में खेलना पसंद करते लेकिन अब हमारा पूरा फोकस स्पेन के खिलाफ जीत के साथ कांसा जीतने पर है। हम इस कांस्य पदक मुकाबले में अपनी पूरी क्षमता से खेलेंगे। भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने बतौर स्ट्राइकर अनुकरणीय खेल दिखाया है। खासतौर पर प्रतिद्वंद्वी टीम के हमलों के वक्त हड़बड़ी में गड़बड़ी , नाजुक वक्त पर गलती कर हरा या पीला कार्ड लेकर बाहर होने के साथ खासतौर पर जर्मनी और स्पेन की जूनियर टीमों के खिलाफ अहम खिलाड़ियों का बाहर होना और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए सही रणनीति के अभाव में गोल करने से चूका भारत को 13 वें जूनियर विश्व कप में खासा महंगा पड़ा है। भारत की जूनियर टीम को स्पेन से जीतना है मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर बनाने के साथ उन्हें को गोल में बदलना होगा। भारत की जूनियर हॉकी टीम कोच सीआर कुमार के पास पेनल्टी कॉर्नर पर प्रतिद्वंद्वी टीमों की रक्षापंक्ति और गोलरक्षकों की मुस्तैदी से निपट कर उनके किले को भेद कर गोल करने की रणनीति का अभाव नजर आया है। जर्मनी की जूनियर टीम सेमीफाइनल भले ही भारत की जूनियर टीम से 4-1 से जीती हो लेकिन मैच का स्कोर यह नहीं दर्शाता की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में भारत के ड्रैग फ्लिकर रोहित व अमनदीप लाकरा में विविधता का अभाव के साथ कोच सीआर कुमार का अरिजित सिंह हुंदल को न आजमाना समझ से परे रहा है। भारत 2021 के संस्करण में अपने घर में फ्रांस से पूल मैच में 4-5 से तथा फिर कांस्य पदक मुकाबले में 1-3 से हार कर कांस्य पदक जीतने से चूक गया था।

भारत की जूनियर टीम को स्पेन को हरा कर कांसा जीतना है तो उसकी रक्षापंक्ति में सुनील जोजो, आमिर अली, रोहित व अमनदीप लाकरा को डी के भीतर ज्यादा चतुराई से गेंद को बाहर करना होगा साथ ही अरिजित सिंह हुंदल, तीन-तीन गोल करने वाले स्ट्राइकर आदित्ज अर्जुन लालगे और ड्रैग फ्लिकर और रशर रोहित, दो-दो गोल करने वाले कप्तान उत्तम सिंह, सौरभ कुशवाहा के साथ बॉबी सिंह धामी और आक्रामक मिडफील्डर विष्णुकांत सिंह को ज्यादा चतुराई से पूरी ताकत आक्रमण पर झोंकनी होगी।



### सुडोकू 6407 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# लोकसभा चुनाव के लिए शुरू हुआ बैठकों का दौर




- मतदाता सूची में जुड़ेंगे 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम
- मतदान केन्द्रों को किया जाएगा व्यवस्थित
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मांगे सुझाव

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही अब लोक सभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ ही मतदान केन्द्रों को व्यवस्थित करने नये सिरे से बैठकों का दौर शुरू हुआ है। इस संबंध में आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विर्मश किया।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि माप दण्डो के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने तथा जिले के मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में विभिन्न निर्देश दिये गये। इसके अलावा कहा गया कि 1 जनवरी 2024 में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं का नाम सूचीबद्ध करने का कार्य इसी माह में पूर्ण करें क्योंकि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत राज्य में फोटोयुक्त मतदाता सूची में 6 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने व संशोधित किये जायेंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि आगामी 1 जनवरी 2024 के लिए तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके लिए एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाऐगा। इसके अलावा मृत मतदाताओं का पंचनामा कर नाम हटाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ करें। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत ऐसे मतदाता जिनके पास एपिक कार्ड उपलब्ध नहीं है उन्हें बूथ वार चिन्हांकित कर फार्म 8 भरवाने कार्यवाही युद्ध स्तर पर करें। इसके साथ ही बैठक में कहा गया कि अनुभागों का युक्तियुक्तकरण एवं मतदान केन्द्र की वर्तमान सीमाओं में परिवर्तन इस प्रकार करें, कि मतदान केंद्र मतदान क्षेत्र के हिसाब से समायोजित हो जाये तथा मतदाताओं की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होने पर जहां तक संभव हो उसी परिसर में अनुभागवार मतदाताओं को स्थानांतरित कर समायोजित किया जाना चाहिए, लेकिन यदि उसी परिसर में व्यवस्था न हो तो नया मतदान केन्द्र बनाया जा सकता है। बैठक में तहसीलदार एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सड़कों के किनारे खुले में मटन बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**सर्व ब्राह्मण समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जगदलपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क के किनारे संचालित खुलेआम मटन बिक्री दुकानों पर रोक लगाने की मांग करते हुए शुक्रवार को बस्तर संभाग सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया। सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि नगर के कुम्हार पारा, मोती तालाब पारा,आड़ावाल, आसन एवं अन्य क्षेत्र में सड़क के किनारे खुले में मटन बेची जा रही है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित जगह पर ही मांस का विक्रय होना चाहिए। इसी तरह शहीद पार्क के सामने भी मांसाहारी खेलों का संचालन हो रहा है जिसके कारण भी सड़क पर आने जाने वालों को काफी परेशानी होती है इस तरह संचालित होने वाले मांसाहारी ठेलों को भी मुख्य सड़क से हटकर व्यवस्थित किया जाना चाहिए ताकि उनका भी व्यवसाय संचालित हो और आम लोगों को भी परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का ध्यान इस और भी आकर्षित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में लाएं तेजी : आयुक्त

**जगदलपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हेश मंडावी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों का समीक्षा बैठक रख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा अधिकारियों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया । प्रधानमंत्री आवास योजना की बीएलसी घटक के अंतर्गत शहर में 235 अप्रारंभ आवासों को आगामी 15 दिवस के अंदर बीएलसी के घटक की आवास को प्रारंभ करने का निर्देश दिया है ।साथ ही लिंटेल एवम रूफ स्तर तक के 400 आवासों को आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवासों के कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए, साथ ही प्रधानमंत्री आवास की हितग्राहियों को उनके भुगतान के संबंध में किसी भी प्रकार के परेशानी ना हो उस बात का विशेष ख्याल रखें । जिसके तहत सीएलटीसी एवं सर्वेयरों की टीम अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सतत मेहनत करते हुए दिए गए लक्ष्य को हासिल करने का निर्देश दिया है । आयुक्त श्री मंडावी ने एएचपी घटक अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कराई जा रहे कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए वही संबंधित ठेकेदारों को आवास निर्माण कार्य को तय सीमा मे करने हेतु सतत मॉनिटरिंग करते कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया । इस समीक्षा बैठक में कार्यपालन अभियंता ए के तिग्गा,सहायक नोडल अधिकारी अमर सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव से की स्थानीय भर्ती की मांग

**बस्तर संभाग के विधायकों ने की मुलाकात**



**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। बस्तर संभाग में स्थानीय भर्ती को लेकर आज मुख्यमंत्री निवास पहुना रायपुर में कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जगदलपुर विधायक किरणदेव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, दंतेवाड़ा भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता एवं जगदलपुर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संजय पांडेय सहित प्रमुख नेताओं ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी एवं ज्ञापन सौंप कर समूचे बस्तर संभाग के युवा बेरोजगारों के लिए स्थानीय भर्ती समेत ठोस कदम उठाने के लिए मांग किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोदी करेंगे शुभारंभ

**आरंग में एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक**

**आरंग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। देशभर में केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को च्विकसित भारत संकल्प यात्राज्ज का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे ।आरंग में इस यात्रा के सफल आयोजन और क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी डॉ.अतुल विश्वकर्मा ने आरंग विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम डॉ.अतुल विश्वकर्मा ने चविकसित भारत संकल्प यात्राज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का प्रदर्शन वैन ( प्रचार वाहन) के माध्यम से होगा,जिसमें जागरूकता पोस्टर, ऑडियो विजुअल स्क्रीन आदि पहले से ही उपलब्ध रहेंगे और इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकल्प यात्रा की वर्चुअल शुरुआत 16 दिसंबर को करने जा रहे हैं ।यह कार्यक्रम ग्राम व पंचायत स्तर पर 17 दिसंबर से प्रारंभ हो 26 जनवरी तक चलेगा तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड संदेश प्रसारण, हितग्राहियों एवं लाभान्वित के लिए के लिए च्मेरी कहानी मेरी जुबानीज्ज से प्रदर्शित होगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन च्धरती करे पुकारज्ज के द्वारा होगा इसके लिए उन्होंने पंचायत व नगरीय स्तर पर समिति निर्माण, स्व सहायता समूह का योगदान, चलचित्र के माध्यम से जागरूकता, विकसित भारत संकल्प शपथ वीडियो, मोबिलाइजेशन ,ऑन स्पॉट सेवा, हितकारी कैंप , ग्राम सभा बैठक, मीडिया पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से निर्देशों की व्याख्या की। बैठक में प्रमुख रूप से आरंग तहसीलदार राममूर्ति दीवान, नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.के एस. राय,जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन पी कुर्रे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एम एन वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे सहित अन्य विभाग से आये प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**जाने क्या है विकसित भारत संकल्प यात्रा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं।

# पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों का किया जा रहा पंजीयन

**कोण्डागांव**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री विश्कर्मा योजना के तहत् जिले में पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का पंजीयन किया जा रहा है। चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र दिया जाएगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 से 7 दिन का निरूशुल्क आवासीय युक्त प्रशिक्षण भी मिलेगा। जिसमें 500 रूपए प्रति दिन की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपए का अनुदान सहायता भी मिलेगी। इ'छुक हितग्राहियों को पहले चरण में 01 लाख तक और दूसरे चरण में 02 लाख तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जाएगा। इनमें बढ़ई, नाव, बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई बनाने वाले, नाई, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, मालाकार (पुष्प स'जा), धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं। योजना अन्तर्गत पंजीयन हेतु आधार कार्ड एव मोबाईल नंबर तथा बैंक पास बुक के साथ ग्राम पंचायत में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) सेंटर में करा सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव को भाजयुमो जिला महामंत्री ने दी बधाई



**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री बनने पर अरुण साव से मिलकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री राघवेंद्र सिंह गौतम ने बधाई दी। श्री गौतम ने बताया कि कुआकोंडा ब्लाक से बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### नए विधायक चैतराम से लिपिक संघ ने मांगा भवन



**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी से आज सर्किट हाउस में विभिन्न संघ, संगठनों के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का अवसर मिलने पर शुभकामनाएं दी। पदाधिकारियों ने श्री अटामी को अपने विभिन्न मांगों से अवगत भी कराया। इसी क्रम में लिपिक संघ शाखा दंतेवाड़ा के जिलाध्यक्ष एवं ब्लाक, तहसील, एवं प्रान्त के सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यों ने श्री अटामी से मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान लिपिक संघ के भवन पर चर्चा कर भवन की मरम्मत करवाने की भी मांग की गई।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम में नवनिर्मित फुटबॉल मैदान उद्घाटित

**नारायणपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में फीफा स्टैंडर्ड का नवनिर्मित आर्टिफिशियल टर्फ फुटबॉल मैदान का उद्घाटन परम् पूज्यपाद श्रीमत स्वामी गौतमानन्द महाराज के करकमलों द्वारा एवं मुख्य अतिथि नारायणपुर के विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री केदार कश्यप एवं श्री समीर स्वरूप, कार्यकारी निदेशक, रावघाट माइंस भिलाई इस्पात संयंत्र की उपस्थिति में फुटबॉल मैदान का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द ने स्वागत भाषण से सबकू स्वागत किया।



मुख्य अतिथि विधायक केदार कश्यप ने अपने भाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ शासन आश्रम को हर प्रकार के सहयोग के लिए वचन देता है। हमें आशा है भविष्य में इस आश्रम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी निकलकर माँ भारती का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्षीय भाषण में पूज्य गौतमानन्द जी ने नारायणपुर रामकृष्ण मिशन के इस कार्य की सराहना की साथ ही उन्होंने दो घोषणा इस मंच से किया - रामकृष्ण मिशन नारायणपुर की सहयोगी संस्था विश्वास का विलय रामकृष्ण मिशन में हो गया, आगे से यह संस्था रामकृष्ण मिशन के नाम से जानी जाएगी। दूसरा आगामी अप्रैल 2024 से रामकृष्ण मिशन नारायणपुर द्वारा प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद के नाम पर एक आल इंडिया लेवल का फुटबॉल टूर्नामेंट कराया जायेगा जिसका नाम रखा गया है आल इंडिया अंडर-19 स्वामी विवेकानंद गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट। इस टूर्नामेंट में पूरे भारत से बड़े बड़े क्लब और राज्य से टीमें भाग लेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथिवृन्द को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द के किया। इस अवसर पर अन्य साधुवृन्द स्वामी अनुभवानन्द, स्वामी देवनाथानन्द, स्वामी महेशानन्द, स्वामी अलिप्तात्मानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, स्वामी प्रणतपालानन्द, स्वामी अकृतानन्द के साथ अन्य साधुवृन्द और ब्रह्मचारीगण के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, जवाहर दास आश्रम के फुटबॉल कोच, रंजन चौधरी फुटबॉल कोच, मोहनलाल छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक जनरल सेक्रेटरी, अख्तर अली, अजित मेनन, श्रीमती पुष्पलता मांझी, वार्ड पार्षद एवं अन्य अतिथिवृन्द के साथ आश्रम के कर्मचारिवृन्द एवं लगभग 1200 बच्चे शामिल हुए। कुल मिलाकर करीब डेढ़ हजार लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से समस्त पत्रकार बंधुओं को भी माननीय मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बागबाहरा में लोक अदालत का शिविर आज

**बागबाहरा,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में आज 16 दिसंबर शनिवार को लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें पीड़ित पक्ष एवं अपराधी पक्ष दोनों इस न्याय के शिविर में उपस्थित होकर अपने मामले का निराकरण करा सकते हैं। इस लोक अदालत शिविर को लेकर अंचल के लोगों में भारी उत्साह है। वहीं न्यायालीन मामलों से गुजर रहे लोगों को इस शिविर से बहुत बड़ी राहत मिल सकती है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा नईदिल्ली के आव्हान पर देश के सभी न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों की त्वरित सुनवाई एवं निराकरण किया जाना है। जिसके तहत व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में भी लोक अदालत ? शिविर लगाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिसके संबंध में गत दिवस संबंधित विभागों और न्यायालय के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रकरणों की निपटारा हेतु पक्षकारों को संबंधित माध्यम से सूचना जारी किया जा चुका है। जिससे अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ प्रदान किया जा सके। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश अविनाश टोप्पो द्वारा पूरे तहसील क्षेत्र बागबाहरा के संबंधित विभागों को गंभीरता से लेने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमे नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग, दूरसंचार एवं स्थानीय बैंको के साथ लेन देन, बटवारा, जमीन विवाद, आपसी विवाद से संबंधित पक्षकारो को भी प्री लिटिगेशन हेतु पूर्व से उपस्थित होकर अपनी पक्ष रखने हेतु सूचित किया गया है। जिसकी जानकारी न्यायालय के नायब नाजिर हितेश दीवान द्वारा दी गई है। इस नेशनल लोक अदालत की तैयारी किया जा चुका है। जिससे कई मामलों से संबंधित ? पीड़ित पक्षों को बहुत बड़ी लाभ मिल सकती है। बागबाहरा नगर में व्यवहार न्यायालय खुलने के बाद यह लोक अदालत का पहला सबसे महत्वपूर्ण न्याय शिविर है। जिसको लेकर इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। न्यायालय से सभी पीड़ित पक्षों को न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विकसित भारत संकल्प यात्रा...

के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर सहित उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी। साथ ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जनसाधारण को अवगत कराया जाएगा।

### अतिरिक्त सचिव ने की विकसित...

गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया जाएगा।

### शिक्षा में गुणवत्ता लाने...

में धनात्मक बढौतरी हो।

ऐसे की गयी है अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी

मिशन 95 प्लस की बैठक में सर्व सम्मति से अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित सिलेबस के 80 प्रतिशत भाग को समाहित किया, अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र में प्रश्नों का चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के आधार पर अंक विभाजन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रश्न पत्र का निर्माण जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत विषय व्याख्याताओं के द्वारा किया गया है।

**उड़नदस्ता टीम गठित**

इन अर्धवार्षिक परीक्षाओ के लिए जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर निगरानी के लिए जिले के वरिष्ठ 20 अधिकारियों की उड़नदस्ता टीम बनाई गई है। जो इन पूरी परिक्षाओं पर नजर रखेगी। उड़न दस्ता टीम में जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं वरिष्ठ प्राचार्यों को शामिल किया गया है।

# लोकसभा चुनाव हेतु मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के लिए राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित

**भानुप्रतापपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रतीक जैन ने आज अनुविभागीय कार्यालय भानुप्रतापपुर में सभी राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया।



सर्वप्रथम विधानसभा भानुप्रतापपुर में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत बढ़ाए जाने वाले मतदान केंद्रों की चर्चा की। वर्तमान में भानुप्रतापपुर में 266 मतदान केंद्र है जिसमें से भानुप्रतापपुर तहसील में 99, चारामा में 105 एवं दुर्गुकोंदल में 62 मतदान केंद्र है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजा जावेगा। साथ ही साथ पुराने एवं जर्जर भवनों में संचालित हो रहे मतदान केंद्रों का निर्धारण भी नए भवन यदि उपलब्ध हो तो परिवर्तित किया जावेगा। इसके आलावा अनुभागों को संतुलित कर अनुभागों को भी सुविधायुक्त मतदान केंद्रों में रखा जावेगा। आज सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि में दिनांक 6 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 के मध्य सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। 13 एवं 14 जनवरी 2024 को विशेष शिविर का आयोजन किया जावेगा। 20 दिसंबर से 5 जनवरी 24 के मध्य सभी बीएलओ घर घर जाकर सर्वे कार्य करेंगे। पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोंडे जावेगे। साथ ही साथ शिप्टींग, नाम काटने एवं सुधार का कार्य भी किया जावेगा। सभी राजनैतिक दलों से सभी मतदान केंद्रों में अपने अपने पार्टी के बीएलए नियुक्त कर इसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। सभी राजनैतिक दल इस पुनरीक्षण कार्य में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और नए युवा मतदाताओं के नाम जोडने को प्रेरित करें। 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। आज के बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, डिप्टी कलेक्टर चारामा सुश्री हर्षलता वर्मा, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, राजनैतिक दलों से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान , पप्पू सोनी, सुरेश पंजवानी, केजुराम सिन्हा चारामा उपस्थित रहे।

**6 जनवरी 2024 से होगा मतदाता सूची का पुनरीक्षण**

# पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के लिए पंजीयन 31 तक

**कोण्डागांव** 15 दिसम्बर (देषबन्धु)। केन्द्र एवं रा'य के सहायोग से पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना कोण्डागांव जिले में संचालित की जा रही है। इस योजनांतर्गत वर्ष 2023-24 में उद्यानिकी अधिसूचित रबी मौसम की फसलों के लिए टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू निर्धारित है। बीमा हेतु प्रीमियम राशि टमाटर हेतु 4,400 रूपये, बैंगन हेतु 2,850 रूपये, फूलगोभी एवं पत्तागोभी हेतु 2,700 रूपये, प्याज हेतु 2,750 रूपये, आलू हेतु 4,800 रूपये कृषकों द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी को देय होगी। फसल बीमा पंजीयन हेतु कृषकों द्वारा आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख, बैंक खाता, वन पट्टा के अभिलेख के आधार पर लोकसेवा केन्द्रो, कृषि सेवा सहकारी समिति, ऑनलाईन पंजीयन, बैंक, विभागीय मैदानी अमला, भारतीय कृषि बीमा कंपनी अभिकर्ता मोबाईल 7000921239 के माध्यम से फसल बीमा पंजीयन कराया जा सकता है। रबी फसल बीमा की पंजीयन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गयी है। कृषकों से अपील है कि पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का समुचित लाभ लेवें।

# केन्द्रीय ग्रंथालय हेतु पुस्तक क्रय के लिए निविदा 12 जनवरी तक आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले अंतर्गत संचालित केन्द्रीय ग्रंथालय कोण्डागांव हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है। इस हेतु निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। इस हेतु निविदाएं 12 जनवरी 2024 को दोपहर 02 बजे तक जमा की जायेंगी। निविदाएं 12 जनवरी 2024 करे दोपहर 0× बजे खोली जायेंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कोण्डागांव जिले की वेब साइट पर जाकर निविदा प्रपत्र सहित डाउनलोड की जा सकती है।

# गिरोला में पशु प्रजनन शिविर सह जागरूकता कार्यशाला



**पशुधन जागृति अभियान के तहत**

**कोण्डागांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। उन्नत पशुपालन से आर्थिक सुदृढीकरण के उद्देश्य से दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत कोण्डागांव के गिरोला गांव में पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन 14 दिसम्बर को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन, नई दिल्ली द्वारा पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया है।

कार्यक्रम में पशुचिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ.अमित कुमार गुप्ता एवं पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.दिलीप पैंकरा ने पशु प्रजनन के महत्व एवं प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं पशुपालकों में पशु प्रजनन प्रबंधन के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रेरित किया गया।

पशु बांझपन निवारण शिविर में सौ से 'यादा पशुओं का विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क उपचार किया गया। जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डॉ. शिशिरकांत पाण्डे, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेन्द्र नाग, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.आरती मर्सकोले, डॉ.दीपिका सिदार, डॉ.अकांक्षा कश्यप एवं सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मन्नुलाल चुरेन्द्र, महेश नाग, संतोष मरकाम एवं मोबाईल पशुचिकित्सा इकाई द्वारा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचने के उपायों एवं उपचार, पशुओं में गर्भाने के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान के समय की पहचान, पशु प्रजनन प्रबंधन, गाभिन गाय की देखभाल सहित अन्य जानकारी पशुपालकों को दी गई।

कार्यशाला में पशुपालकों के साथ विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नोतरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालकों द्वारा अपने पशु से संबंधी जानकारी एवं प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस संबंध में पॉम्पलेट सभी किसानों को उपलब्ध कराये गये। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स द्वारा उपलब्ध कराई गई औषधियाँ, मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक तथा अन्य दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ.अमित कुमार गुप्ता, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.दिलीप पैंकरा ने भी ग्रामीणों को सलाह देने के साथ पशुपालन संबंधी विशिष्ट जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच धनो मंडावी, उपसरपंच गीता दिवान, पुजारी तुषा दिवान, गायता भोलाराम, पंच रैमल दिवान, पीलाराम दीवान, माँ शीतला दुग्ध सहकारी समिति अध्यक्ष बलराम महावीर, उपाध्यक्ष फरसूराम दीवान, सचिव रामेश्वर सेठिया एवं समस्त पशुपालकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस जागरूकता कार्यशाला में ग्राम के कुल 252 पशुपालक शामिल हुये। ज्ञात हो कि पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ के 10 आकांक्षी जिलों में पशुप्रजनन शिविरों एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से किया जा रहा है।

# आज धनोरा, मांझी आठगांव व मसोरा पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**स्वच्छता अभियान के साथ ही रैली के माध्यम से दी गई यात्रा के पहुंचने की जानकारी**

**कोण्डागांव**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के धनोरा तहसील मुख्यालय धनोरा, कोंडागांव विकास खंड के ग्राम पंचायत मसोरा और फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मांझी आठगांव में 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। इसके पूर्व शुक्रवार को धनोरा स्थित हाट बाजार परिसर में स्व' छता अभियान चलाते हुए स्व' छता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही गांव में रैली निकालकर लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने की जानकारी भी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकरलाल सिन्हा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर महापात्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इसके साथ ही मांझी आठगांव में भी दीवार लेखन के माध्यम से कार्यक्रम की सूचना ग्रामीणों को दी गई।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सभी नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों में 16 दिसंबर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना, प्र.मं.आवास योजना, प्र.मं.उज्ज्वला योजना, प्र.मं.विश्वकर्मा योजना, प्र.मं.किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्र.मं.जन-धन योजना, प्र.मं.जीवन 'योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्र.मं.सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने को प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिले के निर्धारित स्थानों पर प्रचार रथ का आगमन होगा। रथ के आगमन होने पर सर्वप्रथम रथ का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को प्रधान मंत्री का संदेश सुनाने के साथ ही विकसित भारत के लिए संकल्प भी दिलाया जाएगा। इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन में आमूलचल परिवर्तन लाने वाले सफल हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव भी बताए जाएंगे, जिससे अन्य हितग्राही भी उनका अनुसरण कर सकें। इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान टी.बी. एवं सिकलसेल आदि बीमारियों का जाँच भी की जाएगी। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु फॉर्म भराने के अलावा चयनित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन भी प्रदान किया जाएगा।

# शिक्षिका मधु तिवारी की कहानी दादी की झाड़ू प्रधानमंत्री संग्रहालय में

**बाल साहित्य में दृश्य चित्रों के महत्व पर राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी**




**कोण्डागांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। रूम टू रीड, समग्र शिक्षा, द्वारा बाल साहित्य पर कार्य करने वाले लेखक शिक्षकों, अनुवादकों का एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी इंदिरा कला संगीत विष्व विद्यालय खैरागढ़ में आयोजित की गई। बाल साहित्य के शैक्षिक संदर्भ कहानी में चित्रों की उपयोगिता पर दिल्ली विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। कोंडागांव जिले की शिक्षिका साहित्यकार मधु तिवारी द्वारा लिखी कहानी दादी की झाड़ू भी छत्तीसगढ़ के अन्य लेखकों के साथ प्रधान मंत्री संग्रहालय में आयोजित बाल साहित्य अवार्ड हेतु रखी गई है। डॉ.एम.सुधीश ने इस तरह के लेखन में शामिल शिक्षकों को प्रधान मंत्री संग्रहालय शामिल होने पर बधाई दी। स्टोरी टेलिंग विशेषज्ञ दिल्ली वि.वि.ने भी इस अवसर अपने विचार रखे। कुलपति पद्मश्री ममता चन्द्राकर ने भी शुभकामनाएं दी। इस सेमिनार में शिखा जैन प्रोजेक्ट मैनेजर चाइल्ड एजुकेशन, शिखा जैन, यूएस, ऐ बलाका प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टोरी टेलिंग विशेषज्ञ, शक्तिव्रता सेन प्रोग्राम डायरेक्टर बुनियादी साक्षरता व टेस्ट क्रिएशन बाल साहित्य, डॉ.एम.सुधीश, डेकेश्वर वर्मा, प्राची कांगला, प्रोवती राय, मोक्षता चंद्राकर, रीता अहिरवार, रूम टू रीड के विशेषज्ञ, कुलपति पद्मश्री ममता चंद्राकर, सुश्री सुविधा मिस्त्री, जिला शिक्षा अधिकारी राव, राजन यादव डीन यूनिवर्सिटी ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम संचालन कपिल सिंग वर्मा ने किया।

# चिपावण्ड व बहीगांव के हाट बाजारों में खाद्य सामाग्रियों की हुई जांच



**चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा सभी हाट बाजारों में की जा रही जांच**

**कोण्डागांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। गांवों में हाट बाजारों में विभिन्न प्रकार की खाद्य सामाग्रियों का विक्रय करने वाले छोटे-छोटे होटलों और किराना व्यापारी की दुकानों पर लोगों के स्वास्थ्य एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखकर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के.देवांगन के द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला की टीम के साथ ऐसे हाट बाजारों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके तहत विगत दिनों चिपावंड में लगने वाले हाट बाजार का दल द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां होटल संचालकों द्वारा जलेबी में आवश्यकता से अधिक मात्रा में कलर मिलाकर विक्रय किया जा रहा था। आवश्यकता से अधिक मात्रा में कलर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिए ऐसे जलेबी को मौके पर ही नष्ट कराया गया और होटल संचालक को इसके बारे में जागरूक किया गया।

इसी तरह बहीगांव के बाजार में भी छोटे-छोटे होटलों और किराना दुकानों को निरीक्षण किया गया। यहां भी होटल संचालकों द्वारा जलेबी में अधिक मात्रा में कलर का उपयोग किया, कहीं कहीं पर अखाद्य रंग का उपयोग किया जाना पाया गया। जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। इसके साथ ही होटलों में नास्ता बांधने के लिए न्यूज पेपर का उपयोग किया जाना पाया गया जिसे जप्त करते हुए उन्हें प्लेन पेपर के बने थेलों का उपयोग करने के निर्देश दिये गये। किराना व्यापारियों के दुकानों की जांच करने पर उनके द्वारा बेसन, मैदा, आटा, मसाले, तेल आदि के एक्सपायरी सामान विक्रय करते हुए पाये गए। उन्हें भी व्यापारियों के समक्ष ही मौके पर नष्ट करने की कार्यवाही की गई और भविष्य में उन्हें मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट देखकर ही सामान खरीदने और बेचने के निर्देश दिये गए।

इसके अलावा हाट बाजारों में बेसन, तेल, मसाले, दाल, नमक, बड़ा, भजिया, चटनी, जलेबी, चाट-गुपचुप ठेलों के फालूदा आदि की चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 154 नमूने लेकर मौके पर ही जांच की गई, जिसमें एक अवमानक, तीन मिथ्याछाप एवं चार जलेबी के नमूने असुरक्षित पाये गए।

## सार-संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती पर नहीं बिकेगी मदिरा

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय अनुज्ञापन एवं व्यवस्थापन नियम 2018 ( यथा संशोधित)के तहत गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को सम्पूर्ण जिले में मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत 18 दिसंबर को जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2 (घ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घ) तथा एफएल 7 (घ) सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बन्द रहेगी और उक्त अवधि में मदिरा विक्रय, परोसना और परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। इन निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

# जिला न्यायालय कोण्डागांव के समस्त न्यायालयों में आयोजित होगा नेशनल लोक अदालत



**कोण्डागांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। 16 दिसम्बर को जिला न्यायालय कोण्डागांव के समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 दिसम्बर 202× को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से और प्रभावित पक्षकारों को त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में जिला न्यायालय कोण्डागांव के समस्त न्यायालयों में एक-एक खण्डपीठ का गठन किया गया है एवं तालुका स्तर में नारायणपुर व केशकाल में एक-एक खण्डपीठ का गठन किया गया है। तथा राजस्व प्रकरणों हेतु राजस्व न्यायालय कोण्डागांव और नारायणपुर मे एक-एक खण्डपीठ का गठन कर नेशनल लोक अदालत में पुराने और लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए न्यायालय में प्रस्तुत करने संबंधित दिशा-निर्देश दिए ताकि लंबित और पुराने प्रकरण का निराकरण नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ के माध्यम से किया जा सके। इसके अलावा उ' चतम न्यायालय नई दिल्ली और उ' च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन कर उसके अनुरूप कार्यवाही किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए है।

लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धारा 1×8 परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों सहित बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों और पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राजस्व विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्डपीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से 16 दिसम्बर को कर सकते हैं।

# बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए जागरूकता जरूरी



- **महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला**
- **बालिका स्वयं सेविकाओं की होगी अहम भूमिका**

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिला के महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती आभा गुरुद्वान द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवा कार्यक्रम से जुड़े सभी छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का एक अभिन्न अंग बताते हुए सभी बालिका स्वयं सेवकों को इस अभियान का एंबेसडर बनाया गया। इनके सहयोग से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर जिले के बेटियों और महिलाओं को स्वस्थ्य व सुरक्षित व्यवहारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के विकल्पों के साथ अपने शैक्षणिक दिनों के संघर्ष व अनुभवों को भी साझा किया।

सखी वन स्टॉप की काउंसलर श्रीमती पुष्पा भट्ट ने छात्राओं को घरेलू हिंसा से बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ रिफरल तंत्र चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन न. 1098 व 112 तथा महिला हेल्पलाइन न. 181 के साथ पुलिस सहायता हेल्पलाइन न. 100 के बारे में बताया। यूनीसेफ जिला समन्वयक विनोद साहू ने कहा कि विभाग द्वारा बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाना है। इस दौरान कार्यक्रम में महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय के अध्यापक सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए पंजीयन शुरू

- **कारीगरों को मिलेगा सप्ताह भर का नि:शुल्क प्रशिक्षण**
- **व्यवसाय प्रारंभ करने दिया जाएगा 3 लाख का ऋण**

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दन्तेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों का सीएससी सेंटर (ग्राहक सेवा केंद्र) के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन पश्चात कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 से 7 दिन का निशुल्क, कौशल प्रशिक्षण एवं 500 रू. प्रतिदिन के दर से स्टाइपन दी जायेगी। प्रशिक्षण पश्चात उन्हें यंत्र एवं औजार हेतु 15 हजार रूपये का अनुदान भी मिलेगा। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में 1 लाख और दूसरे चरण में 2 लाख की वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत ब्याज की दर पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय है, बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी तथा मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है। पारंपरिक शिल्पकार सहायता हेतु ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, राशन कार्ड के साथ पंजीयन करा सकते है।

# ज्ञान नगरी जावंगा में दिव्यांग बच्चों की खेल स्पर्धा



- **कलेक्टर व सीईओ के मार्गदर्शन में सफल आयोजन**
- **डीईओ प्रमोद और डीएमसी सोरी ने बढ़ाया उत्साह**
- **जिले भर के 5 सौ दिव्यांग छात्रों की भागीदारी**

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आज जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा के खेल मैदान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के समस्त विकास खंडों के 500 दिव्यांग छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम प्रारंभ में माता दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित की गई, इसके उपरांत खेल प्रारंभ किया गया। खेल गतिविधियों में अस्थि बाधित बालक-बालिकाओं की पृथक-पृथक ट्राई साइकिल दौड़, बैसाखी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों का 50 मीटर दौड़, मानसिक मंदता वाले बच्चों का जलेबी दौड़, सॉफ्ट बोल थ्रो, श्रवण बाधित बच्चों का कुर्सी दौड़, मटका फोड़, अन्य दिव्यांग बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। आयोजन में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने कहा कि कलेक्टर विनीत नंदनवार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों में खेलों के प्रति उत्साह एवं रुचि को देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है, समग्र शिक्षा के अंतर्गत इस आयोजन ने बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाया है। इन बच्चों को ऐसे ही स्पेशल चाइल्ड नही कहा जाता, इनमें विशेष प्रतिभा है । जिला मिशन समन्वयक एसएल सोरी ने कहा कि इस आयोजन में सम्मिलित दिव्यांग बच्चों के उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा है कि शासन की मंशानुरूप यह कार्यक्रम सफल रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक परियोजना समन्वयक राजेन्द्र पांडेय, बुधराम कोवासी, सिकंदर खान, केशव सिंह, बीईओ एस रफीक, एबीइओबी भवानी पूनेम, बीआरसी जितेंद्र शर्मा, सभी बीआरपी अनुमेहा तिवारी, पूनम जयसिंघानी, विजय रजक, नारायण साहू, सक्षम अधीक्षक रमा कर्मा, प्रमोद कर्मा, मनीष साहू, सहित विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा ।

# राष्ट्रीय किशोर-किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस आयोजित



**कोण्डागांव**,15 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय किशोर किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल हेल्थ एवम् वेलनेस विषय पर जिला कलेक्टर दीपक सोनी, सीएमएचओ डॉ.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में पांचों विकास खंड से माध्यमिक शाला के 150 प्रधान अध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन नवीन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीएनके कालोनी पुराना आरएनटी अस्पताल कोंडागांव के प्रशिक्षण कक्ष में 12 से 14 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें डीपीएम डॉ.भावना महालवार, डॉ.जोनाथन विनय, शिक्षा विभाग के स्टेट ट्रेनर शिवचरण साहू, नीरज ठाकुर, हरीश कुमार द्वारा एनसीआरटी द्वारा तैयार किए गए 11 मॉड्यूल स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक दृढ़ता मानसिक स्वास्थ्य नैतिक मूल्य एवं नागरिक, हिंसा और चोट, लिंग समानता पोषण, मादक पदार्थों से बचाव स्वास्थ्य जीवन शैली प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम, इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग पर जानकारी प्रदान किया गया।

उल्टा पुल्टा

सोनू और मोनू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर- मोनू तुमने अपने पापा का नाम अलग क्यों लिखा।
मोनू- क्योंकि आप मुझे फिर कहेंगी कि मैं नकल मार रहा हूं।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां मंत्रालय, महानदी भवन में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक ली। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों

- **जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम फरवरी तक पूर्ण करने के दिए निर्देश**

को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और एंबुलेंस सेवा-108 को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य को कुष्ठमुक्त बनाने जल्दी ही 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाईयां ही प्रिस्क्राइब करने को कहा। उन्होंने सभी अस्पतालों में जेनेरिक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम आगामी फरवरी माह तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मार्च में इनका लोकार्पण कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी बैठक में शामिल हुए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में कहा है कि हर जरूरतमंद मरीज के पास एंबुलेंस तत्काल पहुंचे। मरीजों तक एम्बुलेंस आधा घंटे में पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर विचरण करने वाले मानसिक रोगियों के इलाज एवं कल्याण के लिए तुरंत कदम उठाने और उनके त्वरित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै ने मुख्यमंत्री को राज्य के मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों तथा डेंटल कॉलेजों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रमों, एनीमिया मुक्त भारत, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

## प्रदेश में अब तक 35.58 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 1 नवम्बर 2023 से धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। गत डेढ़ माह में अब तक राज्य के 7 लाख 86 हजार 463 पंजीकृत किसानों से 35 लाख 57 हजार 374 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। किसानों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2 हजार 739 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को अब तक कुल 7 हजार 313.02 करोड़ रूपए जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के सहुलियत को ध्यान में रखते हुए सुगमतापूर्वक धान खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने को कहा गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण करने को भी कहा गया है।

राज्य शासन द्वारा इस वर्ष प्रदेश के किसानों से 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इस खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने के लिए प्रदेश के 26.86 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें कुल पंजीकृत रकबा 33.15 लाख हेक्टेयर है, वहीं 2.59 लाख नवीन किसानों ने पंजीयन कराया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 35.57 लाख मीट्रिक टन धान में से 27.43 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 17.02 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसम्बर को 59 हजार से अधिक किसानों से 2.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। आज की धान खरीदी के लिए 76 हजार 463 टोकन जारी किए गए थे। इनमें टोकन तुंहर हाथ एप के तहत 28 हजार 082 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए थे।

## प्रदेश में तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ने लगी है. सरगुजा संभाग के सभी जिलों में ठंड का कहर है. जिसमें सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं रायपुर में 15.5, माना एयरपोर्ट में 13.6, बिलासपुर में 14, पेंड्रा रोड में 10, जगदलपुर में 13.2, दुर्ग में 13.4, राजनांदगांव में 14.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

**अंबिकापुर में 7.7 डिग्री दर्ज किया गया पारा**

मौसम विभाग की मानें तो उत्तर दिशा से ठंडी और शुष्क हवा आने की संभावना है. जिसके चले प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। गुरुवार को भी प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ठंडा जिला रहा. अंबिकापुर में रात का तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया. वहीं रायपुर में 15.6, बिलासपुर में 14.4, पेंड्रा रोड में 12.0, जगदलपुर में 13.8 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज पहुना में छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री अनिल शुक्ला, आलोक मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, बीपी शर्मा, सतीश मिश्रा, राजेश चटर्जी, महेंद्र राजपूत, तीरथ सेन, मनीष ठाकुर, राकेश शर्मा, ओपी शर्मा, सत्येंद्र देवांगन, लक्ष्मण भारती, पंकज पांडे, जय साहू, संतोष वर्मा, लोकेश, सुश्री ऋतु परिहार, सुश्री रीना राजपूत शामिल थीं।

## नेशनल लोक अदालत आज

रायपुर, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान में शनिवार 16 दिसम्बर को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे।

लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे, दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जावेगा।

## बंद लिफाफे में किसका नाम ?

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। पिछली सरकार के कैबिनेट फार्मूला के अनुसार ही छत्तीसगढ़ में नई सरकार की कैबिनेट होने की उम्मीद है । आपको बात दे कांग्रेस सरकार 4,3,3,2,1 के फार्मूले में चली थी ।



बीजेपी ने आदिवासी नेता विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाया है। 1 ओबीसी और 1 जनरल कास्ट से डिप्टी सीएम बनाया गया है । साय के मंत्रिमंडल में 10 लोगों की और जरूरत है। अभी राजनीति गलियारों में जो चर्चाएं चल रही है. इसके अनुसार बस्तर से पूर्व मंत्री लता उसेंडी, केदार कश्यप, विक्रम उसेंडी जैसे दिग्गज नेता मंत्री मंडल के लिए लाइन में है। दुर्ग संभाग में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन को विधानसभा स्पीकर बनाए जाने की चर्चा है. कवर्धा से विजय शर्मा को डिप्टी सीएम बनाया जा चुका है। लेकिन चौंकाने वाले नाम में साजा विधानसभा से कांग्रेस के मंत्री को हराने वाले ईश्वर साहू को कैबिनेट में जगह मिलने की चर्चा है।इसको ध्यान में रखते हुए विष्णु की कैबिनेट बन सकती है। रायपुर संभाग में गुरु घसीदास के समाज से 2 नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है। इसमें सबसे आगे गुरु खुशवंत साहेब का नाम है. क्योंकि चुनाव ठीक पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर बीजेपी में आए है। राज्य में 13 प्रतिशत एससी जनसंख्या है. इसलिए पार्टी सतनामी समाज के धर्मगुरु को नाराज नहीं करना चाहेगी।

**क्या पुराने नेताओं को भी कैबिनेट में मिलेगी जगह ?**

पॉलिटिकल एक्सपर्ट डॉ अजय चंद्राकर ने कैबिनेट को लेकर कहा कहा कि अगर बीजेपी रमन कैबिनेट के मंत्रियों को नई सरकार में जगह नहीं देती है. तो भी पार्टी नए पुराने नेताओं का संतुलन बैठा कर कैबिनेट का गठन कर सकती है. इस लिहाज से एक दो पुराने नेताओं को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है।

## पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया से की मुलाकात

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा को लाइसेंस जारी करने एवं शीघ्र कमर्शियल उड़ान प्रारंभ करने को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर आग्रह किया है। शुक्रवार को सफदरजंग एयरपोर्ट स्थित राजीव भवन में स्थापित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में टीएस सिंहदेव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि देश में 4 छोटे एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में है, जिनमें अम्बिकापुर एयरपोर्ट भी शामिल है। इस एयरपोर्ट के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया अग्रिम चरण में है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि अतिशीघ्र अम्बिकापुर के साथ ही सरगुजा अंचल के निवासियों को हवाई सेवा उपलब्ध करा दी जाएगी। नागरिक उड्डयन मंत्री से चर्चा में टीएस सिंहदेव ने आग्रह किया कि



शुरुआत में अम्बिकापुर से रायपुर और अम्बिकापुर से वाराणसी तक की फ्लाइट को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किया जाए, जिस पर सिंधिया ने सहमति जताई है।

उल्लेखनीय है कि 2 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने करीब 43 करोड़ की राशि को मां महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए स्वीकृति किया था। इस राशि का उपयोग कर एयरपोर्ट को 72 सीटर कमर्शियल प्लेन के उतरने के साथ ही नागरिक उड़ान के उद्देश्य से तैयार किया। मई 2023 में DGCA की टीम ने इस एयरपोर्ट की जांच के पश्चात कुछ कमियों को दुरुस्त करने को कहा था।

जुलाई 2023 में इन कमियों को ठीक कर इसकी रिपोर्ट DGCA को भेज दी गई थी। तब से दरिमा एयरपोर्ट के लाइसेंसिंग की प्रक्रिया लंबित थी। टीएस सिंहदेव के आज उड्डयन मंत्री से मुलाकात के बाद यह उम्मीद बनी है कि जल्द ही सरगुजा अंचल हवाई सुविधाओं का लाभ उठाएगा।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद रायपुर प्रेस क्लब चुनाव का रास्ता साफ

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। चुनाव की मांग को लेकर प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने हस्तक्षेप याचिका दायर की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस गौतम भादुड़ी ने पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी को चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी को निर्देश देते हुए कहा गया है कि मतदाता सूची का परीक्षण कराने के उपरांत रायपुर प्रेस क्लब का चुनाव सम्पन्न कराएं। रायपुर प्रेस क्लब के संविधान के मुताबिक, चुनाव उपरांत पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।

**पूर्व उपाध्यक्ष ने हस्तक्षेप याचिका दायर**

अंतिम चुनाव जून 2018 में कराए गए थे। जिसके बाद से अब तक चुनाव नहीं हुए हैं। प्रेस क्लब मतदाता सूची के परीक्षण की मांग को लेकर प्रेस क्लब सदस्य डी। बैरागी ने 2019 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद कोर्ट ने मतदाता सूची परीक्षण के निर्देश रायपुर प्रेस क्लब को दिए थे। रायपुर प्रेस क्लब ने मतदाता सूची परीक्षण के लिए एक कमेटी बनाई थी, लेकिन परीक्षण के काम नहीं हो सका। जिसके बाद 2020 में प्रेस क्लब के एक अन्य सदस्य की ओर से चुनाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जल्द से जल्द चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी और रायपुर कलेक्टर की ओर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी, लेकिन इसी बीच डी। बैरागी की ओर से फिर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गई कि मतदाता सूची के परीक्षण के बगैर चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं? जिसके बाद कोर्ट ने चुनाव पर फिर रोक लगा दी। इसके बाद चुनाव की मांग को लेकर रायपुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने पहले रिट पिटीशन और फिर हस्तक्षेप याचिका हाईकोर्ट में दायर की।

हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई 8 दिसंबर को जस्टिस गौतम भादुड़ी की बेंच में हुई। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मतदाता सूची के परीक्षण के उपरांत चुनाव करवाने के निर्देश पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी को दिए हैं। कोर्ट ने इसकी सूचना नवभारत और दैनिक भास्कर अखबार में प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि सभी सदस्यों को मतदाता सूची परीक्षण और चुनाव सम्बन्धी कार्यवाही की जानकारी हो सके।

## आरएसएस कार्यालय पहुंचे 3 आईपीएस अधिकारी



**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। - राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर भी तबादले के संकेत मिल रहे हैं इस बीच राज्य के 3 बड़े आईपीएस अधिकारी जागृति मंडल आरएसएस के राज्य कार्यालय पहुंचे है आरएसएस कार्यालय पहुंचने वाले अधिकारियों में एडीजी विवेकानंद सिन्हा, डीआईजी आरएन दास और डीआईजी के एल धुव्र शामिल हैं ।

जानकारी के मुताबिक राज्य के 3 बड़े आईपीएस अधिकारी आरएसएस के प्रांत प्रचारक प्रेम शंकर सिदार से मुलाकात करने पहुंचे हुए हैं हालाकि प्रांत संचालक के साथ इनकी मुलाकात के बाद ये कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रशासनिक स्तर प्रदेश में जल्द ही बड़े बदलाव हो सकते हैं।

## निगम मंडल में राजनैतिक नियुक्तियां रद्द करने जीएडी ने जारी किया आदेश

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। सामान्य प्रशासन विभाग ने निगम मंडल आयोग की नियुक्तियां समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है।इसके लिए सभी विभाग के अपर सचिव को सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र लिखा है।



साय सरकार ने पिछली सरकार में हुई राजनैतिक नियुक्तियां खत्म करने का निर्देश जारी किया है। संवैधानिक पदों पर हुई नियुक्तियों को छोड़कर सभी राजनैतिक नियुक्तियां रद्द की जाएगी।

## पूर्व विधायक राय ने मुख्यमंत्री साय से प्रशिक्षु आईपीएस की शिकायत की

**रायपुर**, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। - पूर्व जेसीसीजे विद्यायक आरके रॉय ने प्रशिक्षु आईपीएस मयंक गुर्जर की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लिखित शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है पूर्व विधायक का आरोप है कि प्रशिक्षु आईपीएस ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से रोकने के साथ डंडे से पिटाई की गुंडरदेही विधानसभा से जेसीसीजे के पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पहुना स्थित आवास में मिलकर प्रशिक्षु आईपीएस की शिकायत की राय ने बताया कि साइंस कालेज मैदान में



आयोजित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में वे दोपहर तीन बजे बाकायदा पास लेकर पहुंचे थे उनके साथ पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन सेवानिवृत्त जिला जज रघुवीर सिंह सूर्यकांत तिवारी समेत क्षेत्र के भाजपा नेता गए थे वीवीआइपी गेट सेक्टर में तैनात आइपीएस मयंक गुर्जर ने सभी पासधारी उन्हें रोकते हुए विवाद करना शुरू कर दिया पास दिखाने पर कहा कि आप लोगों का गेट पास फर्जी हैं किसी को भीतर नहीं जाने देंगे इस दौरान गुर्जर ने कुछ महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी अभद्रता भी की वहीं आईपीएस मयंक गुर्जर ने पूर्व विधायक से किसी तरह की मारपीट से साफइंकार किया है बता दें कि राजेंद्र राय को हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में करारी हार मिली थी जेसीसीजे ने उन्हें गुंडरदेही विधानसभा से चुनाव मैदान पर उतारा थाए जहां उन्हें सिर्फ1335 वोट मिले थे

CMYK

## उप मुख्यमंत्री से मंत्रालय में अधिकारियों व आमजनों ने की मुलाकात

रायपुर, 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के अधिकारियों से विभागीय कामकाज की जानकारी ली। शर्मा ने मंत्रालय में विभिन्न स्थानों से आए जनप्रतिनिधियों एवं जन सामान्य से भेंट की।



# छग से बीस हजार से ज्यादा लोग नव वर्ष की छुट्टियां मनाने जाएंगे यूरोप

**रायपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। पिछले वर्षों में कोरोना काल के चलते नववर्ष में बाहर छुट्टियां मनाने जाने वालों की संख्या में कमी आ गई थी। बाहर जाने वाले यात्रियों में अब लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस बार प्रदेशभर से नव वर्ष पर लगभग 20 हजार से ज्यादा लोग बाहर छुट्टियां मनाने जाएंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बाहर जाने वाले लगभग 20 फीसद ज्यादा यात्री हैं। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया टाई मप्र.छग के पूर्व अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने बताया कि अब ट्रैवल्स कारोबार पटरी पर लौट आया है। पिछले वर्ष की तुलना में कारोबार में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।



**दो से 2.50 लाख रुपये में 10 दिनों का यूरोप टूर**

नववर्ष की छुट्टियां मनाने बाहर जाने वालों की पहली पसंद यूरोप के पर्यटन स्थल बने हुए हैं। यूरोप में मदीरा द्वीप समूह, मार्बेला, लिस्बन आदि क्षेत्रों में लोग जा रहे हैं। मदीरा द्वीप समूह यूरोप के प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में से एक है। यहां के आउटडोर खेल, बर्ड व्यू, नववर्ष की पूर्व संध्या पर आकर्षक लाइटिंग देखते ही बनती है। बताया जा रहा है कि यहां का पैकेज दो से 2.5 लाख रुपये का है।

**सवा लाख में सैर करें दुबई और सिंगापुर**

यूरोप के बाद यात्रियों की पसंद दुबई व सिंगापुर है। यहां की यात्रा पैकेज एक लाख से 1.25 लाख रुपये प्रति व्यक्ति है। इसमें आपका रहना खानाए ठहरना आदि शामिल है।

**गोवा की भी तैयारी**

विदेशों में भ्रमण के साथ ही देश में नववर्ष की खुशियां मनाने गोवा जाने वालों की संख्या भी कमतर नहीं है। बताया जा रहा है कि 20 हजार लोगों में से 30 फीसद लोग गोवा राजस्थान आदि क्षेत्रों में जा रहे हैं।

**दिल्ली मुंबई के हवाई फेयर भी हुए महंगे**

24 से 31 दिसंबर तक दिल्लीए मुंबईए बेंगलुरू आदि क्षेत्रों के हवाई फेयर भी काफी महंगे हो गए हैं। ट्रैवल्स कारोबारियों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया तो अभी से 8,000 से 9,000 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं मुंबई का हवाई किराया भी 7,000 रुपये से ज्यादा हो गया है। 24 से 31 दिसंबर के बीच की सारी उड़ानें हाउसफुल हो गई हैं।

**11 महीनों में 22 लाख से ज्यादा हवाई यात्री उड़े**

इस वर्ष जनवरी से लेकर नवंबर तक 11 महीनों में ही रायपुर विमानतल से लगभग 22 लाख से ज्यादा हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई है। इन दिनों हवाई यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते उड़ानों में भी बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले दिनों में कुछ नए शहरों के लिए भी रायपुर से उड़ानें शुरू करने की तैयारी है।

## कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 क्रिकेट पहले दिन छग ने बनाए 345 रन



- आशीष ने जड़ा शतक, विकल्प के नाबाद 84 रन
- सौभाग्य ओझा ने झटके 3 विकेट

**रायपुर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित कूच बेहार ट्रॉफी 2023-24 का आयोजन 17 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ग्रुप ई में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम का पांचवा मैच 15 से 18 दिसम्बर तक गांधी स्टेडियम, बलांगीर में ओडिशा अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला जा रहा है। छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले दिन की समाप्ति तक, छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 345 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष डहरिया ने 125 रन, विकल्प तिवारी ने नाबाद 84 तथा साहिल रजत षरीफ ने 66 रनों का योगदान दिया। ओडिशा की ओर से सौभाग्य ओझा ने 3 विकेट प्राप्त किया। पहले दिन की समाप्ति तक, छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 345 रन बना लिये है।

## ई-रिक्शा के चक्के भी ले उड़े चोर




**रायपुर,** 15 दिसंबर। चोरी की तीन घटनाओं में चोर ई रिक्शा के पहिएए लैपटॉप और आलमारी से नगदी ले भागे। पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए हैं। मौदहापारा पुलिस के मुताबिक मेकाहारा से लगे एसआईएचएफडब्लू आफिस से 13 दिसंबर की शाम से 14 के पूर्वान्ह 11.30 बजे के बीच अग्यात चोर डॉ कौशल प्रसाद निराला 57 वर्ष के कमरे से डेल कंपनी के दो लैपटॉप ले भागे। इनकी कीमत 40 हजार रूपए बताई गई है। न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक चोर महावीर नगर स्थित बालाजी सेल्स के सामने खड़े माल वाहक ई रिक्शा सीजी 04.पीएफ8343 के तीनों चक्के निकाल गए। इनकी कीमत 10 हजार बताई गई। 27 नवंबर की रात हुई चोरी की चंचल दास ने कल रात रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर खरोरा पुलिस ने भी चोरी का मामला दर्ज किया है। ग्राम खौली नहरपार निवासी बिरजु दास 36वर्ष के सूने मकान में घुसकर चोर आलमारी में रखे ए10 हजार रूपए ले भागे। कल दिन में हुई चोरी की रात 11 बजे बिरजु की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर फेडरेशन ने जताई खुशी

**रायपुर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं प्रांतीय महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त किया है। साथ ही उम्मीद जताया है कि शिक्षा विभाग में वर्षों से लंबित संवर्गीय पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के मामलों का समाधान होगा। उनका कहना है कि अन्य विभागों के तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है। लेकिन विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है।पदीय वरिष्ठ व्यक्ति,कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं ! जोकि विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम- 2019 का उल्लघंन है। नियमों में किये गये संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए। फेडरेशन के कहना है कि शासन के नीति एवं कार्ययोजना का लोकहित में बेहतर क्रियान्वयन हेतु शासन एवं राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों के मध्य सामंजस्य,सौहाद्र एवं सद्भावना होना आवश्यक है।राज्य के समग्र विकास एवं कर्मचारियों की अपेक्षा के मुद्दों पर परिणाममूलक निर्णय होना चाहिए।फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विभागीय सुशासन की अपेक्षा राज्य शासन से किया है।

**स्कूल शिक्षा विभाग का भर्ती पदोन्नति नियम- 2019 में किए गए संशोधनों की समीक्षा हो : फेडरेशन**

## रेलवे स्कूलों में हो रहा विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में सर्वांगीण विकास

**रायपुर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रेलवे के 2 हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में हैं । साथ ही एक हाई स्कूल शहडोल में है । तीनों स्कूल में छात्रों की कुल संख्या 3548 है । उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों का हर गतिविधियों में सर्वांगीण विकास का परिणाम है कि रेलवे स्कूल के किसी भी कक्षा में वेकेन्सी नहीं है जिससे पता चलता है की रेलवे स्कूल की डिमांड कितनी है । रेलवे स्कूल के सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु वेटिंग लिस्ट है जो की आज तक क्लियर नहीं हो पाया है ।

बिलासपुर में अभिभावक पहले रेलवे स्कूल में प्रवेश हेतु प्रयास करते है । प्रवेश नही मिलने पर दूसरे स्कूल की ओर रुख करते हैं । रेलवे स्कूल में सारी सुविधा है जैसे क्लासरूम ,वाशरूम, पीने का पानी, सीसीटीवी, खेलकूद की सामग्री , कम्प्युटर , एयरकंडीशन प्रयोगशाला, एयरकंडीशन लाइब्रेरी स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर आदि उपलब्ध है । रेलवे हाइयर सेकेंडरी स्कूल क्र-01 आईएसओ द्वारा प्रमाणित है एवम आई जी बी सी के द्वारा गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। रेलवे स्कूल नंबर 01 को फिट इंडिया भारत सरकार के द्वारा सर्टिफिकेट प्राप्त है साथ ही साथ सीबीएसई के द्वारा हेल्थ एंड हाइजीन ने ब्लू रेटिंग प्राप्त है। बिलासपुर का इकलौता 5 स्टार रेटिंग का स्कूल है। स्कूल सीबीएसई द्वारा प्रस्तावित परीक्षा की ग्रेडिंग प्रणाली का पालन करता है। यह स्कूल अपने उत्कृष्ट बोर्ड परिणामों के लिए जाना जाता है ।

वर्तमान में रेलवे स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र धनंजय नायक छत्तीसगढ़ क्रिकेट अंडर 16 का उप कप्तान है । रेलवे स्कूल में कभी भी शिक्षक का कोई पद खाली नहीं रहा है, रेलवे स्कूल में जीतने भी पद खाली रहते है उसे प्रतिवर्ष कॉन्ट्रैक्ट शिक्षक से भर दिया जाता है । बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में ड्राइंग, संगीत, डांस, योगा, म्यूजिक आदि के भी शिक्षक हैं ।



बोर्ड क्लास दसवी व बारवीं के सीबीएसई के रिज़ल्ट में बिलासपुर के टॉप दस बच्चों में रेलवे स्कूल के बच्चे प्रतिवर्ष रहते हैं । रेलवे स्कूल में पढ़ाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियां साल भर अजोजित होती है इसका परिणामस्वरूप रेलवे स्कूल के बच्चे छतीसगढ़ के फूटबाल व क्रिकेट टीम में भी शामिल हैं । सीबीएसई के द्वारा आयोजित खेलकूद एवं साइन्स एग्जिबिशन में रेलवे स्कूल के बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है । स्कूल विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ संगठनों जैसे इंटरैक्ट इको क्लब, एनएसएस, रेड क्रॉस सोसाइटी, हेल्पेज, इंडिया, कैंसर एड सोसाइटी, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड आदि का एक सक्रिय सदस्य है। स्कूल खेल, स्काउटिंग, पेंटिंग, संगीत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त करता है । क्षेत्रीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेलवे स्कूल को कई पुरस्कार मिल चुका है। रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल प्ले नृत्य में प्रथम पुरस्कार, राष्ट्रीय संगीत में प्रथम पुरस्कार, सिल्वर जोन ओलंपियाड में विभिन्न विषयों में 55 स्वर्ण पदक, 40 रजत पदक एवं 32 कांस्य पदक सहित कुल 127 पदक के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में प्रमाणपत्र, पदक और ट्रॉफी प्राप्त हुये हैं। इसके साथ ही राज्य स्तर पर बालक फुटबॉल टीम ने राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया, सीबीएसई बॉक्सिंग (जोनल) में दो छात्रों को स्वर्ण पदक और एक को रजत पदक मिला, राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन, सीबीएसई क्लस्टर में ताइक्वांडो में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं में पुरस्कार प्राप्त हुआ है । रेलवे स्कूल के प्राचार्य के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## एचडीएफसी और इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**रायपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने नए स्नातक दंत चिकित्सकों को अपनी दंत चिकित्सा पद्धतियां स्थापित करने के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त फंडिंग की पेशकश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे देश में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत दिए गए ऋण की गारंटी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) द्वारा दी जाएगी, जो भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की एक संयुक्त पहल है। समझौता ज्ञापन पर सुश्री गायत्री राव कोर्डे - जोनल प्रमुख और वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एचडीएफसी बैंक, सुमित याग्निक - वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिजनेस लोन, एचडीएफसी बैंक और डॉ. अशोक ढोबले - माननीय द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

## सतनाम सतगुरु फिल्म देखने दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी

**रायपुर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। सतनामी फिल्म प्रोडक्शन के निर्मातागण डॉ. जे. आर. सोनी, बाबा पात्रे एवं संतोष कुर्रे द्वारा निर्मित 'सतनाम सतगुरु' फिल्म शुक्रवार से राजधानी के श्याम टॉकीज में नियमित रूप से प्रारंभ हुई।



गुरु घासीदास जी के जीवन दर्शन पर आधारित यह फिल्म बड़े पर्दे पर दिखाई जाने वाली पहली चलचित्र है जिसे देखने पूर्व मंत्री व मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शंकर लाल टोडर,गायक गोरेलाल बर्मन, सुंदरलाल लहरे, आर.के.गेंदले,चेतन चंदेल, सुंदर लाल जोगी, आर.के. पाटले, राजेंद्र बेरवंस, डॉ देवेश डहरिया, डॉ. ताम्रध्यक्ष पात्रे, लखनऊ से बाबा कमलेश दास, पुष्परेखा पात्रे, परमेश्वरी त्रिवेंद्र सहित सैकड़ों लोग पहुंचे। सतनामी समाज के दर्शक आज सुबह से ही टॉकीज में जुटने लग गये थे ,धीरे-धीरे भारी भीड़ उमड़ने लगी जो आखिरी दौर तक जारी रही। प्रवेश द्वार पर पंथी गीतों के साथ फिल्म के निर्मातागण डॉ. जे. आर. सोनी, बाबा पात्रे व संतोष कुर्रे सपरिवार छालीवुड के कलाकारों को साथ लेकर मुख्य गेट में सभी दर्शकों का अभिवादन कर रहे थे। 02 घंटे 30 मिनट की इस फिल्म में गुरु घासीदास जी को जन्म से लेकर विवाह ,तपस्या में लीन होने व उनकी महिमाओ तथा 07 संदेश व 42 अमृतवाणियों के सभी संदेशों को चरितार्थ करते हुए उनके अंतर्धयान होने तक के प्रसंगो को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म की शूटिंग गिरौदपुरी धाम,भंडारपुरी धाम, तेलासी पुरी धाम, बाराडेरा धाम सहित पड़ोसी राज्य उड़ीसा में की गई है, गाने भी शिक्षाप्रद है। फिल्म में कई जगह बेहद मार्मिक व भावुक सीन है जिसे देखकर सभी की आंखें भर आई थी कई महिलाएं तो रो भी पड़ी।फिल्म के दौरान बीच-बीच में दर्शकगण गुरु घासीदास जी की जयकारा के साथ 'जय- जय सतनाम' की लगातार जयघोष करते रहे।पूरा टॉकीज परिसर सतनाममय हो गया था।तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दशकों का उत्साह देखते ही बन रहा था.. फिल्म के कलाकारों ने बखूबी अपना रोल निभाया है जो सचमुच का लग रहा था। कई दर्शक खास-खास सीन को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। फिल्म से लोग इतनी काफी प्रभावित हुए कि फिल्म समापन के बाद भी उठने को तैयार नहीं थे और तुरंत एक बार फिर से फिल्म देखने को आतुर नजर आए। आज इस फिल्म को राजधानी सहित कोरबा, बलौदाबाजार व भाटापारा में एक साथ शुरुआत की गई।

- विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित कई कलाकार भी पहुंचे
- गुरु घासीदास के जीवन दर्शन पर बनी है यह पहली चलचित्र

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

### 22 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को अपराधों पर नियंत्रण कर अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु आम स्थानों पर शराब पीनेए शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध करानेए सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक.चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चारपहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तारतम्य में ऐसे लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। रायपुर जिले के थाना माना कैम्प धरसींवा, नेवरा, कबीर नगरए मोवा एवं सिविल लाईन थाना क्षेत्रों के अलग.अलग सार्वजनिक स्थानों,सार्वजनिक मैदान ,पार्क,चौक.चौराहों तथा सार्वजनिक स्थान सहित चारपहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने पिलाने वाले कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध संबंधित थानों में आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।रायपुर पुलिस का सार्वजनिक स्थानों में शराब पीनेध्पिलाने एवं अवैध रूप से बिक्री का कारोबार करने वालों आरोपियों के विरूद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर,** 15 दिसंबर। प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 21 गुप्र ने भाग लिया बीए बीकॉम बीएससी एवं बीसीए संकाय की छात्राओं के छत्तीसगढी, राजस्थानी, उड़ीसा,बॉलीवूड रिमिक्स,वेस्टर्न रिमिक्स, ट्रेंडिग गानों में प्रस्तुती दी जिसमें शिखा सोनी एण्ड गुप्र छत्तीसगढीद्ध प्रथम,करूणा एण्ड गुप्र संबलपुरी एवं 5 स्टार गुप्र रिमिक्स द्वितीय वर्षा एण्ड गुप्र नवदुर्गा एवं हरीस्मृती एण्ड गुप्र छत्तीसगढ़ी रिमिक्स,ख्याति एण्ड गुप्र मनोहरी सांत्वना विजेता रहे। दुर्गा चन्द्राकर, स्नेहा सुदीप निर्णायक थे।



## निधन

### अधारी रात्रे

**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर। ग्राम जर्वे निवासी अधारी रात्रे उम्र 70 वर्षा का आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार राखीराम रात्रे, भीमसेन रात्रे के पिता थे एवं पत्रकार भूपेन्द्र कुमार रात्रे, रामाकंत रात्रे, टूकेशवर रात्रे, सत्यप्रकाश रात्रे, ढालेद रात्रे के दादा थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पारिवारिक एवं समाजिकगण काफी संख्या में शामिल हुए।



### मंगलीन बाई साहू

**भाटापारा,** 15 दिसंबर। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती मंगलीन बाई साहू 62 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे पीताम्बर साहू की पत्नी, परमेश्वर मुरारी की मां, शंकर साहू की भाई बहू, बिसंभर, कुंवरसिंह की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार ढाबाडीह स्थित शमशान घाट में किया गया।



### नोखे लाल सिन्हा

**कुम्हारी,** 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज नगर इकाई कुम्हारी जिला दुर्ग के पूर्व कोषाध्यक्ष नोखे लाल सिन्हा (33 वर्ष) पिता स्व. इंदल सिंह सिन्हा का कल रात 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1.30 बजे, कुम्हारी निज निवास से मुक्तिधाम के लिए रवाना हुआ जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।



## 6 किलो गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। ।जधानी के नए बस स्टैंड से एक महिला तस्कर गिरफ्तार हुई है। उसके पास से 6 किलो गांजा बरामद हुआ है। मामला टिकरापारा थाना का है। जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि भाठागांव स्थित नया बस स्टैड में एक महिला अपने पास गांजा रखी है तथा कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर टिकरापारा थाना पुलिस की टीम ने मुखबीर द्वारा बताये हुलिये की महिला को चिन्हांकित का पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीषा पवार निवासी औरंगाबाद महाराष्ट्र बताया। उसके बैग की तलाशी लेने पर उसनमे में गांजा बरामद हुआ। जिस पर महिला आरोपी मनीषा पवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 6 किलो 132 ग्राम गांजा कीमती लगभग 60,000 रूपये जब्त कर उसके विरूद्ध थाना टिकरापारा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## चपरासी ने रेडक्रास सोसायटी को किया 6 लाख रुपए दान

### कलेक्टर बोले- जिले के सबसे प्रेरणादायी व्यक्ति हैं हीरालाल

**रायपुर,** 15 दिसंबर। चपरासी हीरालाल ने आज जिले में एक प्रेरणादायी व्यक्ति के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी को लाखों रुपये दानकर रेडक्रॉस सोसायटी के स्थाई सदस्य बने गए. हीरालाल ने आज कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के माध्यम से रेडक्रॉस सोसायटी को कुल 6 लाख रुपये दान किया है। हीरालाल बताते हैं कि मेरी पत्नी सुखवरी जिसकी मृत्यु वर्ष 2003 में हो गई है. हमारे दांपत्य से 3 पुत्र संतान हुए, जिसमें पहला सोहन लाल उम्र लगभग 35 वर्ष है. वहीं दूसरा जवाहरलाल, जिसकी उम्र 25 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई और तीसरा मोती लाल जिसकी 14 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो गई है. मेरा बेटा सोहन लाल मेरे से कोई संबंध नहीं रखता है और न ही मेरा ध्यान रखता है। उन्होंने बताया कि मेरी उम्र 75 वर्ष हो गई है और मैं वृद्ध हो चुका हूं. अकेला जीवनयापन कर रहा हूं. मेरे द्वारा स्वअर्जित धनराशि जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में जमा है. जमा धनराशि में से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा एमसीबी में राशि 25,000 रुपये जमाकर स्थाई सदस्यता ग्रहण करना चाहता हूं और मेरे खाते में जमा राशि में से 5,75,000 रुपये भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी को मानव स्वास्थ्य उपचार के लिए स्वेच्छा से देना चाहता हूं. कलेक्टर ने बताया कि महामारी, भूकंप, अकाल, बाढ़ और अन्य आपदाओं के कारण होने वाली पीड़ितों के शमन के लिए राहत की व्यवस्था, अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए उपयोग किया जाता है. रामानुज अग्रवाल के सहयोग और मार्गदर्शन में हीरालाल ने बहुत बड़ी राशि रेडक्रास सोसायटी को स्वेच्छा से दान किया है. नया जिला गठन के बाद रेडक्रास सोसायटी बनाया गया है. इसमें जिले का कोई भी नागरिक अपनी यथाशक्ति दान कर सकता है. रेडक्रास सोसायटी में जमा राशि का उपयोग असहाय, जरूरतमंद व्यक्ति, गरीब छात्रों के लिए उपयोग किया जाता है. उन्होंने जिलेवासियों से अपील की लोग हीरालाल के समान ही आगे आकर यथाशक्ति रेडक्रास सोसायटी में दान करें. इससे जिले वासियों के जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके. उन्होंने इस नेक कार्य के लिए हीरालाल और रामानुज अग्रवाल का धन्यवाद किया.



## श्री रावतपुरा सरकार विवि के विद्यार्थी हुए अचंभित 72 घंटे के अंदर परीक्षा परिणाम घोषित



**रायपुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उत्तम गुणवत्ता की शिक्षा देने तथा नए इस्थापित करना के लिए निरन्तर प्रयाशसील है। इसी कड़ी में शैक्षणिक सत्र 2023-24 की सेमेस्टर परीक्षा 23 नवंबर से 11 दिसंबर तक हुई जिसमे पाँचवे सेमेस्टर, सातवे सेमेस्टर और एल.एल.बी के नौवे सेमेस्टर के 1120 विद्यार्थि परीक्षा में शामिल हुए। जिसका परीक्षा परिणाम 72 घंटे के अन्दर विद्यार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर उनका रिजल्ट प्रकाशित किया गया। परीक्षा की पूर्ण प्रक्रिया उन्नत आईटी आधारित डिजिटल माध्यम से आयोजित की गई जिसमे परीक्षा फॉर्म, प्रवेश पत्र, सिटींग प्लान, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मैपिंग ,वेरिफिकेशन और मूल्याकन को क्यू आर कोड के माध्यम से पारदर्शिता के साथ किया गया। सेमेस्टर परीक्षा 11 दिसंबर को समाप्त होने के तत्पश्चात 72 घंटे के अन्दर ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एसआरयू एप में अपना परीक्षा परिणाम देखा और वे सभी बहुत उत्साहित थे की, इतने कम समय में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर रिजल्ट घोषित कर दिया।

**कुल 40 कोर्सेज में शामिल 1120 विद्यार्थियों ने एसआरयू एप में देखा रिजल्ट**

उल्टा पुल्टा

सोनू और मोनू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर- मोनू तुमने अपने पापा का नाम अलग क्यों लिखा।
मोनू- क्योंकि आप मुझे फिर कहेंगी कि मैं नकल मार रहा हूं।



# प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने पहले केबिनेट में ही 18 लाख परिवारों के आवास योजना को दी मंजूरी : सरोज पाण्डेय

**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ सरकार की पहली केबिनेट की बैठक में ही प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के वादे को पूरा करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का आभार जताया। उन्होनें कहा हमें विश्वास है कि छततीसगढ़ की साय सरकार प्रधानमंत्री की सभी गारंटियों को आने वाले पांच वर्ष में अवश्य पूरा करेगी।

इस संबंध में सुश्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाये इस विषय को भाजपा ने मुद्दा बनाया था। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों को आवास देने की घोषणा की थी जिसे साय सरकार ने अपनी पहली केबिनेट में मंजूर किया।



पीएम की सभी गारंटियों को करेगें पूरा

साय सरकार ने पहली केबिनेट की बैठक में अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को दिये जाने का भी निर्णय लिया है। केबिनेट की इस पहली बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, और विजय शर्मा ने इस फैसले पर अपनी सहमति दी है। भाजपा सरकार ने दो वर्षो के अंदर छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलबध कराने का वादा अपने घोषणा पत्र में किया था जिसे भी पूरा करने के योजना बनायी गयी। मोदी गारंटी के तहत् गरीब विवाहित महिलाओं को एक हजार रु. महिना दिये जाने की वादा को भी पूरा करने कहा गया है। उन्होनें बताया भाजपा की घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना को शुरु करने का मुख्य उद्देश्य राज्य की गरीब विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने दिया इस्तीफा



**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने बैंक अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। राजेन्द्र साहू ने इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ को भेजे गये त्यागपत्र में राजेन्द्र ने कहा है कि उन्हें 7 नवंबर 22को बैंक के प्राधिकारी पद पर नियुक्त किया गया था। अब वे अपने पद से त्याग पत्र दे रहे है।

ज्ञातव्य है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उन्हें बैंक के प्राधिकारी पद पर नियुक्त किया गया था।

# अंतर विवि प्रतियोगिता में हेमचंद विवि की फुटबॉल टीम उपविजेता



**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। संचालक, शारीरिक शिक्षा डॉ. डी.के. नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की फुटबॉल पुरूष टीम 11-15 दिसंबर को येनेपोया वि.वि. में आयोजित साउथ पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला मैच 3-1 से विजयनगर विश्वविद्यालय, दूसरा मैच 0-1 से अटल बिहारी बिलासपुर, तीसरा मैच बैगलोर विश्वविद्यालय से 3-0, क्रीस्ट विश्वविद्यालय पर 3-0 से चौथी जीत हासिल की है। उसके पश्चात् फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करने हुए दूसरे लीग मैच में उसमान्या विश्वविद्यालय को 3-0 से व तीसरे लीग मैच में मैगलोर विश्वविद्यालय मैगलोर को 3-1 से हराकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

टीम पहली बार ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेगी जो संत बाबा बाग सिंह विश्वविद्यालय, पंजाब में 2 से 12 जनवरी को आयोजित है। इस टीम के मैनेजर डॉ. मून्नालाल नंदेश्वर, क्रीड़ाधिकारी, शास. नेहरू महा. डोगरगढ़ एवं कोच लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, क्रीड़ाधिकारी, शास. विज्ञान महा. दुर्ग है, जिनके मार्गर्शन में टीम अच्छे प्रदर्शन कर रहे है। टीम की इस जीत पर वि.वि. की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने टीम के खिलाड़ी, कोच व मैनेजर को बधाई व शुभकामनाएं दिये।

# सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को अंतिम चेतावनी के साथ राजस्व विभाग व निगम ने थमाया नोटिस

## पटेल चौक व तहसील कार्यालय के आसपास कार्रवाही




**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कल कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के आदेश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शाम को पटेल चौक से कचहरी चौक एवं तहसील कार्यालय के आसपास सड़क क्षेत्र में अवैध कब्जो के खिलाफ अभियान चलाया गया। गुरुवार को कार्रवाई पटेल चौक से कचहरी क्षेत्र में की गई। निगम तोडूदस्ता व राजस्व विभाग ने संयुक्त कार्रवाही कर अभियान चलाया। मौके पर दुर्ग थाना पुलिस बल की मौजूदगी में तोडूदस्ता ने सड़क आवागमन बाधित कर ठेलों में सामग्री विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की और दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा एवं टीन शेड को हटाया गया।

अतिक्रमण की कार्रवाही के दौरान तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की उपस्थिति में कार्रवाही की गई। मजार के सामने ठेलों के ऊपर लगे साईन बोर्ड को हटाया गया।

कचहरी चौक क्षेत्र में रोड पर समान विक्रय के लिए स्थापित ठेलों को किनारे करवाया गया। प्रचार प्रसार का बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा कर उत्पन्न करने वाले लगभग 20 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते से हटाया गयी व जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान नायाब तहसीलदार ज्योत्सना कलिहारी के अलावा दुर्ग थाना पुलिस बल उपस्थित था। सड़क किनारे एवं चौक-चौराहों पर ठेलों पर फल और सब्जी बेचने वाले व्यवसायियों को पुन: दुकान नहीं लगाने की अंतिम हिदायत दी गई।

राजस्व विभाग द्वारा तहसील कार्यालय के आस-पास मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने वालो को नोटिस दिया गया।

# आज से अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव का आरंभ

**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा कल 16 दिसंबर से अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता का आरंभ हो रहा है। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि युवा उत्सव के प्रथम दिन 4 स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इनमें प्रात: 10:30 बजे से कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 7 भिलाई नगर में परिचर्चा (एलुकेषन) तथा दोपहर 2 बजे से वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय ''इस सदन की राय में देश भर के विश्वविद्यालय में एक जैसा पाठ्यक्रम लागू किया जाना उचित होगा'' प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पक्ष रखने के लिए 5 मिनट का समय आबंटित होगा।



परिचर्चा (एलुकेशन) का विषय प्रतियोगिता स्थल कल्याण कॉलेज में ही प्रात: 10 बजे घोषित किया जायेगा। 16 दिसंबर को ही प्रात: 10:30 बजे भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई में एकल शास्त्रीय गायन स्पर्धा आयोजित होगी तथा तथा दोपहर 2 बजे से समूह गायन हिन्दुस्तानी स्पर्धा आयोजित होगी। सभी प्रतियोगिताओं का निर्णय विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जायेगा। परन्तु किसी भी प्रतियोगिता स्थल पर प्रतियोगिताओं के परिणाम तत्काल घोषित नहीं होंगे। सम्पूर्ण युवा उत्सव संबंधी प्रतियोगिता आयोजित होने के पश्चात् वि.वि. प्रशासन द्वारा सभी स्पर्धाओं के नतीजे एक साथ घोषित किये जायेंगे।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार 17 एवं 18 दिसंबर अवकाश होने के कारण युवा उत्सव की अन्य स्पर्धा 19, 20 तथा 21, 22 दिसंबर को आयोजित होगी। 19 दिसंबर को खालसा कॉलेज, मालवीय नगर दुर्ग में प्रात: 10 बजे से रंगोली तथा दोपहर 2 बजे से मेंहदी की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 28 को

**दुर्ग**, 15 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायतए दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों के विभिन्न विषय एवं कार्य सूची पर चर्चा की जानी है। जिसके अंतर्गत कृषि विभाग की समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, शिक्षा विभाग की समीक्षा, वन एवं पर्यावरण विभाग के कार्यो की समीक्षा, 15 वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 कार्ययोजना का अनुमोदन एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों की भी समीक्षा की जाएगी।

## बोरसी प्रगति मैदान से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभारंभ

**दुर्ग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। निगम सीमा क्षेत अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए निगम प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गई है। कल 16 दिसम्बर दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक बोरसी प्रगति मैदान में आयोजित केम्प में स्वास्थ्य जांच शिविर, आधार कार्ड का अपडेशन किया जाएगा, आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा के अलावा प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन सहित अन्य कार्य किया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने एवं योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करने वार्डों में केंद्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगो से चर्चा की जाएगी। शिविर कार्यक्रम स्थल का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निरीक्षण कर तैयारी के संबंध में जानकारी नोडल अधिकारी व संबंधित अधिकारी से ली। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सदस्य डॉ. सरोज पाण्डेय, विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें।

## बीपीएल-एपीएल राशन कार्डधारी अब घर पर ही बना सकेंगे अपना नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड

**बेमेतरा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत बीपीएल और एपीएल राशन कार्डधारी अब स्वयं घर पर ही अपना आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बना सकेंगे। इसके लिए उन्हें नजदीकी च्वाइस सेंटर या सम्बंधित अस्पताल या दफ्तर का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक पोर्टल (https://beneficiary.nha.gov.in/) व मोबाइल एप्प Ayushman App लॉन्च किया गया है अब उस पोर्टल व एप्प के माध्यम से सीधे हितग्राही खुद पंजीयन कर सकते है और अपने व अपने परिवार के सदस्यों का स्वयं आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इसके लिये आवश्यक दस्तावेज राशनकार्ड व आधार कार्ड होना जरूरी है। सर्वप्रथम अपने एंड्रॉयड मोबाइल के प्ले स्टोर से आयुष्मान एप व आधार फेस रीड (आरडी) एप डाउनलोड करना है। इसके बाद की प्रक्रिया निम्न बिंदुओं पर आधारित है।



शुरूआत में आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जाएं बेनिफिसरी विकल्प चुनें, अपना रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। इसके बाद स्टेट-छत्तीसगढ़, स्कीम-राशन कार्ड विकल्प का चयन करें, फिर सर्च बाई-फैमिली आईडी, डिस्ट्रिक्ट अपना जिला चुनें। फैमिली आईडी- राशन कार्ड नम्बर दर्ज कर सर्च करें। इसके पश्चात परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी। जिन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# फसल बीमा प्रचार रथ का विधायक ने किया शुभारंभ



**दुर्ग**, 15 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023.24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का विधायक ललित चंद्राकर द्वारा शुभारम्भ किया गया है।

शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उद्यान रोपनी रुआबांधा मे पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना मे सम्मिलित होकर रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई ।

रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, महामंत्री दशरथ साहू, शिव चंद्राकर, राकेश त्रिपाठी, कमल अवस्थी, पार्षद रमा साहू, पार्षद सविता धवज, विष्णु शर्मा, विक्की सोनी, प्रवीण राजपूत, उमेश गर्रा, उधानिकी विभाग प्रमुख मुकेश वासनिक, सुरभि श्रीवास्तव, भानुप्रिया ठाकुर, मधु साहू और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की प्रारम्भिक तिथि 6 दिसम्बर एवं अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

योजना में गेहूँ सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी।



# पटेल ने महिलाओं पर अत्याचार पर आवाज बुलंद की : कुरैशी

**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने अपने निवास स्थान 32 बंगला देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73वें पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल्यचित्र में माल्यअर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की आजादी में उनके किये गये अहम भूमिकाओं को याद किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ। मैट्रिक की शिक्षा प्राप्त करने के बाद आगे वकालत की पढ़ाई इंग्लैंड में किया और आने के बाद गुजरात में शराब, छुआछूत और महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की हिन्दु मुस्लिम एकता को बनाये रखने की पूरी कोशिश की 15 अगस्त 1947 में देश की आजादी के बाद उन्होंने भारत में 560 रियासतों को देश में मिलाया। जूनागढ, हैदराबाद और जम्मू कश्मीर द्वारा भारत में विलय से इकार करने पर पटेल ने तुरन्त कार्यवाही कर उन्हें भी भारत में मिलाया।



देश के प्रत्येक नागरिक का प्रमुख जिम्मेदारी है कि महसूस करें कि हमारा देश स्वतंत्रत है उनकी स्वतंत्रता की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है हमें आपसी मनमुटाव ऊंच-नीच का भेद छोड़ना होगा और समानता की भावना विकसित करनी होगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, आर.एस. शर्मा, समयलाल साहू, जोगा राव, अकील खान, नजमूनिशा, जमील अहमद, अरूण सिंह, बलदेव प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, फारूख आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अटल जयंती पर तुलसी सजाए : रिकेश

## फैंसी ट्री नहीं स्कूलों में भी अब संवारेंगे तुलसी पौधा, जांच में खामियां दो और ओयो होटल किए सील

**भिलाईनगर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों सहित खुले में मांस विक्रय और नियम विरुद्ध ओयो होटल संचालकों पर एक बार फिर आज शुक्रवार को निगम भिलाई टीम ने कार्रवाई की है। विधायक रिकेश सेन ने आज एक और पहल की है, उन्होंने सभी घरों के आंगन में तुलसी चौरे को सजाने संवारने की वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल की जयंती है इसलिए स्कूलों में भी फैंसी ट्री की बजाय सभी बच्चे तुलसी के पौधे का रोपण कर उसे सजाएंगे। इसके लिए विधायक रिकेश ने डीईओ दुर्ग से फोन पर चर्चा कर इस संबंध में निर्देशित किया है। बीती रात को सूर्या मॉल जुनवानी में लगे फैंसी ट्री को उन्होंने हटवाया और फैंसी ट्री की जगह तुलसी के पौधे लगाकर उसे संवारने कहा है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारी भावी और मौजूदा पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, परंपरा के बारे में पता होना चाहिए। सनातन के बारे में अधिकांश बच्चों को नहीं पता है। इसकी शुरुआत हमें अटल जयंती से पूर्व तुलसी पूजा और आंगन में तुलसी चौरे को संवारकर करनी होगी इसलिए 25 दिसंबर को पुर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर शहर के मुख्य स्थलों पर, स्कूलों आदि में फैंसी ट्री की बजाय तुलसी पौधा लगाकर उसे संवारने की अपील वो लोगों और शैक्षणिक संस्थाओं से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तुलसी का पौधा स्वास्थ्यवर्धक होता है और हमारी सनातन संस्कार में तुलसी पूजन का बड़ा महत्व भी है, इसलिए हर घर तुलसी और शहर के उद्यान, शैक्षणिक संस्थानो में तुलसी को सजाने सहेजने और संवारने की पहल उनके द्वारा की जा रही है। दूसरी तरफ आज विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर निगम की टीम ने कोहका मुख्य मार्ग में बारात के साथ चल रहे डीजेए जो कि



मानक क्षमता से अधिक ध्वनि फैला रहा था उसे रूकवा कर आवश्यक जाँच की गयी और डीजे संचालक से दस हजार रूपये अर्थ दण्ड वसूल कर बारातियों के अनुरोध पर विवाह कार्यक्रम हेतु डीजे को छोडा गया। निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने आज सुबह राधिका नगर सड़क के किनारे विश्वकर्मा मार्केट में दो स्थानो पर अवैध रूप से टीन शेड लगा कर किये गये कब्जे को बुलडोज़र से ध्वस्त किया। निगम की टीम फरीद नगर के पार्क साईट नामक ओयो पंजीकृत होटल पहुँची और निगम के अधिकारियों ने होटल संचालन से आवश्यक दस्तावेज की जांच की। पूरी कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी उपस्थित नहीं हुए। जाँच में भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता: मौके पर नहीं पाया गया तो निगम के भवन अनुज्ञा विभाग द्वारा नोटिस जारी कर होटल का संचालन बंद करवाया गया। निगम का तोड़फोड़ दस्ता सिरसा रोड कोहका मे होटल फ्रेंड्स पार्क पर कार्रवाई के लिए आगे बढा तो गुरूकृपा डीजे जो बारात के साथ चलते हुए मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था उसे रोक कर आवश्यक जाँच पश्चात अर्थ दंड अधिरोपित किया गया। होटल फ्रेंड्स में बाराती ठहरे हुए थे। निगम की जाँच टीम ने होटल संचालक से आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन करने के बाद ओयो बोर्ड को हटवाया और भवन पूर्णता प्राप्त करने तक होटल को बंद रखने का पंचनामा किया। ज्ञात हो कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद से जिन लोगों ने अपने व्यवसाय संबंधी कागजात पुरे नही रखे थे, वे लोग निगम में अपने कागजात को पुरा करने के लिये प्रयासरत है।

## हिमांशु को अमेरिका में मिली मास्टर डिग्री

**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के वरिष्ठ चर्म रोग चिकित्सक डॉ अजय गुप्ता के पुत्र हिमांशु गुप्ता को एरिज़ोना यूनिवर्सिटी



अमेरिका से मास्टर डिग्री (ए एम एस कम्प्यूटर साइंस) प्रदान की गई। हिमांशु गुप्ता इंजीनरिंग बी ई बिट्स पिलानी से पास की है। उन्होनें ये मास्टर डिग्री डिस्टिंक्शन के साथ पास की है व उसे गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ साथ ही साथ उसे अमज़ोन अमरीका में एप्लाइड साइंटिस्ट की जॉब भी मिल गई है। हिमांशु गुप्ता ने 16 पेपर अंतररास्त्रीय जरनल में प्रकाशित हो चुके है। वे पिछले तीन माह से अपने कार्य में सेवाएं दे रहे है। हिमांशु गुप्ता की इस उपलिब्ध से नगर सहित प्रदेश को गौरावान्वित किया है। डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि हिमांशु शुरु से ही मेधावी रहे है।

# सार्वजनिक उपक्रमों के विलय हेतु संकल्प पारित



**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेफी काउंसिल की बैठक में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय हेतु संकल्प पारित किया था। सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि प्रस्तावित संयंत्र एक दूसरे के अनुपूरक बन सकते हैं। इस्पात मंत्रालय को सेफी के रणनीतिक विलय के सुझाव पर विचार करना चाहिए। यदि सेल आर.आई.एन.एल व नगरनार इस्पात संयंत्र तथा एफएसएनएल को
एक मेगा कंपनी बनाया जाता है तो इस कंपनी के पास उन्नत इस्पात संयंत्र तथा प्रचुर मात्रा में आयरन अयस्क और निर्यात हेतु स्वयं का पोर्ट उपलब्ध रहेगा। जिससे यह राष्ट्र के लिए अत्यंत ही लाभकारी होगा। 11 माह के पर्क्स की राशि के भुगतान हेतु सफी के पदाधिकारियों ने इस्पात सचिव, एन.एन.सिन्हा, संयुक्त सचिव इस्पात, अभिजीत नरेन्द्र से चर्चा की। सेफी, चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि सबसे पहले सेफी ने सेल में 11 माह के पर्क्स की राशि के भुगतान हेत कैट के समक्ष केस दायर किया था। मुलाकात करने वालों में इस्पात सचिव एन.एन. सिन्हा से इस्पात अधिकारियों के लंबित मुद्दों पर राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव, सफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर, सेफी महासचिव अबकास मलिक, अध्यक्ष एसईए एसएस कताम एवं सेफी सह.सचिव केवीडी प्रसाद ने विस्तृत चर्चा की। इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के महारत्न कंपनी सेल को सरकार के इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत एक लाख दस हजार करोड़ रूपये की राशि का निवेश 2030 तक करने की योजना है। उपरोक्त कंपनियों के कार्मिकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के सामाजिक दायित्वों का निवर्हन को भी प्राथमिकता देते हुए इसका बेहतर संचालन किया जा सकता है। इन राष्ट्रीय संपत्तियों को विनिवेश से बचाया जा सकेगा। जिससे इन इकाईयों से जुड़े परिवारों, समाजों को प्राप्त प्रत्यक्ष रोजगार तथा इससे सृजित अपरोक्ष रोजगार को सुरक्षित रखा जा सकेगा। सरकार का यह कदम जहां क्षेत्र के विकास को एक नई गति देगा वहीं बस्तर जैसे दुर्गम वनांचल क्षेत्र में सामाजिकए आर्थिक एवं अधोसंरचना विकास को नई दिशा देने में सफल हो सकेगी। राष्ट्रीय एवं सामाजिक विकास को पहली प्राथमिकता दी है।

# एसएमएस-3 में सुरक्षा सप्ताह का भव्य आयोजन

**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-3में 11 से 16 दिसम्बर तक सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल का उद्घाटन कार्यपालक निदशक एस मुखोपाध्याय ने किया। कार्यपालक निदेशक मुखोपाध्याय ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। एसएमएस-3 टीम एवं अन्य श्रमिकों द्वारा दिखाया गया उत्साह प्रशंसनीय है और टीम को इसी तरह काम करना जारी रखना चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि उत्पादन में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर कार्य निष्पादित करें। इस सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं सहयोगी कंपनियां जैसे सीमेनस, प्रोटेक्टिव, जी आर एंटरप्राइज, केएमसी, वैक्स, वसुवीएस एवं लॉयड्स ने भाग लिया। मेसर्स केएमसी, मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग लिमिटेड और मेसर्स सीमेंस के स्टॉल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ईडी द्वारा सम्मानित किया गया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बीएसपी कार्मिकों और ठेका श्रमिकों द्वारा 54 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। एसएमएस-3 में कार्यरत एसोसिएट कंपनियां मैसर्स सीमेंस, मैसर्स केएमसी, मैसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग, मैसर्स जीआर एंटरप्राइजेज, मैसर्स वीईएक्स इंजीनियरिंग, मैसर्स लॉयड्स, मैसर्स वेसुवियस आदि के कार्मिकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उनके द्वारा लगाए गए स्टालों ने सुरक्षित कामकाज के लिए संयंत्र में उपयोग किए जा रहे उनके उत्पादों पर प्रकाश डाला और प्रत्येक स्टाल ने सुरक्षित और प्रभावी कामकाज के लिए अपने श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के लिए अपनी-अपनी अनूठी विधि दिखाई।

# 15 दिनों तक बंद रहेगा चन्द्रा मौर्या का मार्ग



**भिलाईनगर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। चन्द्रा मौर्या चौक पर फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे आज से सड़क डामरीकरण एवं समतलीकरण कार्य प्रारंभ करने को लेकर उक्त चौक पर आवागमन बंद कर दिया गया है। यहां कार्य लगभग 15 दिनों में पूरा होगा। ट्रैफिक पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्माण कार्य 24 घंटे जारी रहेगा। दोपहिया एवं कार चालक आवागमन के लिये चौक के दोनों ओर कटिंग का प्रयोग कर सकते हैं। बताया गया कि 15 दिसंबर की रात्रि से चन्द्रामौर्या ओवरब्रिज के नीचे चौक पर समतलीकरण एवं डामरीकरण कार्य निर्माण एजेन्सी द्वारा प्रारंभ किया जायेगा। इस दौरान चौक से आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्माण एजेंसी के द्वारा इस कार्य को पूर्ण करने में 15 दिन का समय लगना बताया गया है। इस दौरान वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। अण्डरब्रिज की ओर आने वाले वाहन रायपुर की जाने एवं राम नगर की ओर जाने के लिए चौक के बाएं ओर 20 मीटर आगे कटिंग का प्रयोग करें। इसी प्रकार रामनगर की ओर से आने वाले वाहन अण्डरब्रिज की ओर एवं दुर्ग की ओर जाने के लिए बाएं ओर 20 मीटर आगे कटिंग का प्रयोग करें। पावर हाउस से अण्डर ब्रिज की ओर जाने वाले दोपहिया एवं चार पहिया वाहन होटर अमित इंटरनेशनल के सामने मार्ग का प्रयोग कर चन्द्रामौर्या टाकीज की ओर से आवागमन करे। उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान निर्माण कंपनी को सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने, वाहन डायवर्ट करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने, रात्रि के समय उचित प्रकाश व्यवस्था रखने हेतु निर्देश दिये गये हैं। साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई है कि विपरीत दिशा से वाहन चालन न करें और सावधानीपूर्वक वाहन चलायें।

# शंकराचार्य कॉलेज में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन



**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के एनर्जी क्लब के विद्यार्थी सदस्यों द्वारा इंपोर्टेंस ऑफ रेन्यूवेबल एनर्जी विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें योगेश कुमार बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, हेम कुमार बी.एड. प्रथम सेमेस्टर एवं स्नेहा कुमारी बी.एड. प्रथम सेमेस्टर ने वर्तमान में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए इंपॉर्टेंस ऑफ रेन्यूवेबल एनजी के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि भारत में अत्यधिक ऊर्जा की खपत सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या बन गई है। भारत में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में ऊर्जा का नवीनीकरण आवश्यक है। डीन डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनर्जी कंजर्वेशन क्लब के सदस्य, समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेल विजन कार्यशाला का आयोजन



**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु) संयंत्र द्वारा सेल विजन कार्यशाला का भिलाई निवास में आयोजन संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग एवं एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफकॉलेज ऑफइंडिया हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में, सेल विजन पर पुनरावलोकन हेतु कार्यशालाओं की श्रृंखला में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। सेल की विभिन्न इकाइयों में विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं की इस श्रृंखला हेतु सलाहकार के रूप में कार्य करने के लिए सेल ने, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया हैदराबाद को नियुक्त किया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉ अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी के गिरी, डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक संजय धर, निदेशक डॉ. निर्मल्य बागची, सलाहकार प्रोफेसर विलास शाह, डॉ. कर्णक रॉय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफइंडिया हैदराबाद की सहायता से आयोजित इस सेल विजन वर्कशॉप में, एसआरयू-भिलाई, सीएफ्पी, आरडीसीआईएस, सीईटी, सीएमओ सहित बीएसपी के विभागों और सेल की अन्य इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, कि हमारे संगठन का विजन स्टेटमेंट 2002-03 में तैयार किए जाने के बाद से लगभग दो दशक बीत चुके हैं और अब हमारे लिए अपने विजन स्टेटमेंट को फिर से तैयार करने का उपयुक्त समय है। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आज यहाँ इन युवा कर्मचारियों की उपस्थिति और भागीदारी महत्वपूर्ण है, जो आने वाले बीस वर्षों में इस संगठन का नेतृत्व करेंगे, विशेष रूप से जब हमारा देश 2047 में अपनी आजादी के सौ साल पूरे करके 'अमृतकाल' में प्रवेश करेगा। हमें अपने विजन स्टेटमेंट को इस तरह से दोबारा तैयार करना चाहिए, कि इतिहास हमें इस सदी में स्टील विनिर्माण उद्योग में एक उत्कृष्ट कंपनी के रूप में याद रखे। प्रारंभ में, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. निर्मल्य बागची, प्रो. विलास शाह और डॉ. कर्णक रॉय ने, सेल के विजन स्टेटमेंट के पुनः प्रारूपण के महत्व और इससे सम्बंधित समस्याएँ, चुनौतियों और परिणामों पर प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतिभागियों को टीमों में विभाजित किया गया था, जिन्होंने सामूहिक रूप से विचार-मंथन किया और अधिक कुशल, स्थाई, सुरक्षा-उन्मुख और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से संगठन के विजन को फिर से तैयार करने और प्राप्त करने चर्चा के माध्यम से अपने विचार साझा किये।

# आधार अपडेशन के लिए भिलाई में लग रहा शिविर



**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। आधार अपडेशन के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 जनवरी तक आयोजित होगा। नगर पालिक निगम भिलाई की आम नागरिकों से अपील है कि जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं कराया है वह अपना आधार कार्ड शीघ्र ही अपडेट करा लें। बैंक अकाउंट हो या जन्म-मृत्य, आयुष्मान कार्ड सहित सभी जरूरी दस्तावेजों के लिए आधार अपडेशन जरूरी है। निगम द्वारा लगाए जा रहे शिविर में जोन-1 में 206, जोन 02 में 203, जोन 03 में 170, जोन 04 में 220 तथा जोन 05 में 212 नागरिकों का अपडेशन किया जा चुका है। 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है, उन्हें आधार अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। ताकि उन्हें इस आधार पर अन्य दस्तावेजों को बनाने में सहूलियत हो और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अब तक कई लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपना आधार अपडेट करवा लिया है साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनवा लिया है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के कर्मचारियों के द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### इन स्थानों पर लग रहा शिविर .

13 दिसम्बर को पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड 16 सुपेला बाजार में सामुदायिक भवन शंकर पारा सुपेला व सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर में युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी में मंगल बाजार के पास व राधाकृष्णा मंदिर के पास, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व में डोम शेड सड़क 12-13, वार्ड 04 नेहरू नगर में 14 एवं 15 दिसम्बर को नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर में राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 02 में गौरव पथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में राजीव नगर सामुदायिक भवन व क्रांति चौक के पास आंगनबाड़ी, वार्ड 60 सेक्टर 05 पश्चिम में डोम शेड संत विजय आडिटोरियम, वार्ड 05 कोसानगर में 19 एवं 20 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर व सामुदायिक भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशाली नगर में वैशाली नगर पार्षद कार्यालय, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड में पार्षद कार्यालय मिलन चौक, वार्ड 42 गौतम नगर में गली नं 5 शिव मंदिर व बड़ा मंचशील स्कूल, वार्ड 61 सेक्टर 6 पूर्व में नगर निगम जोन कार्यालय जोन 5, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर में 21 एवं 22 दिसम्बर को शीतला मंदिर संजय नगर व बलीराम किराना स्टोर्स व्यकेटेश्वर टाकिज के पास सामुदायिक भवन, वार्ड 21 कैलाश नगर में कैलाश नगर सियान सदन, वार्ड 35 शारदा पारा में पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर में राजीव नगर दुर्गा पंडाल व राजीव नगर शिव मंदिर, वार्ड 62 सेक्टर 6 मध्य में कालीबाड़ी सेक्टर 6, वार्ड 07 राधिका नगर में 26 एवं 27 दिसम्बर को सियान सदन राधिका नगर, वार्ड 22 कुरूद में बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 36 श्याम नगर में सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमद नगर आंगनबाड़ी केन्द्र में शिविर लगाया जायेगा।

# संविधान दिवस महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। 26 नवंबर को संविधान दिवस महोत्सव संविधान चौक व रेल सांस्कृतिक भवन चरोदा जोन 1 में मनाया गया । स्कूल के बच्चो ने संविधान के महत्व को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुति दी। उनके संविधान पर उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए धम्म सेवा समिति द्वारा चरोदा रेलवे स्कूल में 14 बच्चो को स्कूल असेम्बली में धम्म सेवा समिति व स्कूल प्राचार्य डी लक्मी, योगेश धावले की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार पाने वाले बच्चो में कु भार्या साहू, कु प्रणीता मेहरा, वाय चैतन्य, कु रश्मि कुर्रे, कु हेमलता, चैतन्य टंडन, आयु, आशीष, मनीष कुमार, कु सूफी खातून, हीनल वर्मा, कीर्ती देवांगन, कु तृषा बंजारे, पूर्वी चौहान रहे हैं। रेलवे स्कूल के प्राचार्य डी लक्ष्मी व धम्म सेवा समिति चरोदा से आयु के एल गेडाम, सितेन्द्र गजभिए, दी पा लोखंडे, शैलेश लोखंडे, सतीश मेश्राम, बी आर रंगारी अधिवक्ता आदि ने रेलवे स्कूल के बच्चो को पुरस्कार वितरित किया। संविधान दिवस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की बच्चो की तैयारी से लेकर प्रस्तुति तक रेलवे स्कूल के अध्यापक योगेश कुमार धावले की विशेष भूमिका रही है। सतीश मेश्राम ने संविधान दिवस महोत्सव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में रेलवे स्कूल के प्राचार्य डी लक्ष्मी सहित समस्त शिक्षकों, स्टाफ व संस्कृति कार्यक्रम में शामिल बच्चो को धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के सहयोग देने की अपेक्षा की।

# बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार

**भिलाईनगर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। साई कॉलेज सेक्टर 6 के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यशाला का विषय बायोइन फॉर्मेटिक्स बेसिक एंड बायोलॉजिकल एनालिसिस था। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ अनुभूति झा असिस्टेंट प्रोफेसर बायोटेक्नोलॉजी सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई रहीं। डॉ अनुभूति ने बताया कि किस तरह से बायोइन फॉर्मेटिक्स टूल्स का उपयोग करके मेडिसिंस के क्षेत्र में व जेनेटिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मॉडलिंग के द्वारा हम बायोमोलीक्यूलिस के स्ट्रक्चर को समझ सकते हैं व उसे समझ कर नए ड्रग का अविष्कार कर सकते हैं। उन्होंने छात्र.छात्राओं को कई सारे बायोइन फॉर्मेटिक्स के टूल्स के बारे में भी जानकारी दी व ट्रेनिंग भी कराई जिससे बीएससी एवं एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता साई कॉलेज की आईयूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ ममता सिंह ने की। उन्होंने अनुभूति झा मेडम को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग को इस प्रकार की आयोजन करने हेतु बधाई दी।



## सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगित टीम घोषित

**भिलाईनगर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में हरियाणा टेबल टेनिस संघ द्वारा पंचकुला में 16 से 22 दिसंबर तक 85वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीनियर पुरुष एवं महिला टीम आज रवाना हुयी। टीम की कोच सुश्री सुप्रिया सोम एवं मेनेजर आशीष सोम है। राष्ट्रीय अंपायर पी.एन. मजुमदार को चुना गया है। सीनियर पुरुष अरिंदम देबनाथ कप्तान, पवन दास सागर घाटग कप्तान रायपुर, रामजी कुमार के. साई प्रशांत, प्रणय चौहान, टी विलियम्स, राजीव साहू, एम. रविराज, विशाल डेकाटे, लोकेश जांगड, अमन वमा, सीनियर महिला अनन्या दुब कप्तान, सुरभि हर्ष साहू, सुष्मिता सोम, आर. देवांशीस पायल हंसापुरी, आंचल बरेठ काजल, शर्मिष्ठा शर्मा उपरोक्त जानकारी विनय बैसवाड़े ने दी।

## विधायक संदीप साहू आज लवन में आभार सम्मेलन में होंगे शामिल

**लवन,** 15 दिसंबर। 16 दिसंबर दिन शनिवार को बाबा गुरु घासीदास भवन मेंन रोड नगर पंचायत लवन में आभार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें कसडोल विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू शामिल होंगे।



# भ्रष्टाचार व धर्मांतरण के कारण कांग्रेस की हुई हार : डॉ. विमल चोपड़ा



**गरियाबंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने पांच साल भ्रष्टाचार किया और तुष्टिकरण की राजनीति की। बस्तर में धर्मांतरण के कारण तनाव था, कांग्रेस ने इसको बढ़ावा दिया। धर्मांतरण के कारण लोग नाराज थे। कवर्धा और भीरनपुर की घटना के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश बाद गया था। कांग्रेस इसे संभाल नहीं पाई। इसके चलते प्रदेश में बदलाव आया। आदिवासी बाहुल्य संभाग बस्तर और सरगुजा सहित समूचे प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त मिली। उक्त बातें पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने गरियाबंद में पत्रकारों से चर्चा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि साजा में सामान्य से व्यक्ति ईश्वर साहू और कवर्धा में विजय शर्मा की जीत दिग्गजों पर जीत कांग्रेस के आक्रोश का उदाहरण है।

### कांग्रेस केवल आरोप लगाती रही, एक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया

डॉ. चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस 5 साल तक केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाती रही लेकिन भाजपा के खिलाफ एक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया। उल्टा पांच साल प्रदेश में कोयला, शराब, गोबर, रेत, पीएससी सहित अनेक घोटाले किए। कोयला घोटाला में तो ईडी और आईटी की जांच में भूपेश बघेल की सचिव सौम्या चौरसिया सहित उनके करीबी आईएस आज जेल में है। शराब घोटाले की भी जांच चल रही है। महादेव सट्टा एप में भूपेश बघेल का नाम है। पीएससी घोटाले के 18 लोगो के भर्ती में हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। इसका असर चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ देखने को मिला।

### कांग्रेस की घोषणाओं पर जनता का भरोसा नहीं

पूर्व विधायक विमल चोपड़ा ने कहा कि इस बार प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के वादों और घोषणाओं पर भरोसा नहीं जताया। बल्कि मोदी की गारंटी पर अपनी मोहर लगाई। चुनाव में कांग्रेस ने 36 वादे किए थे, वादे अधूरे रहें। न सबका कर्जा माफ हुआ न प्रदेश में शराब बंदी हुई। उल्टा शराब में ही करोड़ों का घोटाला कर दिया। रेत, कोयला और शराब का पैसा अपनी जेब में भरा, दिल्ली पहुंचाया। चोपड़ा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सभी घोटालों को जांच होगी, सभी दोषी जेल जाएंगे।

### लोकसभा में कांग्रेस से चुनाव लड़ने तैयार नहीं होंगे

पूर्व विधायक चोपड़ा ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राफ बढ़ गया है। मोदी की गारंटी के कारण ही तीन राज्यों में भाजपा की जीत हुई है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा छत्तीसगढ़ की पूरी 11 सीट जीतेगी। कांग्रेस की स्थिति तो ये है कि लोकसभा में कांग्रेस रहेगी या नही ये भी तय नहीं। लोग लड़ने तैयार मिलेंगे या नही इसका भी पता नही।

# अंबेडकर चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण कार्य शुरू



**गुरुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरुर नगर के अंबेडकर चौक से ग्राम कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण कार्य शुरू हो गया है। यह प्रमुख कार्य विधायक संगीता सिन्हा की विशेष पहल से हो रहा है, गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व गुरुर नगर में भेंट मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे थे जहां विधायक संगीता सिन्हा ने उपरोक्त कार्य के लिए मांग पत्र सौपा था।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से जानकारी के मुताबिक 6 अक्टूबर 2023 को आदेश मिलने के बाद कार्य प्रारंभ किया गया है, इस कार्य की लागत राशि 85.09 लाख रुपए है। लगभग 1 किलोमीटर इस मार्ग की चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण होने के बाद गुरुर नगर की सुंदरता बढ़ जाएगी क्योंकि इस मार्ग में तहसील कार्यालय, शिक्षा विभाग, शासकीय महाविद्यालय, कृषि विभाग, एसडीएम कार्यालय जैसे प्रमुख कार्यालय संचालित है इसके अलावा इस मार्ग से होकर दर्जनों गांव के ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं ऐसे में सभी को सहूलियत होगी।

### अंबेडकर चौक से जुड़ जायेगा दर्जनों गांव

गुरुर नगर में इस महत्वपूर्ण कार्य होने के बाद एक तरफ गुरुर नगर की सुंदरता बढ़ेगी, तो दूसरी तरफ गुरुर से लगे हुए ग्राम दानीटोला, दरगहन, कन्हारपुरी, मोखा, धानापुरी, चूल्हापथरा, सोनाईडोंगरी जैसे अन्य गांव सीधे ही जुड़ जाएगा। गुरुर नगर के अंबेडकर चौक से होकर ग्राम बढ़भूम एवं कांकेर, चारामा के लिए भी बस जाती है ऐसे में इस निर्माण कार्य के बाद अंबेडकर चौक का महत्व बढ़ जाएगा।

# खोरदो में संकुल स्तरीय खेलकूद का शुभारंभ



**गुरुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम खोरदो में संकुल स्तरीय (खूंदनी) खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में क्षेत्र की जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू शामिल हुई। इस आयोजन में ग्राम खोरदो, खूंदनी, परसुली, अकलवारा, डढारी से विद्यालय के बच्चे एवं पालक गण बड़ी संख्या में पहुंचे थे। जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू ने कहा कि कोरोना काल की वजह से यह कार्यक्रम रोक दिया गया था लेकिन अब फिर से इसे प्रारंभ किया गया है। हर खेल में हार व जीत निश्चित है इसलिए खेल में हार मिलने पर खिलाड़ियों को उदास नहीं होना चाहिए बल्कि पुन: जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। इस दौरान तेजराम साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, झालेंद्र सिंहा, लक्ष्मी गैंगबेर सरपंच, रघुनाथ साहू, देवल सिंह, पंच राम, भगबलि, दुर्गा गुरुवानी सहित सभी गुरुजन एवं समस्त ग्रामवाशी ग्राम खोरदो उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण में साजा विस से हजारों लोग पहुंचे



**देवकर,** 15 दिसंबर। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में साजा विधानसभा से 2 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे रायपुर.छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय ने रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ली। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने साजा विधानसभा से करीब 2 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। बता दे कि कार्यकर्ताओं के रायपुर दौरे के लिए बसों व निजी टैक्सियों की व्यवस्था की गई थी। इसमें भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सह प्रभारी राकेश पान्डेय , अनुज वर्मा ,छत्रपाल वर्मा मंत्री युवा मोर्चा साजा सोसल मीडिया प्रभारी साजा ,नारायण धृतलहरे आदि लोग कार्यकर्ता गए थें।

# बालोद कॉलेज से टेकराम पटेल विवि में देगा अपनी प्रस्तुति



**गुरुर,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम अरमरीकला निवासी टेकराम पटेल का तत्कालिक भाषन प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दुर्ग विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित युवा उत्सव 2023-24 के अंतर्गत घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय बालोद की ओर से आयोजित युवा उत्सव मे एम.ए के छात्र टेकराम पटेल 16 दिसम्बर को कल्याण कालेज भिलाई मे तत्कालिक भाषन प्रतियोगिता में प्रस्तुति देगा। प्रभारी प्राध्यापक नायक सर ने बताया कि विश्वविद्यालय के अनुसार हमने महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराया जिनमें से यह तात्कालिक भाषण भी था, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टेकराम पटेल जी क था, वह हमारे महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए आगे अपनी प्रस्तुति देगा टेकराम पटेल पूर्व में भी आयोजित युवा भेंट मुलाकात में भी प्रस्तुति देकर बालोद महाविद्यालय सहित जिले का मान बढ़ाया था साथ ही प्रभारी प्राचार्य खलखो सर सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प

**कवर्धा,** 15 दिसंबर । कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-सीमा की बैठक में 14 दिसम्बर को "राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस" पर "ऊर्जा संरक्षण" का संकल्प दिलाया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प भी लिया। चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में ऊर्जा के विभिन्न स्वरूप, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल ऊर्जा एवं हरी-भरी धरती को प्रदर्शित किया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा पार्क, कवर्धा में स्कूलीय विद्यार्थियों ने ऊर्जा सरंक्षण के लिए जागरूकता रैली निकालकर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को भी ऊर्जा संरक्षण के अभियान से जोड़ा गया, जिसके तहत ऊर्जा संरक्षण विषय पर ऊर्जा पार्क, कवर्धा में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विश्व में ऊर्जा संरक्षण की जरूरत का संदेश देते चित्र बनाया। ऊर्जा के विभिन्न स्वरूप पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल ऊर्जा एवं हरी भरी धरती को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, सहायक संचालक यू.आर. चन्द्राकर, सहायक अभियन्ता क्रेडा वैभव दुबे और क्रेडा विभाग के कर्मचारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षकायें उपस्थित थे।

# बिहाझर से गांजर-रेवा मोंगरापाली सड़क जर्ज़र होने से राहगीर हो रहे हादसे का शिकार

**बागबाहरा,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। अंचल के आवागमन के प्रमुख मार्ग नेशनल हाईवे 353 खोपली-बिहाझर पड़ाव से गांजर-मुनगासेर रेवा मोंगरापाली मार्ग इन दिनों अत्यंत जर्जर एवं चौड़ाई कम होने के कारण रोज दुर्घटनाओं का लोग शिकार हो रहे हैं। बड़ी गाड़ी आने पर अन्य वाहन वालों को बड़ी मुश्किल से गाड़ी चलाना पड़ता है। इस जर्जर सड़क की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा अनेक बार शासन-प्रशासन से मांग की गई। लेकिन उपेक्षा एवं अनदेखा के चलते इस जर्जर मार्ग का न तो मरम्मत हो रहा है। और न ही इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है।

**क्षेत्र के आवागमन के प्रमुख मार्ग की चौड़ाई नहीं बढ़ाए जाने पर धरना प्रदर्शन करने की ग्रामीणों ने दी चेतावनी**

क्षेत्र के यह प्रमुख मार्ग बिहाझर खोपली पड़ाव से लेकर रेवा मोंगरापाली तक की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। जो छत्तीसगढ़ से होकर ओड़िशा प्रदेश को जोड़ती है। तथा इस लम्बी दूरी वाले जर्जर मार्ग में लोगों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। इस मार्ग में चलने वाले लोग अपनी जान जोखिम को हाथ में लेकर चलते हैं। इस मार्ग में कहीं न कहीं रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। जर्ज़र मार्ग के चलते राहगीर रोज सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं इस मार्ग की इतनी कम चौड़ाई है जिसमें लोग अपने वाहन के साथ बड़ी मुश्किल से चलते हैं। इस मार्ग में इतने घुमावदार सड़क है कि बड़ी मुश्किल से वाहन वाले गुजरते हैं। इस मार्ग में चलते समय हमेशा डर एवं भय बना रहता है। 30 किलोमीटर की दूरी वाले उडीसा प्रांत को जोडने वाली इस सड़क मार्ग की चौडाई कम होने तथा अनेकों जगहों पर अंधा मोड होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। उक्त सडक पर होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग व्दारा सड़क की चौड़ाई को बढाने का निर्णय लेते हुए तकरीबन 70 करोड रुपये का प्राकलन तैयार कर शासन को स्वीकृति करने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। उक्त जर्ज़र सडक की चौडीकरण करने एंव अंधा मोड को खत्म करने के बाद ही सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पिछले कुछ महीने से इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं होने की खबरे रोज आ रही है। इनमें अनेकों लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने इस लम्बी सड़क की चौड़ाई बढाना अति आवश्यक है। उपरोक्त सडक मार्ग दर्जनों आवासीय क्षेत्र गांव के बीचों बीच को पार कर बनाया गया है। इस सडक मार्ग के किनारे में आधा दर्जन स्कूल, हाई स्कूल,अस्पताल जैसे सरकारी संस्था निर्मित है। इस सडक मार्ग में गाडियों का दिन रात आना जाना लगा रहता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक व्यस्ततम सडक मार्ग में से एक है।छत्तीसगढ़ सरकार इस जर्ज़र एवं खस्ताहाल सडक मार्ग की चौडाई बढाने प्रशासनिक स्वीकृति तत्काल देवें। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लग सके। इस जर्जर सड़क मुद्दे को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर ने गांजर, मुनगासेर एवं रेवा मोंगरापाली के किसानों एवं ग्रामीणों की बैठक पिछ्ले दिनों गांव में लिया है। तथा इस अत्यंत ज्वलंत मुद्दे को लेकर बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी सहमती दी है। इस जर्जर सड़क की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग को लेकर पहले शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया जाएगा। अगर उसके बाद भी इस मांग की अनदेखी की गई तो इस क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# 25 दिसंबर तक क्लीन टॉयलेट अभियान

**आम नागरिकों से सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई रखरखाव की अपील : शीतल**



**दल्लीराजहरा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ समस्त नगरी निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका दल्ली राजहरा में 17 नवंबर से 25 दिसंबर तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारंभ किया गया है द्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने आम नागरिकों, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अभियान से जुड़कर क्षेत्र में समस्त सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई एवं रखरखाव की अपील की है द्य अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के पीआईयू रामगोपाल सिन्हा, सामुदायिक संगठन उमेश्वरी नेताम, सीआरपी लक्ष्मी सिन्हा एवं राष्ट्रीय शहरी आजीवका मिशन के स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचायलयों का भ्रमण कराया जा रहा हैद्य शौचालय के उपयोग सफाई एवं रखरखाव के लिए जागरूक किया गया द्य अभियान के अंत में समस्त शौचालय का ग्रेडिंग स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जावेगा।


## निधन

### अधारी रात्रे



**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर। ग्राम जर्वे निवासी अधारी रात्रे उम्र 70 वर्षा का आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्राकार राखीराम रात्रे, भीमसेन रात्रे के पिता थे एवं पत्रकार भूपेन्द्र कुमार रात्रे, रामाकंत रात्रे, टूकेशवर रात्रे, सत्यप्रकाश रात्रे, ढालेद रात्रे के दादा थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पारिवारिक एवं समाजिकगण काफी संख्या में शामिल हुए।

### मंगलीन बाई साहू



**भाटापारा,** 15 दिसंबर। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती मंगलीन बाई साहू 62 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे पीताम्बर साहू की पत्नी, परमेश्वर मुरारी की मां, शंकर साहू की भाई बहू, बिसंभर, कुंवरसिंह की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार ढाबाडीह स्थित शमशान घाट में किया गया।

### नोखे लाल सिन्हा



**कुम्हारी,** 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज नगर इकाई कुम्हारी जिला दुर्ग के पूर्व कोषाध्यक्ष नोखे लाल सिन्हा (33 वर्ष) पिता स्व. इंदल सिंह सिन्हा का कल रात 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1.30 बजे, कुम्हारी निज निवास से मुक्तिधाम के लिए रवाना हुआ जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बीपीएल-एपीएल राशन कार्डधारी ...

सदस्यों का नाम हरे रंग में होगा उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है उसे स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा। उनके नाम के सामने च्ड्डू-ईकेवायसीज्ज विकल्प प्रदर्शित होगा, तो च्ड्डू-ईकेवायसीज्ज विकल्प का चयन करें, आगे आधार एथेंटिकेशन-सत्यापन हेतु 4 विकल्प प्रदर्शित होंगे। आधार ओटीपी या फिंगर प्रिंट या ईरीस स्केन या फेस एथेंटिकेशन। यदि आधार कार्ड से मोबाईल नम्बर लिंक है तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें और यदि आधार से मोबाईल नम्बर लिंक नहीं है तो फेस एथेंटिकेशन विकल्प का चयन करें। यदि आपके पास फिंगर प्रिंट बायोमेटिक डिवाइस उपलब्ध है तो फिंगर प्रिंट विकल्प का चयन कर आधार एथेंटिकेशन पूर्ण करें। अब कैप्चर फोटो विकल्प पर जाकर अपना पासपोर्ट- क्लोज अप जिसमें चेहरा सीधा दिख रहा हो, को फोटो खींचना होगा। फिर पता व मोबाइल नम्बर की जानकारी भर कर सबमिट बटन पर क्लिक करें। इस प्रकार सबमिट करते ही आपका केवायसी पूर्ण हो जाएगा। इसप्रकार केवायसी आटो एप्रूव भी हो सकता है। आटो एप्रूव होने पर कार्ड डाउनलोड करें। आटो एप्रूव नहीं होने पर अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें, अप्रूवल हो जाने के बाद अपना आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी दी है। लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है कि अब उन्हें च्वॉइस सेंटर व निकाय दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, नए आयुष्मान कार्ड बनाने तथा ई.के. वाई.सी. अपडेशन के कार्य घर बैठे नि:शुल्क किया जा सकता है।

## मत्स्य विभाग की वाहन की नीलामी का सूचना प्रकाशन

**बेमेतरा,** 15 दिसम्बर। कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन विभाग बेमेतरा मे अनुपयोगी उपलेखित वाहन कमाक वाहन कमांक छ्त्त-02-2979 (महिन्द्रा इनवेडर) जहाँ है, जिस स्थिति में है, के विक्रय हेतु मोहर बंद निविदायें दो लिफाफा पध्दति पजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट या से निम्नलिखित तिथि अनुसार की जाती है। 29 दिसम्बर तक निविदा प्रपत्र विक्रय कर सकते हैं व निविदा प्राप्त करने का अतिम तिथि 1 जानवरी 2024 तथा 2 जानवरी कों निविदा खोला जायेगा 7 अपलेखित वाहन किसी भी कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार कार्यालयीन समय में रूपये 100.00 देकर कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जिला बेमेतरा, कक्ष कमांक 52, जिला कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा 02 जानवरी 2024 को समय 3.00 बजे ए.डी.एम. कक्ष क्रमांक 36 में निविदा खोली जायेगी।

# कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रतियोगिता में सरायपाली

**सरायपाली,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएल एम प्रतियोगिता में सरायपाली का दबदबा रहा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस आदर्श हिन्दी माध्यम महासमुंद के सभागार में रखा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी ,बीआरसीसी सतीशस्वरूप पटेल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप के नेतृत्व में विकासखंड के नवाचारी, लगनशील शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जिला के पाँचों विकासखंड के शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने कबाड़ के सामग्रियों से निर्मित रोचक,आकर्षक, विषय संबद्ध,शिक्षाप्रद सहायक शिक्षण अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शन बखूबी किया। अनुपयोगी सामग्रियों एवं न्यूनतम लागत का उपयोग करके टीएलएम निर्माण कर बच्चों में आविष्कारक व वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित करने उनका राह प्रशस्त किया है साथ ही कक्षा शिक्षण को सुगमता और सरलता से बच्चों में समझ विकसित करना मुख्य उद्देश्य रहा है।यह प्रतियोगिता अपने नाम से ही परिलक्षित होता है,यह प्रतियोगिता को दो स्तर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक में गणित व विज्ञान विषय से संबंधित की थीम पर आधारित रहा जिसमें एक से बढ़कर एक टीएलएम का प्रदर्शन शिक्षक/शिक्षिकाओं ने किया, सभी का प्रयास काफ़ी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एमजीएम सतीश नायर,डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चंद्राकर, प्राचार्य सेजेस (हिन्दी माध्यम) हेमेन्द्र आचार्य ,एपीसी विद्या साहू,राजकुमार साहू,कार्यक्रम प्रभारी एवं एपीसी सम्पा बोस,ज़िला संयोजक जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद जगदीश सिन्हा,निर्णायक मंडल/विज्ञान परिषद के सदस्य- डॉ संध्या चंद्राकर,विवेक वर्मा,राजेश्वर चंद्राकर, खेमराज साहू की गौरवमई उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।



विकासखंड सरायपाली के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बारह पुरस्कारों में से सर्वाधिक छ: पुरस्कार अपने नाम कर नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में वर्षा नंद प्रा.शा.बानीगिरोला को गणित में प्रथम स्थान,घनश्याम चौधरी प्रा.शा. गोहिरापाली को गणित में द्वितीय स्थान,योगेश साहू प्रा.शा.कसडोल को विज्ञान में द्वितीय स्थान तथा यशवंत कुमार चौधरी सेजेस सरायपाली को गणित में द्वितीय स्थान,कनकलता राजहंस को गणित में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा प्रधान पाठक शीला विश्वास शास. प्राथ. शाला मुंधा, डिरीप पटेल शास. उच्च प्राथ. शाला बालक तोरेसिंहा ,सुषमा नायक शास.उच्च. प्राथ. शाला कनकेवा,नवीन मिश्रा शास.उच्च. प्राथ. शाला पंड़कीपाली, मोहन खंडेल शास. प्राथ. शाला कनकेवा ,निरंजन मेहेर शास.प्राथ. शाला केसराटाल ने भी सराहनीय प्रस्तुति दी और इनका प्रदर्शन भी उत्कृष्ठ रहा जिन्हें सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। तथा प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायतों में होगा विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**बेमेतरा,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 19 दिसम्बर 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा की बैठक का आयोजन करने के निर्देश दिये गये है। इस संबंध में कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने बेमेतरा जिले के सर्व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं जनपद पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर दिए हैं। जारी पत्र में 19 दिसम्बर 2023 को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन करने के निर्देश दिये गए हैं। उक्त पत्रानुसार पचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (डीपीडीपी , बीपीडीपी × जीपीडीपी ) विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 (पीपीसी 2023-24) का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत/जनपद पंचायतों / ग्राम पंचायत में कमशः सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। आदर्श आचार संहिता के कारण निर्धारित समय सीमा में ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाना है।

विशेष ग्राम सभा में विभिन्न एजेण्डा को सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमे जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर च्संकल्पज्ज लिया जाकर वाइब्रेन्ट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाय। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाय। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लॉ-कॉस्ट-नो-कॉस्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाय आदि शामिल है इसके अतिरिक्त ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के निम्न बिन्दुओं पर भी चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं, जैसे की ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत / जिला पंचायत को प्रेषण करना । ओ.डी.एफ. प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों का ओ.डी.एफ प्लस घोषित करने की घोषणा। गोबरधन योजनान्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निधारण।

ग्राम सभा में लिये गये निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ग्राम रामा निर्णय मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है। ग्राम सभा च्संकल्पज्ज एवं गतिविधियों को वाइबेट ग्राम सभा पोर्टल एवं पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ।

# भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर ली वर्चुअल बैठक

**बेमेतरा,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव, (भा.प्र.से.) ग्रामीण पंचायत सी.एस. कुमार ने आज राजधानी रायपुर के चिप्स कार्यालय के वीसी कक्ष से विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। भारत सरकार द्वारा श्री सी.एस. कुमार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कलेक्टर पी.एस. एल्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, श्री सी.एल. मार्कण्डेय, उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डडसेना, जिला खाद्य अधिकारी, श्री नितीष त्रिवेदी, उप संचालक महिला एवं बाल विकास श्री बी.डी. पटेल सहित विभिन्न विभागों के नियुक्त प्रभारी अधिकारी वर्चुअल जुड़े।



■ कलेक्टर एल्मा ने दी तैयारियों की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी श्री सी.एस. ने कहा कि कल 16 दिसम्बर (शनिवार) को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से शाम 4 बजे इस अभियान को हरी झंडी दिखायेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी जिलों से जुड़ेगे। उन्होंने भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं के सैचुरेशन के लिए आटरीच गतिविधियों के प्रचार एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारियों की जिले बार जानकारी ली।

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिले में विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर समिति का गठन कर लिया गया है। विकासखंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड आदि के शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। दिशा-निर्देशों के तहत आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया गया है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में और तेजी से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। श्री कुमार ने भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भारत, पीएजेएवाई, प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रीण आजीविकास मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, (ग्रामीण) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, नौनो उर्वरक आदि की संबंध में जानकारी दी। उन्होनें कहा कि जरूरतमंदों को इन योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य है। सभी पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह भी सुनिश्चित करना है।

# नपा बेमेतरा में श्रमदान कर क्लीनलीनेस ड्राईव का आयोजन किया



**बेमेतरा,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत आज 13 दिसम्बर 2023 को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत क्लीनलीनेस ड्राईव का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर के वार्ड क्र 12 स्थित शौचालय एवं वार्ड क्र 16 के शौचालय व मुक्तिधाम के आस पास की साफ सफाई की, शौचालय के आस पास फैले कचरे को श्रमदान कर साफ किया पॉलीथीन एवं अन्य कचरों का निपटान करते हुए आसपास के अनावश्यक पेड़ पौधों की कटाई की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भुपेन्द्र उपाध्याय के आदेशानुसार रवि देवांगन पीआईयु स्वच्छ भारत मिशन के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा श्रमदान का आयोजन किया गया। आगामी समय में भी उक्त कार्यक्रम जारी रहेगा।

# भाजपा के घोषणा पत्र मे जो वादा मोदी के गारंटी के साथ किया था वो अब पूरा हों रहा हैं: दयालदास बघेल

**बेमेतरा,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। नवागढ विधानसभा के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री दयालदास बघेल ने भाजपा के घोषणा पत्र में किये गए वादों पर कहा की भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो घोषणा किया था उसे पूरा किया जा रहा हैं इस कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में 05 साल तक आवासहीन गरीब परिवारों का 18 लाख प्रधानमंत्री आवास रोककर रख दिया गया था गरीबों का हक मारा जा रहा था पर भाजपा सरकार बनते ही घोषणा पत्र वादा अनुरूप मोदी की गारंटी के स्वरुप पहली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 18 लाख प्रधानमन्त्री आवास देने का कैबिनेट में मंजूरी दी हैं साथ ही साथ 25 दिसंबर को प्रदेश के किसानों को भाजपा के घोषणापत्र के वादा अनुरूप 02 साल का बकाया बोनस दिया जायेगा यह भी निर्णय कैबिनेट में लिया गया हैं विधायक नवागढ़ दयालदास बघेल ने कहा की यह मोदी की गारंटी है भाजपा का घोषणा पत्र का वादाओ को पूरा करने का शुरुआत हो गया है और आगे भी पूरा किया जायेगा साथ साथ क्षेत्र में भी विकास का कार्य आगे बढ़ेगा ।



■ कैबिनेट के पहली बैठक में फैसला 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय एवं किसानों को 2 साल का बोनस 25 दिसंबर को दिया जायेगा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आज कबीरधाम जिले के मजगांव से होगा

**कवर्धा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कबीरधाम जिले के कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मजगांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभांरभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 दिसंबर दिन शनिवार को शाम 4:00 बजे वर्चुअल विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। साथ में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय भी कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे से वर्चुअल जुड़ेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल होगे। उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद डिप्टी सीएम का यह उनका प्रथम कबीरधाम जिला आगमन होगा।

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल रूप से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी होंगे कार्यक्रम में शामिल

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि इस दौरान केंद्र सरकार से ज़िले के लिए प्राप्त आई ई सी वैन को प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्चुअल झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा और नागरिकों को संबोधित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुचाने और छुटे हुए लाभार्थियों की पहचान कर शिविर स्थल में लाभान्वित करने यात्रा का आयोजन हो रहा है। केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाले आई ई सी वैन पंचायत में पहुंचेगी और विभिन्न विभागों द्वारा मिलकर शिविर लगाया जाएगा।

शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करने के लिए प्रत्येक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। संकल्प यात्रा कबीरधाम जिले में 16 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक नगरी निकाय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु रूट चार्ट तैयार कर दे नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार संकल्प यात्रा के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए नियंत्रण कक्ष आईटी पोर्टल में जानकारी अपलोड करने की संपूर्ण व्यवस्था आईईसी वैन के लिए डे नोडल अधिकारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत स्तरीय समिति में स्वागत समिति उत्सव समिति एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति जिला प्रशासन द्वारा की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 16 दिसंबर से अभियान की शुरुआत जिले में हो रही है। एक विकासखंड में दो वैन तथा पूरे जिले के लिए आठ वैन शासन से उपलब्ध होगा। प्रत्येक दिवस 16 ग्राम पंचायतो में शिविरों का आयोजन कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को रूबरू कराया जाएगा।

# मोदी की गारंटी सरकार बनने के तुरंत बाद लागू करने का वादा था अब 5 साल की बात कर रहे: मनराखन देवांगन

**खैरागढ़,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार की प्रथम केबिनेट की बैठक में निर्णय लिया कि छत्तीसगढ़ की जनता को निराशा हुई. कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां कि राज्य में धान खरीदी का कार्य चल रहा है. भाजपा ने वादा किया था कि प्रति एकड़ 21 चिंटल के हिसाब से 3100 रुपए के भाव में धान की खरीदी करेंगे, साथ ही भाजपा ने यहां भी वादा किया था कि धान खरीदी केन्द्रों में गांव में ही एकमुस्त राशि का भुगतान किया जायेगा 70 लाख से अधिक माताओं - बहनों का फार्म भरवा कर सरकार बनते ही 1000 रुपए प्रति माह साल में 12000 रुपए महतारी वंदन योजना के तहत देने का वादा किया था. साथ ही 500 गैस में सब्सिडी देने का वादा किया था. लेकिन केबिनेट की बैठक में इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया यह ऐसा विषय है जिसमें तुरंत निर्णय लेने की आवश्यकता थी. जब धान खरीदी केंद्रों में 21 चिंटल के आधार पर निर्णय नहीं हुआ तो 3100 रुपए के मूल्य तथा नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं होगी तो किसानों के इस वादे का क्या होगा? श्री देवांगन ने कहा कि प्रथम ही बैठक में भाजपा की सरकार ने वादा खिलाफी के लिए जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है. चुनाव के पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वादा किया था अब बोल रहे है कि पांच साल में गारंटी लागू करेंगे कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वादे से मुकर जाएं तो इसका बड़ा उदाहरण भाजपा की सरकार ने पेश किया है प्रथम केबिनेट की बैठक मे सरकार के उदासीनता के चलते किसानो को अब शायद इसका लाभ नहीं मिल पाएगा।



■ महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रु प्रतिमाह पर भी भाजपा सरकार ने नहीं लिया निर्णय

# नेशनल लोक अदालत के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**खैरागढ़,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार 16 दिसंबर शनिवार को पूरे भारत वर्ष में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत व व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, व राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जाएगा लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप द्वारा संबंधित न्यायाधीश, अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया जा रहा है लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगर पालिका परिषद् में वसूली से संबधित लंबित प्रकरण प्री- लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे, जो विधिवत पंजीयन के उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत किया जाएगा साथ ही व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है. नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने वाले पक्षकारों, विद्युत विभाग, समस्त बैंक, दूरसंचार विभाग, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहेंगे, जो अपने स्वास्थ्य परीक्षण व उचित परामर्श स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले सकते है. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल खैरागढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन के नेतृत्व में आयोजित होगा जिसका लाभ सभी जनमानस ले सकते हैं.

# युवक ने किया कीटनाशक का सेवन कारण अज्ञात



**खैरागढ़,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलाकछार के रहने वाले 40 वर्षीय युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया है. सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लालचंद पिता रुपु पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपलाकछार का रहने वाला है. यह घटना 15 दिसंबर शुक्रवार की दोपहर 1 बजे के आसपास की बताई जा रही है. परिजनो ने बताया की घर परिवार में किसी प्रकार का कोई लड़ाई झगड़ा नही हुआ है. लालचंद ने चने के फसल में डालने वाले कीटनाशक 505 का सेवन बड़ी मात्रा में कर लिया है. परिजनो ने आनन फानन में निजी वाहन कर लालचंद को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती किया है. जहां चिकित्सकों की मौजूदगी में लालचंद का उपचार किया जा रहा है. परिजनो ने यहां भी बताया कि लालचंद कीटनाशक का सेवन क्यों किया है घर परिवार के सदस्यो को अभी तक इसके बारे में कोई जानकारी है फिर हाल कारण अज्ञात बताया जा रहा है.

# खेल समापन के बाद जिम्मेदार शिक्षक नदारद कुर्सी टेबल ढुलाते रहे बच्चे



**गुण्डरदेही,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु) । ग्राम कंचादुर में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जहा खेल के समापन के बाद खेल मैदान से जिम्मेदार शिक्षक व संकुल प्रभारी मैदान से नदारद दिखे खेल मैदान मे रखे वजनी कुर्सी टेबल व अन्य भारी समान को प्राथमिक स्कुल के बच्चे मैदान से दो सौ मीटर दूर स्कुल तक सायकल मे ले जाते रहे आखिर यह सब काम स्कुल मे विभाग द्वारा रखे चपरासी व स्वीपर का है या छोटे-छोटे स्कूली बच्चो का खेल के बाद जिम्मेदार शिक्षक भी नदारद दिखे विभाग के अधिकारी को चाहिए ऐसे जिम्मेदार शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की।

# विधायक भावना बोहरा का एक्शन मोड, बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

■ हरिनाला निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने का निर्देश

■ सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य को जल्द शुरू करने किया निर्देशित पोंडी से पांडातराई एवं पंडरिया तक सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता के लिए दिए जांच के निर्देश

**पंडरिया,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा 71 की नवनिर्वाचित विधायक भावना बोहरा ने कवर्धा में प्रशासनिक अधिकारियों एवं सभी विभागों के अधिकारियों तथा पुलीस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई मत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल कार्य करने के निर्देश जारी किये हैं। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित हरिनाला निर्माण कार्य, बहुप्रतीक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के कार्य में रुकावट को दूर कर उसे जल्द प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। पीएम आवास योजना के तहत पूर्ण व अपूर्ण घरों व लाभार्थियों की सूचि तथा जिनके घर अधुरें हैं उन्हें जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने के साथ शक्कर कारखाना में शेयर धारकों को हो रही परेशानी को दूर करने के संबंध में चर्चा कर कारखाने की क्षमता बढ़ाने ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके व रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने की भी बात कही जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। इसके साथ ही भावना बोहरा ने अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार पर नकेल कसने और जनता के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ जल्द दूर करने की बात भी कही। वहीं रुके हुए विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू करने के भी निर्देश दिए।



## हरिनाला निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने का निर्देश

बैठक में भावना बोहरा ने प्रमुख रूप से पंडरिया में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनता को हो रही समस्या को देखते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द हरिनाला निर्माण कार्य को शुरू करने के साथ ही महतारी एक्प्रेस को समय पर जरूरतमंद लोगों तक पहुँचने, कुकदुर व जंगल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने तथा विधानसभा में सर्वसुविधा युक्त एक आदर्श अस्पताल एवं आदर्श विद्यालय की स्थापना करने की बात कही। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को एकजुट होकर और आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही जिसका सकारात्मक परिणाम जनता को जमीनी स्तर पर दिखाई दे और उन्हें लाभ मिले।

जनता के सुगम आवागमन के लिए भावना बोहरा ने लोक निर्माण के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कार्यों की समीक्षा की और रुके हुए कार्यों को तय समय पर तथा विलंब से हो रहे कार्यों पर ठेकेदार के खिलाफ तुरंत एक्शन लेने के लिए कहा और ग्रामीण क्षेत्रों सहित जितने भी क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति जर्जर हैं उनकी पूरी जानकारी एकत्रित करते हुए रिपोर्ट तैयार करने और सड़कों को दुरुस्त करने के लिए उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने नेशनल हाइवे 130ए जिसके तहत पोंडी से पांडातराई एवं पंडरिया तक सड़क निर्माण जो की विगत एक वर्षों से चल रहा उसपर विशेष चर्चा करते हुए कार्य की गुणवत्ता की जांच करने और कार्य की धीमी गति होने के कारण सम्बंधित ठेकेदार पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं और एक सप्ताह के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट सौंपने की भी बात कही है। बताते चले कि पंडरिया होते हुए मुंगेली-तखतपुर-बिलासपुर तक टू-लेन सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 351.19 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। विगत एक वर्ष में इस निर्माण कार्य की गति बहुत ही धीमी चल रही है वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता बहुत ही निम्न स्तर की है। निर्माण में उपयोग किये जा रहे निर्माण सामग्रियों की गुणवता स्तरहीन है। इसकी वजह से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांडातराई एवं पंडरिया सहित आस-पास के विधानसभा की आम जनता को अपने दैनिक व रोजमर्रा के कार्यों तथा नौकरी पेशा लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पोंडी से पांडातराई एवं पंडरिया आने वाले लोगों को पोंडी से आगे सारंगपुर चोरबट्टा एवं मोहगांव, कुंडा होकर आवागमन करना पड़ रहा है जिससे उन्हें 20 से 30 किलोमीटर अतिरिक्त सफ़र करना पड़ रहा है. इससे उनके समय व पैसों दोनों व्यय हो रहें हैं।

इस दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारियों से भावना बोहरा ने और भी कई विषयों पर चर्चा करते हुए विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए तत्काल इन पर कार्यवाही करने की बात कही साथ ही विधानसभा क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए भी जोर दिया जिससे क्षेत्र में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# लाडले विधायक डॉ. रमन सिंह का शहर में ऐतिहासिक स्वागत

■ भारी जनसैलाब उमड़ा, लोगों ने पलक पावड़े बिछाये
■ संस्कारधानी की जनता को पैसों से नहीं खरीदा जा सकता: डॉ. रमन

**राजनांदगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)! भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. रमन सिंह का ऐतिहासिक मतों से विजयी होने के पश्चात् प्रथम शहर आगमन पर क्षेत्र की जनता ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रोड-शो के पूरे मार्ग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह के विशाल एवं आकर्षक कटआउट एवं फ्लैक्स, भाजपा के झण्डे-तोरण, गुब्बारों के माध्यम से खूबसुरत तरीके से सजाया गया था। रोड-शो के सड़क के दोनो ओर आम जनता की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी, माताएं बहने एवं बच्चे घर के छज्जों एवं छतों से हाथ हिला-हिलाकर व फूल बरसाकर डॉ. रमन सिंह के कारवां का अभिनंदन स्वागत कर रही थी।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया, योगेशदत्त मिश्रा एवं अमर लालवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जब डॉ. रमन सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया, नारेबाजी के साथ आतिशबाजी की गई। इसके बाद डॉ.रमन सिंह विशाल रैली के साथ परशुराम चौक पहुंचे फिर मठपारा होते हुये लखोली नाका पहुंचने पर भारी भीड़ ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। यही पर वे फूलों व भाजपा के झण्डों से सजी खुली गाड़ी में सवार हुये इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, भावेश बैद सहित कुछ नेता सवार हुये, फिर उनकी आभार रैली आगे बढ़ने लगी।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जब रमन सिंह का कारवां गंज चौक पहुंचा तो वहॉ आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया, गंज चौक में डॉ. रमन सिंह ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अपनी विजय के लिये आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। जूलूस में हजारों कार्यकर्ता वाहनों एवं पैदल चल रहे थे, रैली के आगे-आगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वाहनों में नारेबाजी करते हुये बढ़ रहे थे, जिसका नेतृत्व मोनू बहादुर सिंह, गोलू सूर्यवंशी, सुमीत भाटिया, किशुन यदु, मनोज निर्वाणी के साथ युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता भारतमाता की जय, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, धन्यवाद-धन्यवाद के गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण को गुंजायमान कर रहे थें। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी कार्यकर्ताओं के बीच पैदल चलते हुये आम जनता का अभिवादन कर रहे थे। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू, सचिन बघेल सहित अनेक नेतागण पैदल ही जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थें। जैसे जैसे डॉ. रमन सिंह का काफिला बढ़ता जा रहा था, वैसे-वैसे लोगों का उत्साह व भीड़ भी बढ़ती जा रही थी, गंज लाईन, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक में स्वागत मंच बनाकर नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस में उपस्थित सभी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा मार्ग खचाखच भर गया था। मानव मंदिर चौक पहुंचते-पहुंचते पूरा शहर मानों अपने लाडले विधायक के स्वागत में उमड़ता प्रतीत हो रहा था। मानव मंदिर चौक में जबरदस्त आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया, इसके पश्चात् जुलूस अपने अंतिम पड़ाव गुरूद्वारा चौक की ओर आगे बढ़ गया, यहॉ पहुंचकर डॉ. सिंह का भव्य अभिनंदन स्वागत हुआ।

स्वागत पश्चात् डॉ. सिंह ने अपने मार्मिक उद्बोधन में कहा कि वे राजनांदगांव की जनता के सदैव ऋणी रहेंगे, जितना प्यार, दुलार, आशीर्वाद एवं स्नेह मुझे यहॉ के लोगों ने दिया उसका कर्ज मै कभी नहीं चुका पाऊंगा। क्षेत्र की जनता ने मुझे राजनीतिक पुर्नजन्म दिया है। उन्होनें आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव आकर बड़े दंम के साथ घोषणा की थी कि राजनांदगांव से मेरे मित्र गिरीश देवांगन नहीं वे स्वयं चुनाव लड़ रहे है, उनके दंम को जनता ने धूल धूसरित कर दिया। चुनाव के एक रात्रि के पहले कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बोरों में भरकर नोट खुलेआम बांटे, उन्होनें डॉ. रमन सिंह को हराने के लिये तरकश का कोई तीर नहीं बचाया, वे साम, दाम, दंड-भेद पूरी तरह अनीति पर उतर आये, किन्तु वे भूल गये कि यह नगरी संस्कारधानी के नाम से जानी जाती है, साहित्य, कला व क्रीड़ा की नगरी के लोगों को कदापि खरीदा नहीं जा सकता। अपने वोट के जरिये लोगों ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है, श्री सिंह ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र के 223 बूथों में से 199 बूथों में भाजपा ने बढ़त बनाकर पिछली बार के 17,000 मतों से लगभग तीन गुना 45,000 वोटों से विजयी हुये है। अब आगामी लोकसभा चुनाव मे प्रदेश की 11 में 11 सीटों पर भाजपा के विजयी होने एवं देश में पुन: तीसरी बार माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने हेतु आम जनता एवं कार्यकर्ता अभी से अपना मन बना चुकी है। उन्होनें आम जनता का युवाओ, महिलाओं, व्यापारियों, किसानों, मजदूरों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनका रोम-रोम राजनांदगांव क्षेत्र की जनता की विकास के लिये सदैव समर्पित रहेगा। उन्होनें कहा कि पिछलें पॉच वर्षो में क्षेत्र में ठप्प पड़े हुये विकास कार्य को प्रारंभ कर शीघ्र पूरा किया जायेगा। पार्टी के आदेश पर अब वे आगे एक नये अवतार के रूप में विधानसभा अध्यक्ष के नाते पूरे प्रदेश के साथ क्षेत्र की सेवा करेंगे। विकास एवं उन्नति का मार्ग फिर से खुल गया है, इसमें कोई कमी आने वाले समय में नहीं रहेगी, यह उनका वचन है। मार्ग में महाकाल परिवार द्वारा 50 से अधिक ढोल-नंगाड़े बजाते हुये पवन डागा के नेतृत्व में डॉ. सिंह का स्वागत किया गया। आभार सभा के पश्चात् डॉ सिंह नगर की कुलदेवी शीतला मंदिर में पूजन-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दानीराम को प्रधानमंत्री आवास योजना से कच्चे दीवारों की सीलन और जर्जर कच्चे मकान से मिली मुक्ति

**राजनांदगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)! मकान प्रत्येक व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकता है। जीविकोपार्जन के प्रबंध के बाद व्यक्ति को एक सुरक्षित मकान बनाना उनके सर्वप्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। लेकिन गरीबी के कारण इसका प्रबंध कर पाना व्यक्ति के लिए मुश्किल कार्य होता है। केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप कभी असंभव लगने वाला कार्य आज हकीकत में साबित हो रहा है। जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के चलते हजारों ग्रामीणों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। इस प्रधानमंत्री आवास योजना के फलस्वरूप जिले के राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई के भूमिहीन मजूदर दानीराम साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती टामीन बाई साहू को सुरक्षित आशियाना मिल गया है। जिसके कारण दानीराम साहू को पक्का मकान बनाने का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है। दानीराम ने बताया कि पहले कच्चा मकान था, जिसमें खप्पर और पॉलिथिन डालकर रहना पड़ता था। कच्चा मकान तालाब के किनारे होने के कारण बारिश के समय घर में सीलन, कीड़े-मकोड़े और पानी भर जाने जैसी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। दानीराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिलने से पक्का मकान बना है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनने से सारी समस्याओं से मुक्ति मिल गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



■ प्रधानमंत्री आवास योजना से 1 लाख 30 हजार रूपए की मिली आर्थिक सहायता

# डाक कर्मियों का अनोखा प्रदर्शन, सरकार व विभाग को जगाने का प्रयास

**डोंगरगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्रामीण डाक सेवक अपनी मांगों को लेकर 40 दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है जिससे डाक विभाग का पूरा काम ठप पड़ गया है आज उसी हड़ताल के क्रम में डोंगरगांव उपडाक घर के ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया। डाक कर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वा संचार मंत्री अश्वनी वैष्णव वी डाक विभाग के अधिकारों को नाटक के माध्यम से जगाने का प्रयास किया गया।गौरतलब है की ग्रामीण क्षेत्रों में डाक कर्मी साशान की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन करते है इनके हड़ताल में जाने से सभी काम ठप पड़ गया है आज़ादी के 75 वर्ष बाद भी न तो उनकी दशा सुधार न डाक घर का काया कल्प नही हो पाया है, आज भी अधिकारी डाक सेवकों से 4 घंटे के वेतन में 8 से 10 घंटे काम करता है परंतु न इसकी सुधा न तो डाक विभाग लेता है न ही सरकार आज भी आजादी के बाद भी ग्रामीण डाक कर्मी आज भी गुलामी की जांदगी जी रहे है उन्हे किसी प्रकार की कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है। यह हड़ताल पूरे देश भर में किया जा रहा है जिसका असर देखा जा सकता है सभी डाक पत्र भरे के भरे पड़े है। पैसे की जमा निकासी बंद है । सरकार और डाक विभाग से मांग है की ग्रामीण डाक घरों को 8 घंटे खोला जाए वी नियमित कर्मचारी की सभी सुविधा ग्रामीण डाक कर्मी को मिले। इसी मांग को लेकर उपडाकघर डोंगरगांव के ग्रामीण डाककर्मी ने आज उपडाकघर के बाहर सरकार और विभाग के सतबुद्धि के लिए हड़ताल स्थल में हवन यज्ञ किया। इस कार्यक्रम में भैरव प्रताप,टालेश्वर मारकण्डे ,तुलाराम ठाकुर, राधेश्याम साहू,दीनदयाल साहू, पुनेश्वर मारकंडे, ओमप्रकाश भुवार्य, भोज कुमार, हेमू राम,टेकेन्द्र देवांगन, मनीष, सय्यद रफ़ी, प्रशांत साहू, ध्रुव राम कोठारी, वंश मंडावी, प्रभात रावत, त्रेता कुमार, प्रीति चंद्राकर, कशिश महंत, दिव्या ध्रुवे, चंद्रप्रभा मारकंडे, धनेश्वरी रजक, डोमेंद्र सोरीयुगल किशोर, रामलाल, अजय कुमार , ओम प्रकाश साहू ,मुरली प्रसाद यादव, सच्चिदानंद, मनीषा गेंद्रे, खिलेश्वरी साहू, हिना शर्मा, पूजा मंडावी, चेतना, अर्चना साहू, दुर्गा महिलांगे, भावना रानीरानी , हिना सार्वा, गोविंदा, भावना कोर्राम सभी अन्य डाक कर्मी उपस्थित थे।



■ मोदी व संचार मंत्री को जगाने का प्रयास, रखी मांग

**शीर्ष अधिकारी हड़ताल की डर से दे रहे बर्खास्तकी की धमकी, नोटिस किया जारी**

डाक सेवकों के हड़ताल से विभाग का काम ढप पड़ गया है, जिससे डाक विभाग के बड़े अधिकारी बौखला गए है और कर्मचारियों को हड़ताल खत्म कर ड्यूटी ज्वाइन करनी के धमकी दे रहे। ड्यूटी ज्वाइन नही करने पर पर बर्खास्की का भी फरमान दे रहे है जबकि डाककर्मी का हड़ताल पूरे देश में शांति पूर्ण रूप से चल रहा है। ऐसे आदेश से विभाग की क्रूर मानसिकता को दर्शाता है वी सविधान व न्रायलय के आदेश का भी अपमान करता है। डाक संगठन ने सभी से अपील की है है की हम सविधान और नियम के तहत हड़ताल कर रहे है कोई भी अधिकारी ऐसे किसी को नही निकल सकता। ऐसा किया जाता है तो प्रदर्शन और भी उग्र हो जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**डोंगरगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नं. 15 लिबास टेलर्स के पीछे खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में पीतवस्त्रधारी महिलाएं सिर पर कलश धारण किये हुए थीं। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। इसी के साथ आज वेदीपूजन, कलश तथा वेदी स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।



श्रीमद् भागवत के पहले दिन आज व्यासपीठ में विराजमान पं. राजलोटन दीक्षित ने कहा कि भगवान को अहंकार प्रिय नहीं है, भगवान भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होते हैं। भगवान भाव के भूखें हैं। उन्होनें कहा कि हम भगवान को कौन सी वस्तु या क्या द्रव्य अर्पण कर रहे हैं, वह मायने नहीं रखती है। हम अपने ईष्टदेव का कितने सच्चे व समर्पण मन से ध्यान कर रहे हैं, यह बड़ी बात है। नगर में दोपहर 2 बजे से लेकर 6 बजे तक आयोजित उक्त श्रीमद् भागवत कथा के प्रवाह में पं दीक्षित जी ने कहा कि आज के कलयुग के समय में लोग तेजी से अपनी संस्कृति, परंपरा, भजन, कीर्तन, ध्यान, साधना आदि से विमुख होते जा रहे हैं, लेकिन कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए हमें भजन कीर्तन में भी लगना जरूरी है।

आज आयोजित भव्य शोभायात्रा में प्रमुख रूप से गोविन्द देवांगन, ओमेश्वरी देवांगन, गोमती नरेन्द्र यादव, लता रोहित सिन्हा, रंजना डिलेश्वर सोनकर, लक्ष्मी नारायण यादव, उषा नामदेव, माया सुरेन्द्र ठाकुर, विद्या नरेश साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन व मुहल्लेवासी उपस्थित थे। आयोजन समिति के अनुसार कल कल 16 दिसंबर को कपित अवतार, शांख्ययोग, ध्रुव चरित्र, जड़थरत कथा आदि प्रसंग पर प्रवचन होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने धर्मप्रेमीजनों तथा श्रद्धालुजनों से कथा श्रवण हेतु अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# भाजपा के वादाखिलाफी से जनता हो रही नाराज: कमलजीत सिंह पिंटू

**राजनांदगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार पर रंग बदलने का आरोप लगाया हैं। सरकार ने अपनी पहली ही बैठक मे लिए गए निर्णयों से जनता को निराश किया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा के मुताबिक प्रति एकड़ 21 म्टिल 3100 रूपये की दर से खरीदने और एकमुश्त भुगतान पर सरकार बनने के बाद चुप्पी साध लिया हैं, जबकि पहली बैठक मे निर्णय किया जाना था, लेकिन सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय नहीं लेने से प्रति एकड़ 21 म्टिल धान खरीदने के लिए सेफ्टीवेयर मे संशोधन नहीं होगा और न ही 3100 कि दर से एक मुस्त भुगतान की व्यवस्था होगी।



जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित भाजपा नेताओं ने किसानों का 2 लाख तक कर्जामाफ का वायदा था, किन्तु केबिनेट में उसके बारे में चर्चा तक नहीं किया गया। किसानों से लिकिंग में कर्जा वसूली बंद कर कर्ज माफी पर तुरंत आदेश करना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों से फार्म भरवा कर सरकार बनते ही 1000 रूपये प्रति माह देने का वायदा किया था, लेकिन केबिनेट में इस पर भी निर्णय नहीं हुआ। इसी परस्कार 500 रूपये सिलेंडर देने पर भी विचार नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि पहली ही बैठक में भाजपा की सरकार ने वायदाखिलाफी के लिये जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। चुनाव के पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वायदा किया था, अब कह रहे पांच साल में गारंटी लागू करेंगे। कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वायदे से मुकर जायेगी इसका बड़ा उदाहरण भाजपा की सरकार ने पेश किया।

# शिवसेना ने शहर के डेंजर जोन में सिग्नल व जवान की तैनाती की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। शिवसेना जिलाध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने शहर में बढ़ती दुर्घटनाओ को देखते हुवे शहर के दुर्घटना संभावित जगह में सिग्नल व जवान की तैनाती को लेकर कलेक्टर के नाम एडीएम को एवं जिला यातायात प्रभारी व निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। शिवसैनिकों ने जब तक सिग्नल नहीं लग जाता, तब तक ऐसे चौक-चौराहों पर अनिवार्य रूप से यातायात जवानों की तैनाती कर व्यवस्था में सुधार की मांग रखी है। इस पर यातायात विभाग के प्रमुख ने उन्हें चिन्हित जगहों पर जवानों की तैनाती का आश्वासन दिया है। जिला अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव के चलते हाइवे में रेवाडीह चौक व आर.के. नगर चौक के अलावा भीतरी क्षेत्र में भी विभिन्न चौक-चौराहों में अव्यवस्था व सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यदि इस विषय पर प्रशासन गंभीरता दिखता है तो शहर में होने वाली दुर्घटना में लगाम लगाई जा सकती है। शिवसेना द्वारा ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कमल सोनी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा, माखन यादव, आयुष वर्मा, आकाश सोनी व श्याम वैश्य आदि मौजूद रहे।



# बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए जागरूकता जरूरी

**दंतेवाड़ा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिला के महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती आभा गुरुद्वान द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवा कार्यक्रम से जुड़े सभी छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का एक अभिन्न अंग बताते हुए सभी बालिका स्वयं सेवकों को इस अभियान का एंबेसडर बनाया गया। इनके सहयोग से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर जिले के बेटियों और महिलाओं को स्वस्थ्य व सुरक्षित व्यवहारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# पर्यावरण पर आईबी ग्रुप ने शुभारम्भ किया पहल- प्रयास से परिणाम बना मिशन

**राजनांदगांव,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)! राजनांदगाँव में भारत के एकीकृत प्रोटीन लीडर आईबी ग्रुप की एक प्रभावशाली सीएसआर एक्टिविटी च्पहल प्रयास से परिणामज् द्वारा पर्यावरण संरक्षण के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जिसमें राजनांदगाँव जिले, डोंगरगांव और चौकी ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित्त थे। एस. जयवर्धन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, अमित कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजनांदगांव तनाज अजीज - निदेशक, आईबी ग्रुप, डॉ. अंजुम अल्वी - कार्यकारी निदेशक आईबी ग्रुप, डॉ. पॉलोमी बनर्जी - उपाध्यक्ष ईएसजी विभाग ,सुश्री श्वेता पटनायक - छत्तीसगढ़ के लिए ओआईसी यूनिसेफ, अभिषेक सिंह- विशेषज्ञ, सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन, यूनिसेफ, रायपुर इसके साथ ही अन्य आमंत्रितों में, जल सहायता, पंचायत पदाधिकारी, एसएचजी और युवा स्वयंसेवक और क्षेत्र में सार्थक प्रभाव डालने के लिए 300 युवा स्वयंसेवक भी शामिल हुए ।यह आयोजन जिला प्रशासन राजनांदगांव, मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी, आईबी ग्रुप और यूनिसेफ की सहयोगात्मक यात्रा में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है ।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में ग्लासगो में सीओपी 26 में मिशन लाइफ की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और लोगों से च्प्रो प्लैनेट पीपलज् के रूप में पहचाने जाने के लिए जीवनशैली में बदलाव करने का आग्रह करना है ।आईबी ग्रुप द्वारा शुरू की गयी च्एबिस पहलज् लाइफ ब्लॉक बनाने में एक महत्वपूर्ण क़दम है। मिशन के एजेंडे में डोंगरगांव और चौकी को लाइफ ब्लॉक बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि 2028 तक कम से कम 80 प्रतिशत गांवों को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। कार्यक्रम की शुरआत करते हुए राजनांदगाव जिले के अपर कलेक्टर अमित कुमार, छत्तीसगढ़ सरकार ने इस विचार की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा- च्जब हम एक सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल लागू करेंगे हैं तो हम आईबी ग्रुप, यूनिसेफ और एकवाडम जैसे को सुनिश्चित करने के लिए ध्यान केंद्रित कर पायेंगे। इसके साथ ही इस प्रयास को सफल बनाने के लिए प्रतिभागियों को जल संसाधन बचाने के लिए सशक्त एवं समर्पित जल योद्धा बनायेंगे।



आईबी ग्रुप में ईएसजी विभाग की प्रमुख डॉ. पॉलोमी बनर्जी ने पहल के बारे में बात करते हुए कहा - च्सामुदायिक विकास के लिए राज्य सरकार, यूनिसेफ और स्थानीय अधिकारियों के साथ हमें च्पहलज्ज लॉन्च करके बहुत खुशी हुई। हमारा लक्ष्य है कि डोंगरगांव और चौकी को लाइफ ब्लॉक में जोड़कर पीएम मोदी के मिशन लाइफ को लागू करके पर्यावरण के लिए हमारी जीवनशैली को सशक्त बनाने पर जोर देना है।

जिस पर, अभिषेक सिंह- विशेषज्ञ, सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन, यूनिसेफ, रायपुर ने कहा- च्प्रतिदिन केवल एक मग पानी बचाकर, हम सामूहिक रूप से 100 करोड़ लीटर पानी का संरक्षण कर सकते हैं। हमें वैश्विक प्रभाव के उत्प्रेरक के रूप में व्यक्तिगत परिवर्तन पर जोर देना चाहिए। च्प्रयास से परिणमज्ज एक सम्मोहक आह्वान है, जो छत्तीसगढ़ के युवाओं द्वारा सक्रिय रूप से भाग लेने और इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने का आग्रह करता है।

इसके अलावा, सुश्री श्वेता पटनायक ओआईसी, यूनिसेफ ने भी इस कार्यक्रम में कहा कि- च्आईबी ग्रुप, एकवाडम और यूनिसेफ के सहयोगात्मक प्रयास बहुत ही सराहनीय है। हम सभी मिलकर स्वच्छ भारत, जल जीवन, मिशन लाइफ और पहल- प्रयास से परिणाम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

जबकि, श्रीमती तनाज अजीज निदेशक, आईबी ग्रुप ने कहा- च्40 साल पुरानी कंपनी के रूप में, आईबी ग्रुप हमारी सीएसआर एक्टिविटी, पहल प्रयास से परिणम के माध्यम से भारत को प्रोटीन समृद्ध देश बनाने के लिए समर्पित है। हम स्वास्थ्य अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं और सस्टेनेबिल्टी के लिए कॉर्प 26 में पीएम मोदी के मिशन के साथ जुड़ रहे हैं।

वहीं, एस. जयवर्धन जिला मजिस्ट्रेट, मोहला मानपुर चौकी ने कहा- च्मैं नॉलेज पार्टनर के रूप में पोलोमी बनर्जी ईएसजी हेड, आईबी ग्रुप और यूनिसेफ के साथ सहयोग करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह बदलाव को प्राथमिकता देने, दृढ़ संकल्पित होने और बेहतर पर्यावरण के लिए खुद को एक परिवर्तनकारी शक्ति में बदलने का समय है। हम सब इसके साथ है ।ज्

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस, पंचायत, ग्राम पंचायत जैसे संस्थानों से लगभग 800 लोगों ने हिस्सा लिया और आसपास के पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

**उल्टा पुल्टा**

संता प्रवचन सुनकर घर आया और अपनी पत्नी को गोद में उठा लिया-
पत्नी:-क्या गुरुजी ने रोमांस करने के लिए कहा है?
संता:-नहीं पगली- उन्होंने तो कहा है कि अपनी तकलीफ खुद उठाओ।

# पानी बहने से किसानों की फसल डूबी, हुआ काफी नुकसान

## अवैध रूप से मिट्टी मुरूम खुदाई के लिए रेलवे ठेकेदार ने की कुर्रा जनप्रतिनिधियों के साथ सांठगांठ



तालाब की फूटी मेड़ — किसानों के खेत में भरा पानी

**नवापारा राजिम,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर से लगे रायपुर राजिम रोड में स्थित कुर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच ने रेलवे ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर तालाब की मेड़ खोदकर पानी बहाने का मामला सामने आया है। जिससे तालाब से लगे खेतों में पानी भर जाने से किसानों की फसलों का नुकसान हुआ। ग्राम कुर्रा के पूर्व सरपंच ने थाना प्रभारी गोबरा नवापारा, तहसीलदार तथा एसडीएम को लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाहक सरपंच डमेश साहू के द्वारा लापरवाही पूर्वक की गई कृत्य की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की।

### क्या है पूरा मामला

पूर्व सरपंच ने बताया कि वर्तमान कार्यवाहक सरपंच डमेश साहू ने रेलवे ठेकेदार के साथ मिलीभगत करके बांधा बराही तालाब जिसमे पानी भरा हुआ है, को फोड़वा दिया है। जिससे कि आस-पास के फसल लगे खेतो में पानी भर जाने से किसानों की फसल चौपट हो गई है।

### बिना पूर्व सूचना के छोड़ा पानी

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच द्वारा छुट्टी के दिन पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित करवा कर तहसीलदार और विभागीय अनुमति के बिना मनमानी करते हुए तालाब की मेड़ (तटबंध) को तुड़वा दिया गया। जबकि उपरोक्त तालाब को पंचायत के द्वारा लीज में दिया गया है तथा लीज लेने वाले से भी कोई अनुमति नहीं ली गई है अर्थात् लीज लेने वाले को भी आर्थिक क्षति होने का दावा किया है। हमारे संवाददाता द्वारा तालाब का निरीक्षण करने पर उस तालाब से लगभग 3 फीट पानी बहा दिया गया है जिसकी पुष्टि वर्तमान कार्यवाहक सरपंच ने की है। ग्रामीणों द्वारा उपरोक्त फोड़े गये तालाब को बंद करवाने एवं सरपंच डमेश साहू के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### ये हुए प्रभावित

तालाब के किनारे को फोड़ कर पानी बहाने से कुछ किसानों के खेत में पानी भर गया। जिससे उनकी फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसान संतोष साहू, शंकर साहू, पीलू साहू, खेदन साहू है। किसान खेदन साहू ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के तालाब से पानी निकासी के कारण हमारी फसलें खराब हो गई। एक तो मौसम की मार से पहले ही बहुत नुकसान हुआ है रही सही कसर सरपंच ने पूरी कर दी। ये तो दूबर पे दो आषाढ़ वाली बात हो गई।

### तहसीलदार ने जारी किया ज्ञापन

उक्त शिकायत के संदर्भ में तहसीलदार ने अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन सर्वेक्षण उपसंभाग रायपुर (छ.ग.) के नाम से नियमानुसार कार्यवाही का ज्ञापन 14 नवंबर 2023 को जारी किया है।

### क्या कहते हैं सरपंच

इस संबंध में जब सरपंच डमेश साहू से बात की गई तो उन्होंने पहले गोलमोल जवाब देकर बात को घुमाने की कोशिश की फिर सरपंच ने रेलवे ठेकेदार के कहने पर 3 फीट पानी खाली करने अनुमति देने की बात कही। इसका पंचायत में प्रस्ताव भी पास कराया गया और प्रभावित किसानों को ठेकेदार द्वारा मुवावजा राशि भी दिलाई गई।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में रेलवे ठेकेदार के प्रोजेक्ट इंचार्ज विनय सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि सिर्फ 3 फीट पानी खाली करने नहीं हमने पूरा तालाब खाली करने संबंधी आवेदन दिया है। क्योंकि टो वाल, रिटर्निंग वाल, कॉटन वाल का कार्य करना है।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ के पुन: अध्यक्ष बनने पर रामाधार पटेल को कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई



**बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला के ग्रामींण क्षेत्र एवं शहर के मुद्दो को लगातार छापने वाले वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल को पुन: छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस नेताओं नें खुशी जाहीर करते हुए बधाई दी है। श्री पटेल ने लम्बे समय से भारत स्काउट गाईड के भी जिला अध्यक्ष एवं अन्य समितियों के सदस्य भी है।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले के श्रमजीवी पत्रकार संघ के पुन: अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई देने वालों में पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, प्रदेश महामंत्री ओबीसी जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपडी कांग्रेस जिला अध्यक्ष के.के. वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, पार्षद गोविन्द पात्रे, गौतम ठेठवार, संदीप साहू, एल्डरमेन सुखदेव साहू, हेमचंद केशरवानी, दिगम्बर साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला सचिव सरिता वर्मा, शारदा सोनी, परमेश्वरी साहू, सेवादल कांग्रेस संतोष यादव, पूर्व ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष कालिद्री वर्मा, टी आर साहू, रामचंद पटेल, मनोज प्रजापति सोनू वर्मा, भानु वर्मा, रमेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी साहू, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष गंभीर सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, पूर्व सरपंच कमलेश्वर यदु, ओमकार साहू, विजय साहू, दुखित राम साहू, राजेश साहू आदि शामिल है। उक्त जानकारी जिला पिछडा वर्ग कांग्रेस मिडिया प्रभारी खिलावन जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# सतनाम संदेश शोभायात्रा का किया गया स्वागत



**संडीबंगला/बलौदा बाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। परम पूज्य संत गुरु घासीदास बाबा जी के 267 वी जयंती के पावन पर्व के अवसर पर शवेतध्वजा वाहक की अगुवाई में सतनाम सदेश शोभायात्रा एवं शौर्य प्रदर्शन (सतनाम अखाड़ा) शुक्रवार को संडी परिक्षेत्र सतनाम भवन संडी से खरतोरा नाका तक धुमाल पंथी के साथ शोभायात्रा निकली। जहां ग्रामवासी काफी संख्या में शामिल हुए। सतनाम संदेश शोभायात्रा का स्वागत करने कसडोल के नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू एवं अन्य नेता भी पहुंचे।

## शासकीय प्राथमिक शाला भेण्डरी का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर

**धमतरी,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा धमतरी जिले के मगरलोड विकासखण्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भेण्डरी का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला भेण्डरी का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू शासकीय बालक प्राथमिक शाला भेण्डरी किया गया है।

# आवास को छोड़ बाकी घोषणा पांच साल में पूरा करने की बात प्रदेशवासियों के साथ विश्वासघात : विनोद



**महिलाओं को 12000 शीघ्र दें भाजपा सरकार**

**महासमुंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में साय केबिनेट की प्रथम बैठक में केवल आवास की स्वीकृति तथा भाजपा की घोषणा पत्र में किए बाकी वादों को पांच साल में पूरा करने के निर्णय की कड़ी निन्दा करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ के जनता को फिर ठगने का आरोप लगाया है। पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि 18 लाख आवासों में से आधे से अधिक आवास भूपेश बघेल की सरकार ने स्वीकृत कर पहले ही राशि जारी कर दी है। साथ ही सरकार बनते ही किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त धान का समर्थन मूल्य देने की बात भाजपा ने कही थी। भूमिहीन मजदूरों को भी सरकार बनते ही 10000 रु सालाना देने की बात भाजपा ने कही थी। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक महिलाओं को भी इसी वर्ष से 12000 रुपए प्रति वर्ष देने की बात कही थी, 21 क्विंटल धान खरीदी की बात कही थी, इसके साथ ही वे सभी वादे जो चुनाव के पूर्व भाजपा ने छत्तीसगढ़ की जनता से किया था उसे सरकार बनते ही पूरा करने की घोषणा किया था। लेकिन अब 5 वर्ष में पूरा करने की बात दोहरापन को दर्शता है। केबिनेट की बैठक में केवल एक ही एजेंडे पर मोहर लगना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने सरकार बनते ही 2 घंटे के अंदर किसानों का कर्जमाफी किया था। साथ ही 2500 रु धान की समर्थन मूल्य देने का कार्य किया था। अब भाजपा सरकार 5 वर्ष में पूरा करने की बात कर छत्तीसगढ़ वासियों को ठग रहे हैं। डबल इंजन वाली सरकार का दोनों इंजन पहले ही दौड़ में हांफते दिखाई दे रहा है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अवैध निर्माण को किया गया ध्वस्त, बिना अनुमति कर रहे थे निर्माण



**अवैध निर्माण पर हुई बड़ी कार्रवाई,**

**धमतरी,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम धमतरी के स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 37 में अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त विनय पोयाम एवं उपायुक्त पीसी सार्वा निर्देश पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का कार्य किया गया है। अवैध निर्माण को तोड़ने से पहले कई बार अवैध निर्माण कर्ता को समझाईस दी जा चुकी थी तथा कई दफा नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्माण कर्ता ने निगम के चेतावनी तथा नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि निर्माण से पहले निगम से अनुमति लेनी होती है इसका पालन निर्माण कर्ता के द्वारा नहीं किया गया। इसको देखते हुए निगम आयुक्त ने अवैध निर्माण को हटाने के लिए आदेश जारी किया था। आदेश के परिपालन में स्वामी विवेकानंद वार्ड में निगम की टीम दलबल सहित कार्यवाही स्थल पर पहुंचकर अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। निर्माण किए गए बाउंड्री वॉल को पूरी तरीके से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर निर्माण की अनुमति से संबंधित कोई भी दस्तावेज निर्माण कर्ता के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि इस स्थल पर से नाली निर्माण भी किया जाना है जिसको लेकर बाउंड्री वॉल भी आड़े आ रहा था। जिससे मोहल्ले में पानी निकासी की समस्या से उत्पन्न हो रही थी। इन्हीं सभी कारणों से अवैध बाउंड्री वॉल को आज पुरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। टीम को डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने लीड किया तथा कार्यवाही में प्रमुख रूप से सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत, उप अभियंता कामता नागेंद्र व नमिता नागवंशी, सामर्थ्य रणसिंह, दीपक पांडेय, सुनील सालुंके, योगेश रजक, दीपमाला कोसरिया, भगवती यादव तथा बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है की अवैध निर्माण, अवैध कब्जा, अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम निरंतर कार्रवाई कर रही है। इससे पूर्व मुनादी के माध्यम से तथा अन्य माध्यमों से अवैध अतिक्रमण को हटाने सूचना भी प्रसारित किया जा रहा है। कई स्थानों पर तो कर्मचारी स्वयं पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दे रहे हैं। बावजूद इसके स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने वालों पर कार्रवाई जारी है। नगर पालिक निगम धमतरी की अपील है कि अवैध अतिक्रमण स्वयं से हटा लेवे, अपने दुकान के परिसीमन के भीतर ही सामग्री को रखें, प्रचार बोर्ड आदि को सड़क किनारे न रखें जिससे कि यातायात आदि प्रभावित हो।

# कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि ने झलप जोन में आभार सभा आयोजन कर जताया आभार



**महासमुंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर लगातार महासमुंद विधानसभा के सभी जोन में पहुंचकर समस्त कांग्रेस संगठनों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट कर रही है। झलप जोन में आभार सभा का आयोजन किया।

सभा में सभी पदाधिकारियों के द्वारा चुनाव के समय की सभी बातो को विस्तार पूर्वक बताया गया डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के वफादार व ईमानदार कार्यकर्ताओं ने तन, मन, धन से कांग्रेस को जिताने के लिए दिन रात मेहनत की। झलप क्षेत्र हमेशा से कांग्रेस का गड़ रहा है और विशम परिस्थितियों में भी हमेशा यहां से जीत हासिल होती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हताश व निराश होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा जी जान से कंधे से कंधा मिलाकर कार्यकर्ताओं के साथ रहूंगी आपके आशाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगी। आपने मुझे साथ देकर मुझे सहयोग किया इसके लिए मैं हृदय से सभी का आभार व्यक्त की। इस दौरान झलप ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, हीरा बंजारे मंडी अध्यक्ष, दाऊ लाल चंद्राकर प्रभारी, अरुण चंद्राकर, सीटू सलूजा प्रदेश सचिव अमर अरुण चंद्राकर सभापति जिलापंचायत लंकेश्वर साहू जॉन प्रभारी, राजू दीवान प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस आलोक नायक सोशल मीडिया जिला कांग्रेस कमलेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग हेमंत डडसेना, जनपद सदस्य रेवती रमन पटेल, सेक्टर प्रभारी अतुल गुप्ता, अध्यक्ष चिरको महाविधालय, संतोष साहू जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, जगत देवदास कृष्णकुमार पटेल, राजा कोश, राजा गंभीर, कार्तिक पटेल, सोनू राज, सेश राम हरदेव, हेमसागर पटेल, पंचू निर्मलकर, शोभाराम ध्रुव, पातीराम बघेल, हीराबृजेन बंजार, एममता चंद्राकर, महेंद्र दीवान, सुरेश कुमार, प्रताप मन्नाडे, हरिहर सिंह, चंद्रप्रकाश हीरवानी, हेमंत साहू, रामलाल पटेल, भागवत यादव, हीरालाल यादव, कुलेश्वर दीवान, भागीरथी साहू, तुकेशवर पटेल सहित समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खिलावन साहू व आभार प्रदर्शन जोन अध्यक्ष लंकेश्वर साहू ने किया।

# संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



**महासमुंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रहा है। महासमुंद जिले में ग्राम खरोरा से यात्रा की शुरुआत होगी। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व और यात्रा के दिन किए जाने वाले गतिविधियों की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में 7 वैन के माध्यम से प्रचार.प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर ने यात्रा की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं नगरीय निकायों के लिए अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। बैठक में सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा सहित संबंधित विभाग के जिला अधिकारी मौजूद थे। प्रचार.प्रसार वैन विभिन्न गांवों में जाकर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे, साथ ही पात्र हितग्राहियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिले में वर्षों से शासकीय विभाग प्रभारियों के भरोसे, व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी : टंकराम वर्मा



- विधायक टंकराम बोले– बिना भेदभाव होगा विकास
- क्षेत्र की जनता का जताया आभार

**बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार में विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद विधायक टंकराम वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि चुनाव के बाद क्षेत्र की सभी जनता उनके लिए एक समान है और विकास कार्य की गाथा बगैर भेदभाव के लिखी जाएगी। सभी ने आशीर्वाद दिया इस वजह से किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्षों से शासकीय विभाग प्रभारियों के भरोसे चल रहें है जहां व्यवस्था सुधारने का कार्य किया जाएगा। जनहित के लिए सदा तटस्थ खड़ा मिलूंगा। अवैध कार्य में संलिप्त लोग सुधर जाएं किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सबसे पहले नवनिर्वाचित भाजपा विधायक टंकराम वर्मा ने कहा की इस अभूतपूर्व जीत का श्रेय जनता जनार्दन और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जाता है। हमारा पूरा ध्यान क्षेत्र के विकास के लिए रहेगा। घोषणा पत्र में जो वायदे किए गए हैं उसका शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सड़कों का निर्माण पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता ने धनबल को परास्त करते हुए जनबल का सहयोग किया। विधायक ने आगे कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए पक्षपात पूर्ण कार्यवाही पर सर्वप्रथम सदन में सवाल करूंगा और कलेक्टर सहित जिन अधिकारियों की संलिप्तता संबंधित विषय में थी उनसे जवाब लूंगा। किस नियम के तहत धारा 151 लगाने की कार्यवाही की गई, कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार बर्दाश्त >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहर में बढ़ रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार, बिना डायवर्सन के मुरुम सड़क बनाकर दिखा रहे प्लाट



**प्रशासन ने दिए जांच के आदेश**

**नवापारा राजिम,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर के आसपास क्षेत्रों में कीमती जमीनों पर प्रॉपर्टी डीलर्स की नजर गड़ी हुई है। शहर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। अवैध प्लाटिंग के मसले पर कोई ठोस कार्रवाई प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही है। बगैर परमिशन मुरुम की सड़क बनाकर प्लाट कटिंग करने और बेचने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासन इस पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। यही वजह है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के हौसले बुलंद हैं। शिकायतों के बाद भी मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक टीम स्थलों पर नहीं पहुंच रही है।

आपको बता दें कि नवापारा-पारागांव सहित आसपास गांवों के सीमा में इन दिनों खुलेआम अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। भू-माफिया द्वारा बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस (रेरा) एवं बिना लेआउट नक्शा पास कराए सहित तमाम अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराए बिना ही अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है।

**बगैर रेरा पंजीयन चल रहा कारोबार:** शहर सहित आउटर में कृषि भूमि को अवैध प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार कृषि भूमि खरीदी जाती है और बाद में प्रॉपर्टी डीलर्स इसे प्लाटिंग कर बेच देते हैं। बिना डायवर्सन तथा रेरा से अनुमति लेकर अनाधिकृत रूप से प्लॉट बेचकर शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। अवैध प्लाटिंग का काम जो कॉलोनाइजर्स कर रहे हैं, उनका रेरा में पंजीयन तक नहीं हैं। किसानों की खेती जमीन का सौदा कर उन्हें प्लाट के रुप में टुकड़े कर रहे हैं, जिन्हें खुद का प्रोजेक्ट बताकर इसे बेचा जा रहा है। इसी के लिए कॉलोनाइजर्स खुद ही मुरुम की सड़कें भी बनाव रहे हैं।

**प्रॉपर्टी डीलर्स हो रहे मालामाल:** जमीन खरीदी की बात हो या फिर बिक्री की, इसकी जरा भी भनक दलालों को लगते ही वे लोगों से संपर्क साधने में लग जाते हैं। इसके बाद जमीन की कीमत लगाना शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं जमीन का निरीक्षण व कीमत दलाल ही तय करते हैं उसके बाद फिर कमाई के हिसाब से ग्राहक से जमीन का सौदा किया जाता है। बिना डायवर्सन के जमीन की अवैध प्लाटिंग कर कई लोगों को बेच दिया जाता है। जिन्हे किसी भी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, सड़क, पानी उपलब्ध नहीं कराई जाती है।

**झांसे में आकर परेशान हो चुके जमीन के खरीदार:** बताया जा रहा है कि मोटी कमाई के रुप में ये सारे नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बेहतर प्लाट होने का झांसा देकर कॉलोनाइजर्स द्वारा ग्राहकों को बेच तो देते हैं, लेकिन जांच में जब पूरा प्रोजेक्ट ही अवैध निकलता है तो खरीददारों की परेशानी बढ़ जाती है। जिसके चलते खरीददारों को शासकीय दफ्तरों का चक्कर लगाने पकड़ते हैं।

### पटवारी को दिए जांच के निर्देश : तहसीलदार

अवैध प्लाटिंग के संबंध तहसीलदार सूरज बंछोर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले में पटवारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। पटवारी से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अवैध प्लाटिंग करने वालों खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## विधायक संदीप साहू आज लवन में आभार सम्मेलन में होंगे शामिल

**लवन,** 15 दिसंबर। 16 दिसंबर दिन शनिवार को बाबा गुरु घासीदास भवन मेंन रोड नगर पंचायत लवन में आभार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें कसडोल विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू शामिल होंगे।



# भ्रष्टाचार व धर्मांतरण के कारण कांग्रेस की हुई हार : डॉ. विमल चोपड़ा



**गरियाबंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने पांच साल भ्रष्टाचार किया और तुष्टिकरण की राजनीति की। बस्तर में धर्मांतरण के कारण तनाव था, कांग्रेस ने इसको बढ़ावा दिया। धर्मांतरण के कारण लोग नाराज थे। कवर्धा और भीरनपुर की घटना के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश बाद गया था। कांग्रेस इसे संभाल नहीं पाई। इसके चलते प्रदेश में बदलाव आया। आदिवासी बाहुल्य संभाग बस्तर और सरगुजा सहित समूचे प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त मिली। उक्त बातें पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने गरियाबंद में पत्रकारों से चर्चा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि साजा में सामान्य से व्यक्ति ईश्वर साहू और कवर्धा में विजय शर्मा की जीत दिग्गजों पर जीत कांग्रेस के आक्रोश का उदाहरण है।

### कांग्रेस केवल आरोप लगाती रही, एक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया

डॉ. चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस 5 साल तक केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाती रही लेकिन भाजपा के खिलाफ एक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया। उल्टा पांच साल प्रदेश में कोयला, शराब, गोबर, रेत, पीएससी सहित अनेक घोटाले किए। कोयला घोटाला में तो ईडी और आईटी की जांच में भूपेश बघेल की सचिव सौम्या चौरसिया सहित उनके करीबी आईएस आज जेल में है। शराब घोटाले की भी जांच चल रही है। महादेव सट्टा एप में भूपेश बघेल का नाम है। पीएससी घोटाले के 18 लोगो के भर्ती में हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। इसका असर चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ देखने को मिला।

### कांग्रेस की घोषणाओं पर जनता का भरोसा नहीं

पूर्व विधायक विमल चोपड़ा ने कहा कि इस बार प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के वादों और घोषणाओं पर भरोसा नहीं जताया। बल्कि मोदी की गारंटी पर अपनी मोहर लगाई। चुनाव में कांग्रेस ने 36 वादे किए थे, वादे अधूरे रहें। न सबका कर्जा माफ हुआ न प्रदेश में शराब बंदी हुई। उल्टा शराब में ही करोड़ों का घोटाला कर दिया। रेत, कोयला और शराब का पैसा अपनी जेब में भरा, दिल्ली पहुंचाया। चोपड़ा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सभी घोटालों को जांच होगी, सभी दोषी जेल जाएंगे।

### लोकसभा में कांग्रेस से चुनाव लड़ने तैयार नहीं होंगे

पूर्व विधायक चोपड़ा ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राफ बढ़ गया है। मोदी की गारंटी के कारण ही तीन राज्यों में भाजपा की जीत हुई है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा छत्तीसगढ़ की पूरी 11 सीट जीतेगी। कांग्रेस की स्थिति तो ये है कि लोकसभा में कांग्रेस रहेगी या नही ये भी तय नहीं। लोग लड़ने तैयार मिलेंगे या नही इसका भी पता नही।

# दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में लेने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

**बिलाईगढ़** 15 दिसम्बर (देशबंधु)। छग यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ के नवा सरकार में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक गजेन्द्र यादव को राज्य में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग की है च्यादव समाजज्ज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव को ज्ञापन भेजकर यादव समाज को मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में 25 लाख यादव समाज की जनसंख्या है और इस बार के चुनाव में दुर्ग सीट के कद्दावर विधायक अरूण वोरा को बड़े अंतर से हराया है यादव समाज के राष्ट्रीय नेताओं के सर्वसम्मति से विधायक गजेन्द्र यादव को राज्य में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की पुरजोर मांग भाजपा नेतृत्व से की जा रही है।



भाजपा के वरिष्ठ पूर्व केबिनेट मंत्री के पुत्र विधायक गजेंद यादव को यादव समाज की तरफ से मजबूत लीडर माना जाता है यादव समाज ने समाज की बहुलता को देखते हुए मंत्री मंडल में प्रतिनिधित्व मांगा है। उक्त ज्ञापन भेजने वालो में नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, मनोरथलाल यादव अध्यक्ष फुलझर राज यादव समाज सरायपाली बसना क्षेत्र, युवा अध्यक्ष पवन यादव, पार्षद हितेश यादव, संजय यादव, धनंजय यादव,बृजेश यादव(बसना), दिनेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, हेमसागर यादव, मुकेश यादव, प्रदीप यादव, तुषार यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, ईशान यादव, पदमन यादव, बाला प्रसाद यादव, शिवनाथ यादव, बरम लाल यादव, भोला यादव, गोकुल यादव, धनेश यादव(प्रदेश मीडिया प्रभारी बिलाईगढ़), अभय यादव अध्यक्ष बिलाईगढ़, सन्तोष यादव,भैयाराम यादव अध्यक्ष, फिरू यादव जिलाध्यक्ष सारंगढ़,गोविंद यादव, दिलचन्द यादव, महेंदर यादव, टिंकू यादव, हर्षवर्धन यादव, बबलू यादव, अशोक यादव, सारांश यादव, भजन यादव, दरिद्रनारायण यादव, डी एन यादव, रामनारायण यादव, हरनारायण यादव सहित सभी सामाजिक वरिष्ठ जनों ने भाजपा नेतृत्व से मांग किया है।

# बागबाहरा में लोक अदालत आज



**बागबाहरा,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में आज 16 दिसंबर शनिवार को लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें पीड़ित पक्ष एवं अपराधी पक्ष दोनों इस न्याय के शिविर में उपस्थित होकर अपने मामले का निराकरण करा सकते हैं। इस लोक अदालत शिविर को लेकर अंचल के लोगों में भारी उत्साह है। वहीं न्यायालीन मामलों से गुजर रहे लोगों को इस शिविर से बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। राष्ट्रीय विधिक सेवा नईदिल्ली के आव्हान पर देश के सभी न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों की त्वरित सुनवाई एवं निराकरण किया जाना है। जिसके तहत व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में भी लोक अदालत ? शिविर लगाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिसके संबंध में गत दिवस संबंधित विभागों और न्यायालय के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रकरणों की निपटारा हेतु पक्षकारों को संबंधित माध्यम से सूचना जारी किया जा चुका है। जिससे अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ प्रदान किया जा सके। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश अविनाश टोप्पो द्वारा पूरे तहसील क्षेत्र बागबाहरा के संबंधित विभागों को गंभीरता से लेने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमे नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग, दूरसंचार एवं स्थानीय बैंको के साथ लेन देन, बटवारा, जमीन विवाद, आपसी विवाद से संबंधित पक्षकारो को भी प्री लिटिगेशन हेतु पूर्व से उपस्थित होकर अपनी पक्ष रखने हेतु सूचित किया गया है। जिसकी जानकारी न्यायालय के नायब नाजिर हितेश दीवान द्वारा दी गई है। इस नेशनल लोक अदालत की तैयारी किया जा चुका है। जिससे कई मामलों से संबंधित ? पीड़ित पक्षों को बहुत बड़ी लाभ मिल सकती है। बागबाहरा नगर में व्यवहार न्यायालय खुलने के बाद यह लोक अदालत का पहला सबसे महत्वपूर्ण न्याय शिविर है। जिसको लेकर इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। न्यायालय से सभी पीड़ित पक्षों को न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोदी करेंगे शुभारंभ

## आरंग में एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**आरंग,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। देशभर में केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को च्विकसित भारत संकल्प यात्राज्ज का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।आरंग में इस यात्रा के सफल आयोजन और क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी डॉ.अतुल विश्वकर्मा ने आरंग विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम डॉ.अतुल विश्वकर्मा ने चविकसित भारत संकल्प यात्राज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का प्रदर्शन वैन ( प्रचार वाहन) के माध्यम से होगा,जिसमें जागरूकता पोस्टर, ऑडियो विजुअल स्क्रीन आदि पहले से ही उपलब्ध रहेंगे और इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकल्प यात्रा की वर्चुअल शुरुआत 16 दिसंबर को करने जा रहे हैं।यह कार्यक्रम ग्राम व पंचायत स्तर पर 17 दिसंबर से प्रारंभ हो 26 जनवरी तक चलेगा तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड संदेश प्रसारण, हितग्राहियों एवं लाभान्वित के लिए के लिए च्मेरी कहानी मेरी जुबानीज्ज से प्रदर्शित होगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन च्धरती करे पुकारज्ज के द्वारा होगा इसके लिए उन्होंने पंचायत व नगरीय स्तर पर समिति निर्माण, स्व सहायता समूह का योगदान, चलचित्र के माध्यम से जागरूकता, विकसित भारत संकल्प शपथ वीडियो, मोबिलाइजेशन ,ऑन स्पॉट सेवा, हितकारी कैंप , ग्राम सभा बैठक, मीडिया पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से निर्देशों की व्याख्या की। बैठक में प्रमुख रूप से आरंग तहसीलदार राममूर्ति दीवान, नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.के एस. राय,जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन पी कुर्रे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एम एन वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे सहित अन्य विभाग से आये प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**जाने क्या है विकसित भारत संकल्प यात्रा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं।

# विधायक डॉ. सम्पत ने रोका काफिला

## घायल दम्पती को पहुंचाया अस्पताल



**पिथौरा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। बसना के नव निर्वाचित विधायक सम्पत अग्रवाल ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान मानवता का परिचय दिया और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अपनी गाड़ी रुकवा कर तुरंत ही अस्पताल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि विधायक श्री अग्रवाल ने आज अपनी विधानसभा में जीत के पश्चात जनता की आभार रैली का आयोजन किया था। आम लोगों की सेवा करने की भावना के कारण ही बसना विधानसभा के मतदाताओ ने सम्पत अग्रवाल को भारी मतों से जितवा कर विधायक बनवाया है।अपने पहले क्षेत्रीय दौरे के दौरान भी उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे सेवा कार्यो से पीछे नही हटेंगे।आज शुक्रवार को पिथौरा में आयोजित आभार रैली के बाद बसना की ओर जाते समय उन्हें एक एक्टिवा स्कूटर से दुर्घटना ग्रस्त हुए दम्पति अपने दो बच्चों के साथ घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए हैं।इसे देखते ही श्री अग्रवाल ने तत्काल अपनी कार रुकवा कर उन्हें पानी पिलाया और अपनी फालो कार में घायलों को अस्पताल भिजवाया। पिथौरा थानेदार और हॉस्पिटल में बात कर घायलों के तुरंत और उचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उसके बाद ही वे मौके से अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

# प्रबंध काव्य छग के मंगल पाण्डे वीर हनुमान सिंह का विमोचन



**सिमगा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। 10 दिसम्बर 23 को छंद के दिवाली मिलन एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम ग्राम सिलघट (भिंभौरी) में दुर्गा प्रसाद टिकरिहा जी के फार्म हाउस में संम्पन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में अंचल के जाने माने कवि मनीराम मितान की कृति छंद बद्ध प्रबंध काव्य छत्तीसगढ़ के मंगल पाण्डेव्वीर हनुमान सिंह का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री बलदाऊ राम साहू कार्यक्रम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रबंध काव्य 1857 क्रांतिकारियों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। जिसमें बलिदानी वीर हनुमान सिंह की पावन गाथा है। कार्यक्रम को विशेष अतिथि श्री पंकज मेश्राम कार्यकारी अधिशासी, श्री वीरभान साहू कार्यक्रम संपादक आकाशवाणी रायपुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गयी, जब श्री मती मीनल मिश्रा, नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन नाचा संस्था, की वाइस प्रेसिडेंट ने अमेरिका से अपनी उपस्थिति दीं। कार्यक्रम मे लगभग 22 जिलों के साहित्यकारों ने छंदमय काव्य पाठ किया।

# बिहाझर से गांजर-रेवा मोंगरापाली सड़क जर्ज़र होने से राहगीर हो रहे हादसे का शिकार

## क्षेत्र के आवागमन के प्रमुख मार्ग की चौड़ाई नहीं बढ़ाए जाने पर धरना प्रदर्शन करने की ग्रामीणों ने दी चेतावनी

**बागबाहरा,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। अंचल के आवागमन के प्रमुख मार्ग नेशनल हाईवे 353 खोपली-बिहाझर पड़ाव से गांजर-मुनगासेर रेवा मोंगरापाली मार्ग इन दिनों अत्यंत जर्जर एवं चौड़ाई कम होने के कारण रोज दुर्घटनाओं का लोग शिकार हो रहे हैं। बड़ी गाड़ी आने पर अन्य वाहन वालों को बड़ी मुश्किल से गाड़ी चलाना पड़ता है। इस जर्जर सड़क की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा अनेक बार शासन-प्रशासन से मांग की गई। लेकिन उपेक्षा एवं अनदेखा के चलते इस जर्जर मार्ग का न तो मरम्मत हो रहा है। और न ही इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। क्षेत्र के यह प्रमुख मार्ग बिहाझर खोपली पड़ाव से लेकर रेवा मोंगरापाली तक की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। जो छत्तीसगढ़ से होकर ओड़िशा प्रदेश को जोड़ती है। तथा इस लम्बी दूरी वाले जर्जर मार्ग में लोगों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। इस मार्ग में चलने वाले लोग अपनी जान जोखिम को हाथ में लेकर चलते हैं। इस मार्ग में कहीं न कहीं रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। जर्ज़र मार्ग के चलते राहगीर रोज सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं इस मार्ग की इतनी कम चौड़ाई है जिसमें लोग अपने वाहन के साथ बड़ी मुश्किल से चलते हैं। इस मार्ग में इतने घुमावदार सड़क है कि बड़ी मुश्किल से वाहन वाले गुजरते हैं। इस मार्ग में चलते समय हमेशा डर एवं भय बना रहता है। 30 किलोमीटर की दूरी वाले उडीसा प्रांत को जोडने वाली इस सड़क मार्ग की चौडाई कम होने तथा अनेकों जगहों पर अंधा मोड होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। उक्त सडक पर होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग व्दारा सड़क की चौड़ाई को बढाने का निर्णय लेते हुए तकरीबन 70 करोड रुपये का प्राकलन तैयार कर शासन को स्वीकृति करने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। उक्त जर्ज़र सडक की चौडीकरण करने एंव अंधा मोड को खत्म करने के बाद ही सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पिछले कुछ महीने से इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं होने की खबरे रोज आ रही है। इनमें अनेकों लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने इस लम्बी सड़क की चौड़ाई बढाना अति आवश्यक है। उपरोक्त सडक मार्ग दर्जनों आवासीय क्षेत्र गांव के बीचों बीच को पार कर बनाया गया है। इस सडक मार्ग के किनारे में आधा दर्जन स्कूल, हाई स्कूल,अस्पताल जैसे सरकारी संस्था निर्मित है। इस सडक मार्ग में गाडियों का दिन रात आना जाना लगा रहता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक व्यस्ततम सडक मार्ग में से एक है छत्तीसगढ़ सरकार इस जर्ज़र एवं खस्ताहाल सडक मार्ग की चौडाई बढाने प्रशासनिक स्वीकृति तत्काल देवें। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लग सके। इस जर्जर सड़क मुद्दे को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर ने गांजर, मुनगासेर एवं रेवा मोंगरापाली के किसानों एवं ग्रामीणों की बैठक पिछ्ले दिनों गांव में लिया है। तथा इस अत्यंत ज्वलंत मुद्दे को लेकर बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी सहमती दी है। इस जर्जर सड़क की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग को लेकर पहले शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया जाएगा। अगर उसके बाद भी इस मांग की अनदेखी की गई तो इस क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# भाजपा की नई सरकार की बैठक में 2 वर्ष का बकाया बोनस व 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास का नया अध्याय : किशोर देवांगन

**नवापारा-राजिम,**15 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई छत्तीसगढ़ की भाजपा की नई सरकार के पहले कैबिनेट बैठक में ही किसानों को 2 वर्ष का बकाया बोनस और 18 लाख पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है । इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि उक्त दोनों निर्णयों ने दर्शा दिया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ष्मोदी की गारंटीष् (भाजपा का घोषणा पत्र) को पूरा करने के लिए किस कदर कृतसंकल्पित है । इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ष्मोदी की गारंटीष् में उल्लेखित सभी संकल्पों को पूरा करेगी ।2 वर्ष का बकाया बोनस मिलने से जहां किसान भाइयों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, तो वहीं 18 लाख गरीबों के खुद के पक्के आवास का सपना अब जाकर पूरा होगा ।



देवांगन ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों और भ्रष्टाचार के चलते छत्तीसगढ़ सरकार पर वर्तमान में लगभग 1 लाख करोड रुपए का कर्ज है । इस चुनौती के बावजूद वर्तमान भाजपा सरकार ष्मोदी की गारंटीष् को अपनी सूझबूझ से हर हाल में पूरा करेगी ।उन्होंने कहा कि ष्मोदी की गारंटीष् को पूरा करना एक तरह से छत्तीसगढ़ की जागरूक जनता का सम्मान करना है, जिसने भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने में भाजपा की सहायता करते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाया है ।

अंत में देवांगन ने कहा कि अगले 5 सालों में साय सरकार अपने जनहितैषी कार्यों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दावे को सच साबित करेगी कि ष् छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और भाजपा ही इसे संवारेगी ।ष्अब छत्तीसगढ़ में विकास का नया अध्याय प्रारंभ हो गया है।

## निधन

### अधारी रात्रे



**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर। ग्राम जर्वे निवासी अधारी रात्रे उम्र 70 वर्षा का आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार राखीराम रात्रे, भीमसेन रात्रे के पिता थे एवं पत्रकार भूपेन्द्र कुमार रात्रे, रामाकंत रात्रे, टूकेशवर रात्रे, सत्यप्रकाश रात्रे, ढालेद रात्रे के दादा थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पारिवारिक एवं समाजिकगण काफी संख्या में शामिल हुए।

### मंगलीन बाई साहू



**भाटापारा,** 15 दिसंबर। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती मंगलीन बाई साहू 62 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे पीताम्बर साहू की पत्नी, परमेश्वर मुरारी की मां, शंकर साहू की भाई बहू, बिसंभर, कुंवरसिंह की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार ढाबाडीह स्थित शमशान घाट में किया गया।

### नोखे लाल सिन्हा



**कुम्हारी,** 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज नगर इकाई कुम्हारी जिला दुर्ग के पूर्व कोषाध्यक्ष नोखे लाल सिन्हा (33 वर्ष) पिता स्व. इंदल सिंह सिन्हा का कल रात 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1.30 बजे, कुम्हारी निज निवास से मुक्तिधाम के लिए रवाना हुआ जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आवास को छोड़ बाकी घोषणा...

श्री चंद्राकर ने कहा कि 15 वर्ष छत्तीसगढ़ में राज करने वाले भाजपा सरकार किसानों को 2100 रु क्विंटल धान की कीमत नही दे पाया। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने 2500 रु में धान खरीदकर दिखा दिया। कर्ज में लदे किसानों का कर्जमाफी करके दिखाया, छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। झूठे जुमलेबाजी व छत्तीसगढ़ वासियों को ठग कर भाजपा अपना चाल चरित्र फिर से उजागर किया है। आवास को छोड़कर बाकी घोषणाएं 5 साल मे पूरी किये जाने मुख्यमंत्री साय का बयान छत्तीसगढ़ वासियों के विश्वास पर बड़ा आघात है।

### संकल्प यात्रा की तैयारियों को...

को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करते समय हाट बाजारों को जोड़ने क निर्देश दिए है। साथ ही स्थानीय मीडिया के माध्यम से प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि जिले में पांच स्थानों से यात्रा प्रारम्भ की जाएगी।

जिसमें महासमुंद अंतर्गत खरोरा, बागबाहरा अंतर्गत मोंगरापाली, पिथौरा में लाखागढ़, बसना में बंसुला एवं सरायपाली में ग्राम बैतारी से यात्रा का शुभारम्भ होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान विभागीय स्टाल में योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड निर्माण सहित अन्य योजना की जानकारी देकर लाभान्वितों से चर्चा कर योजनाओं की सफलता के संदर्भ में मेरी कहानी मेरी जुबानी बतायी जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधिए ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माणए स्थानीय हितग्राहियों की भागीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व.सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्सव समिति एवं स्वागत समिति भी बनाने के निर्देश दिए है।

### जिले में वर्षों से शासकीय विभाग...

नहीं करूंगा। उन्होंने आगे कहा की कुछ दिनों में अधिकारियों की बैठक लेकर आगे की कार्य योजना बनायी जाएगी। लंबित कार्यों की जानकारी लेकर जो उचित होगा उस दिशा में जन आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र का विकास हो ऐसा पूरा प्रयास रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, कृष्णा अवस्थी, चित्तावर जायसवाल, अशोक जैन, उमेश बाजपेई, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, खोडसराम कश्यप, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, योगेश वर्मा, राजेश वर्मा, संजय श्रीवास, कपिल कश्यप, अजय गर्ग, शिवशंकर मिश्रा, योगेश अग्रवाल, रोमी साहू, हितेश रात्रे, शांति पात्रे, संतोष कोशले, भीम कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रतियोगिता में सरायपाली का दबदबा

**सरायपाली,** 15 दिसंबर (देशबंधु)। जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएल एम प्रतियोगिता में सरायपाली का दबदबा रहा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस आदर्श हिन्दी माध्यम महासमुंद के सभागार में रखा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी ,बीआरसीसी सतीशस्वरूप पटेल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप के नेतृत्व में विकासखंड के नवाचारी, लगनशील शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जिला के पाँचों विकासखंड के शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने कबाड़ के सामग्रियों से निर्मित रोचक,आकर्षक, विषय संबद्ध,शिक्षाप्रद सहायक शिक्षण अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शन बखूबी किया।



अनुपयोगी सामग्रियों एवं न्यूनतम लागत का उपयोग करके टीएलएम निर्माण कर बच्चों में आविष्कारक व वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित करने उनका राह प्रशस्त किया है साथ ही कक्षा शिक्षण को सुगमता और सरलता से बच्चों में समझ विकसित करना मुख्य उद्देश्य रहा है।यह प्रतियोगिता अपने नाम से ही परिलक्षित होता है,यह प्रतियोगिता को दो स्तर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक में गणित व विज्ञान विषय से संबंधित की थीम पर आधारित रहा जिसमें एक से बढ़कर एक टीएलएम का प्रदर्शन शिक्षक/शिक्षिकाओं ने किया, सभी का प्रयास काफ़ी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एमजीएम सतीश नायर,डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चंद्राकर, प्राचार्य सेजेस (हिन्दी माध्यम) हेमेन्द्र आचार्य ,एपीसी विद्या साहू,राजकुमार साहू,कार्यक्रम प्रभारी एवं एपीसी सम्पा बोस,ज़िला संयोजक जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद जगदीश सिन्हा,निर्णायक मंडल/विज्ञान परिषद के सदस्य- डॉ संध्या चंद्राकर,विवेक वर्मा,राजेश्वर चंद्राकर, खेमराज साहू की गौरवमई उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विकासखंड सरायपाली के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बारह पुरस्कारों में से सर्वाधिक छः पुरस्कार अपने नाम कर नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में वर्षा नंद प्रा.शा.बानीगिरोला को गणित में प्रथम स्थान,घनश्याम चौधरी प्रा.शा. गोहिरापाली को गणित में द्वितीय स्थान,योगेश साहू प्रा.शा.कसडोल को विज्ञान में द्वितीय स्थान तथा यशवंत कुमार चौधरी सेजेस सरायपाली को गणित में द्वितीय स्थान,कनकलता राजहंस को गणित में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा प्रधान पाठक शीला विश्वास शास. प्राथ. शाला मुंधा, डिरीप पटेल शास. उच्च प्राथ. शाला बालक तोरेसिंहा ,सुषमा नायक शास.उच्च. प्राथ. शाला कनकेवा,नवीन मिश्रा शास.उच्च. प्राथ. शाला पंड्कीपाली, मोहन खंडेल शास. प्राथ. शाला कनकेवा ,निरंजन मेहेर शास.प्राथ. शाला केसराटाल ने भी सराहनीय प्रस्तुति दी और इनका प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा जिन्हें सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। तथा प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ताओं की सेवा जी-जान से करूंगा : संदीप

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी ने माना विधायक का आभार



**पलारी/बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा के नव-निर्वाचित कांग्रेस विधायक संदीप साहू की भारी जीत के बाद पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आभार सम्मेलन नगर भवन पलारी में किया गया। बैठक में वरिष्ठ नेताओं जिला व ब्लॉक के पदाधिकारी, जोन सेक्टर बूथ के पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित कांग्रेस के सभी विभागों के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की शुरुआत राजगीत व रास्ट्रगीत के साथ हुई। जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने विधायक संदीप साहू को फूल मालाओं से लाद दिया। जीत व अभिनंदन से अभिभूत विधायक संदीप साहू ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके आशीर्वाद और अथक मेहनत से मुझे विधायक बनने का सौभाग्य मिला है, जिसके लिये मैं ताउम्र ऋणि रहूंगा। मैं पूरे विधानसभा के कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूँ कि आपके हर सुख और दुख में एक सेवक, बेटा भाई के रुप में सदा खड़ा रहूंगा। क्षेत्र के विकास व मूलभूत समस्याओं के निदान के लिये हमेशा तत्पर रहूँगा। मेरी जीत पूरे कसडोल विधानसभा के कार्यकर्ताओं की जीत है, जिसके लिये मैं कसडोल की जनता का आभार व्यक्त करता हूं।

बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बलौदाबाजार जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पूरे जिले में कांग्रेस की जीत का श्रेय देते हुये कहा कि कसडोल व भाटापारा में कांग्रेस की जीत हुई लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि हम फिर से संघर्ष करेंगे और भरोसे की सरकार फिर से बनायेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा ने भी कहा कि छत्तीसगढ़ में पाँच साल भूपेश बघेल के नेतृत्व में बेहतर कार्य किया लेकिन आशानुरूप परिणाम प्रदेश में नहीं आये लेकिन हम सबको संतोष है कि पाँच साल भूपेश की सरकार ने सभी वर्गों को लाभ दिलाया। आगे हम सबको मिलकर लोकसभा में काम करना है। आभार सम्मेलन को वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व सांसद पी.आर.खूटे, अशोकराज आहूजा, दिनेश यदु, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन जिला प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने किया। आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने किया।

उक्त सम्मेलन में सुमित्रा घृतलहरे, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, सुकालू यदु, गणेश शंकर जायसवाल, अमृत साहू, मेघनाथ यादव, युवराज चंद्राकर, ललित घृतलहरे, ओमप्रकाश खूटे, विशेषर वर्मा, तरुण चंद्राकर, रघुनंदन वर्मा, झडिराम कन्नौजे, उल्लेख साहू, प्रवीण धुरंधर, लेखराम गनहरे, राम ध्रुव, अश्विनी वर्मा, गुलाब यदु, पारस साहू, संतोष देवांगन, कमलेश साहू, तोमन चंद्राकर, पुष्पा बंजारे, जानकी ध्रुव, संतोष साहू, पूर्णिमा माहेश्वरी, हेमा साहू, प्रताप गोस्वामी, रवि बंजारे, नीलकमल आजाद, पुनीत साहू, गज्जू वर्मा, पुनीत रजक, शेरखान, साधराम साहू, राजू वर्मा, रज्जाक खान, इंद्र वर्मा, सौरभ वर्मा, महेश बारले, शिव फेकर, विजय ध्रुव, रामस्वरूप वर्मा, हीरालाल वर्मा, गजेंद्र साहू, शशिकांत वर्मा, मनोज बंजारे, मोहित कोसले, काशी घृतलहरे, टिकेश्वरी वर्मा, गणेश बंजारे, मंगल बघेल, बिसौहा गायकवाड़, लहाराम वर्मा, राधिका रॉय, भूनेश्वरी धीवर, घनश्याम वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, रमाशंकर मिश्रा, महेंद्र माँडले, बालमुकुन्द कुर्रे, बालाराम पारधी, संतोष बघेल, जितेंद्र ध्रुव, विवेक घृतलहरे, रोशन घृतलहरे, धनसाय साहू, मनहरण शर्मा, शिवा साहू, काशी घृतलहरे, सेवक निषाद, मुकेश झा, माखन सतनामी, धनेश जलहरे, इतवारी चंदेल, मोहरचतुर्वेदी, शंकर साहू, हीरा रात्रे, गणपत कोसले, अवध मनहरे, नरसिंग सोनवानी, लक्ष्मण गेंद्रे, लेखराम साहू, टेकराम माण्डले, कृपाराम साहू, दूधनाथ कोसले, थानूराम साहू, विशाल यादव, हरीश चंद्राकर, कुलंजन मनहरे, दयाल गेंद्रे, हीरालाल मनहरे सहित भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान किया गया



**भाटापारा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। ट्रूप नम्बर 308इतवारी राम यादव शा बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा के द्वितीय वर्ष के एन सी सी कैडेट्स को प्रार्थना सभा में संक्षिप्त कार्यक्रम में रैंक प्रदान किया। इसके पूर्व एस एन ओ पोखराज मांझी ने एन सी सी में रैंक कैसे मिलती हैं की जानकारी देते हुए बताया कि जब एन सी सी में कैडेट के रूप में तीन महीने पूरे कर लेता हैं जिसमें कम से कम 75प्रतिशत अटेंडेंस, ड्रील टेस्ट, मैप रीडिंग टेस्ट तथा फील्ड क्राफ्ट टेस्ट को कंम्पलीट करने के बाद कैडेट को लांस कार्पोरल जिन्हें स्ट्रक्क कहा जाता है रैंक प्रदान किया जाता हैं। इसके पहचान के लिये इनके बाई आस्तीन पर ङ्क सेफ का शेवरान बना होता हैं। पश्चात लांस कार्पोरल के रूप में एन सी सी में 6महीने पूरे करने पर जिसमें वैपन ट्रेनिंग करवाई जाती हैं जिसे कंम्पलीट करने के बाद कार्पोरल रैंक दी जाती हैं। पहचान के लिए इनकी बाई आस्तीन पर ङ्क सेफ का डबल शेवरॉन लगा होता हैं। कार्पोरल के रूप में 6महीने और कंम्पलीट करने के बाद सी एस एम रैंक दी जाती हैं। इसका पहचान इसके दाई हाथ के कलाई में अशोक चक्र युक्त बेल्ट पहना होता हैं। पश्चात संस्था के प्राचार्य श्री दिनेश कुमार शर्मा ने कैडेट प्रहलाद निषाद को सी एस एम रैंक प्रदान किया। सार्जेंट रैंक कैडेट अर्पित यादव को व्याख्याता डी पी साहू, तीन कैडेट्स गोपी, अहमद रजा एवं किशन मौर्य को कार्पोरल रैंक व्याख्याता गण डां. ए वर्मा, एस कंवर एवं एस बंसल ने प्रदान किया। व्याख्याता द्वय आर भालेराव एवं बी शर्मा ने कैडेट्स ईश्वर निर्मलकर व वेद प्रकाश कुशवाहा को लांस कार्पोरल का रैंक प्रदान किये।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री दिनेश कुमार शर्मा ने रैंक प्राप्त करने वाले सभी एन सी सी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दिये। इस अवसर पर व्याख्याता गण राज वर्मा, जेनिफा लकड़ा, दीपिका साहू, मीनू कुशवाहा तथा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिव संघ पलारी के अध्यक्ष मनीराम यादव निर्वाचित



**पलारी,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के दिशा निर्देशो व जारी नियमों का पालन करते हुए आज दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को वर्मा भवन पलारी में पंचायत सचिव संघ पलारी के ब्लॉक अध्यक्ष का निर्वाचन निर्वाचन अधिकारियों शरद देवांगन, चैतराम टंडन, ज्ञानचंद नायक, शशिभूषण नायक, मोतीलाल निर्मलकर कसडोल जिला अध्यक्ष कामता साहू, नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष अग्नि निर्मलकर बलौदाबाजार एवं समस्त सचिव पलारी के उपस्थिती में विधिवत समय 11.45 बजे तक मतदाता सुची का प्रकाशन, 01 बजे नामांकन दाखिल, 1.15 नाम निर्देशन कि जांच, व वैध पाये गये अभ्यर्थी की सुची कि प्रकाशन, 1.45 तक नाम वापसी, 1.50 अभ्यर्थी सुची का प्रकाशन, 02 बजे चुनाव चिन्ह का आबंटन 3.30 तक मतदान एवं मतदान समाप्ति पश्चात मतगणना एवं परिणाम कि घोषणा विधिवत संपन्न हुआ, जिसमे मनीराम यादव सचिव (भवानीपुर) ने 07 मतों से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। तत्पश्चात नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीराम यादव ने संबोधित कर बधाई व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ए मेरी जीत आप सभी की जीत है। मेरी जीत/ सफलता में नरेन्द्र चन्द्राकर अध्यक्ष के अलावा सभी पुर्व पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। अंत में मैं आप सभी कि प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए दिल से, दिल कि गहराईयो से आभार व्यक्त किया।

# जिन्होंने राज के बदौलत नीति को पछाड़ा है असल अर्थ में वही राजनीति का किताब पाया : सन्तोष सोनकर



**शासकीय राजीवलोचन महाविद्यालय के एनएसएस शिविर कोमा में हुआ हास्य कवि सम्मेलन**

**राजिम,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। कोमा गांव में शासकीय राजीवलोचन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर चल रहा है इस दौरान हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन ओंकार ने किया। उपस्थित कवि एवं अतिथियों ने मां सरस्वती की पावन प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच भुवनेश्वरी बंजारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि कवियों की उपस्थिति सकारात्मकता का बोध कराती हैं। उनके द्वारा प्रस्तुत कविताएं जीवन की मार्मिक सच्चाई को उजागर करती है। वर्तमान में हास्य कवि सम्मेलन के जरिए हंसना और खिलखिलाना तथा बहुत सारी बातों को चंद लाइनों में व्यक्त करने में माहिर होते हैं। आज के कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक पर दूरगामी असर छोड़ेगा। संगीतचार्य तुलाराम साहू ने कहा कि छोटे से गांव में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम होना बहुत बड़ी बात है। राजिम और आसपास का क्षेत्र कविताओं और कवियों का गढ़ है। इस क्षेत्र से अनेक कवि हुए हैं जिनकी कविताएं आज भी देशभर में पढ़ी जाती है। कवयित्री गुंजा साहू ने तुकबंदी कविता देकर माहौल बना दिया। उमाशंकर की कविताओं ने खूब तालियां बटोरी। ओज के कवि टीकमचंद

श्रीसेन ने पाकिस्तान को लताड़ते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्ति पढ़ी। देखिए- पर पाक म बइठे शहबाज कान खोलके सुन, का काश्मीर ह तोर बाप के मय तोला पूछत हौं। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने गजल की पंक्ति देकर लंबे समय तक गुदगुदाता रहा। प्रस्तुत है कुछ अंश- आंधी तूफां न जलजला हूं मैं, वक्त की गोद में पला हूं मैं। तेरा चेहरा है जाना पहचाना, तुम से शायद कहीं मिला हूं मैं ने महफ़िल में जान फूंक दी। उन्होंने आगे जिंदगी के मार्मिक सच्चाई को उजागर करते हुए शेर पढ़े-तुमने मुझको समेट रखा है, वरना कब का बिखर गया होता। जिंदगी से जो डर गया होता, जीते जी मैं मर गया होता।

हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने चुटकुले के माध्यम से खूब हंसाया तथा उन्होंने माता के चार रूप को अपनी कविता पर पिरोकर कहा कि-जन्म देती जब वह बुढ़ी माई कहलाती है। बहन बन प्रेम लुटाती, राखी बांध संतोषी हो जाती है। पत्नी के रूप में सेवा करती जब वह, देवी लक्ष्मी सा मान पाती। मां सरस्वती का रूप लेकर नन्ही बिटिया प्यारी फैलाती। उन्होंने करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि-जिन्होंने राज के बदौलत नीति को पछाड़ा है, असल अर्थ में वही राजनीति का खिताब पाया है। कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर कुमार मार्कंडेय ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिनकी लागी रे लगन भगवान से, उनका दीया भी जलेगा तूफान में



**भुतेश्वरनाथ शिव महापुराण का 6वां दिन**

**गरियाबंद,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। जिनकी लागी रे लगन भगवान से उनका भी दिया भी जलेगा तूफान से, तन का दीपक, मन की बाती प्रभु भजन का तेल रे, काहे को तू घबराता है, ये तो प्रभु का खेल रे। इस दुनिया मे कौन बनाये, सबके बिगड़े काम अनहोनी को होनी कर दे जिनका नाम है भुतेश्वरनाथ रे। श्री हरि सत्संग मण्डल द्वारा आयोजित गरियाबंद के गाँधी मैदान में श्री भुतेश्वरनाथ शिव महापुराण के छठवें दिवस पूज्य महराज श्री नारायण जी महाराज के सुमधुर आवाज इस भजन ने हजारों की संख्या में मौजूद श्रोताओँ को भावुक कर दिया। कथा में आज उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति माँस और मदिरा सेवन करता है वो कितना भी दान करे, पुण्य करे चाहे पूजा करे उसको कुछ भी फल नहीं मिलता और जब तक माँस मदिरा नहीं छोड़ते तब तक गुरु दीक्षा और तुलसी माला धारण करने के योग्य नही हो सकते। प्रत्येक सनातनियो को सबसे पहले ये पात्रता स्वीकारना पड़ेगा हमे ऐसा कोई कर्म नहीं करना चाहिए जिससे हम भगवान के और गुरु के सम्मुख बैठने के लायक नही बन पाते।

**पण्डाल उस समय ताली से गूंज ऊठा जब कथा में नारायण महाराज ने ये पद पढ़े:** इस संसार की गतिविधियों में नही अधिकार किसी का है, जिनको हम परमात्मा कहते ये सब खेल उसी का है। मिट्टी काली पीली हरे मन आसमान का रंग है नीला, सूर्य सुनहरा चंद्रमा शीतल, ये सब उसकी है लीला, सबके भीतर स्वयं छिप गया, सृजनहार सृष्टि का है, जिनको हम परमात्मा कहते ये सब खेल उसी का है, राजेश्वर आनन्द अगर तुम चाहो तो मानो शिक्षा, तज अभियान मिला दो ऊनकी ईच्छा में अपनी ईच्छा, यही भक्ति का भाव है प्यारे, सूत्र यही भक्ति का है, जिनको हम परमात्मा कहते ये सब खेल उसी का है। आगे प्रवचनकार श्री नारायण जी महाराज ने बताया कि जीवन मे सत्संग से बड़ा कोई लाभ नही होता, सत्संग से ही जीवन बदलता है, सन्त समागम से बड़ा कोई लाभ नही जीवन मे लेकिन ये अवसर अत्यंत कठिनता से आता है और भगवान की कृपा के बिना सम्भव नही होता। हजारों की संख्या में उपस्थित शिव भक्त कथा प्रेमियों को कहा कि जीवन को ऐसे जीवो जैसे हर पल हर क्षण उत्सव हो। जीना एक बड़ी कला, मरना तो सबको आता है, लेकिन ये अटल सत्य है मरने से डरने वाले को जीना दूभर हो जाता है। भगवान के ऊपर भरोसा में समर्पण का होना बहुत जरूरी है। जितना हमारा विश्वास प्रबल होगा उतनी ही ठाकुर जी की कृपा भी बनेगी।

श्री हरि सत्संग मण्डल गरियाबंद द्वारा आयोजित शिव पुराण में शनिवार को प्रात: 9 बजे से कथा पण्डाल में ही होगा भगवान श्री भुतेश्वरनाथ का अभिषेक और भगवान शिव जी के रुद्राक्ष का अभिषेक, भगवान शिव जी मे रुद्राक्ष धारण करा के अभिषेक किया जाएगा और फिर उसी रुद्राक्ष करके सभी शिव भक्तों को अंतिम दिवस को प्रसाद के रूप में बांटे जायेंगे।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने स्वच्छता अभियान की दिलाई शपथ




**पलारी,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत पलारी में रैली निकालकर एवं चौक चौराहों, सब्जी मार्केट में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। एवं सब्जी मार्केट मे साफ सफाई कर डस्ट बिन वितरण किया गया तथा शासन द्वारा निर्देशित शपथ पत्र पढ़कर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई, इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, सीएमओ सर, नगर पंचायत के पार्षद गण ताजेंद्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा. जाल, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, पार्षद प्रतिनिधि मोहन बंजारे, इंजिनियर अनिल वर्मा, अकाउंटेंट भोज साहू, सफ़ाई दरोगा महेन्द्र वर्मा, सफ़ाई विभाग के सभी महिला सफाई कर्मी हेमलता वर्मा पार्वती, मीना, अन्नू, सीताबाई, गोठान समिति के महिला कार्यकर्ता, सहित नगर के अन्य महिला समूह के मातृ शक्ति, नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुबराज की राह पर यह तीन



**घट रहा रकबा बारीक धान का**

**भाटापारा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। घट रहा रकबा, बढ़ रही कीमत बारीक धान की। हालत ठीक दुबराज जैसी बनती देख, चावल मिलों के बीच प्रतिस्पर्धी खरीदी का दौर चलने लगा है। यही वजह है कि बारीक धान और चावल में तेजी आ रही है।

हैरत में हैं चावल मिलें और ट्रेडर्स, यह देखकर कि बारीक धान की आवक बीते साल की तुलना में कम कैसे है ? जानकारी लिए जाने पर यह बात सामने आ रही है कि बारीक धान की बोनी इस सत्र में किसानों ने कम रकबे में की थी। यह इसलिए क्योंकि मोटा धान की खरीदी कहीं ज्यादा कीमत में की जा रही है। इसलिए मोटा धान का रकबा किसानों ने बढ़ा दिया है।

**इसलिए रकबा कम कर रहे**

मोटा धान की कीमत, बारीक धान की तुलना में कहीं ज्यादा है। सरकार ने प्रति एकड़ खरीदी की मात्रा भी बढ़ा दी है। एक मुश्त भुगतान जैसी सुविधा से भी किसान प्रभावित हो रहें हैं। इसके अलावा बारीक धान के लिए सिंचाई पानी की जरूरत भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। यह कुछ ऐसी वजह है, जिसने बारीक धान का रकबा कम करने को विवश किया हुआ है।

**पहला असर यहां**

कृषि उपज मंडी। अंबिकापुर, पेंड्रा रोड, कटघोरा, कोरबा, बिलासपुर, कसडोल, पलारी और सीमावर्ती जिला कवर्धा। यह ऐसे क्षेत्र है जहां के किसान विष्णुभोग, श्रीराम और एचएमटी धान की खेती करते हैं। इन क्षेत्रों से आ रहे किसानों ने रुझान, अब महामाया और सरना की खेती की ओर दिखाना चालू कर दिया है। ऐसी स्थिति के बीच आ रही उपज में तेजी का दौर चल रहा है।

**कड़ी प्रतिस्पर्धा**

बारीक चावल में अंतरप्रांतीय कारोबार भी करतीं हैं राईस मिलें। ऐसे में पूरे साल की मांग को ध्यान में रखते हुए खरीदी की जा रही है लेकिन घटते रकबा के बाद कमजोर आवक से कीमत बढ़ने लगी है। इसके अलावा स्टॉकिस्टों की खरीदी भी निकली हुई है। यह भी कीमत को बढ़ा रही है।

**भविष्य तेजी सूचक**

विष्णुभोग, सियाराम और एचएमटी। बारीक धान की यह तीनों प्रजातियां अगले बरस तक तेज ही बनी रहेंगी क्योंकि मांग के अनुरूप उपलब्धता धीरे-धीरे कम होने के आसार हैं। चावल पर भी असर बढ़ी हुई कीमत के रूप में देखा जा सकता है। विकल्प के तौर पर अन्य प्रजातियां तो हैं लेकिन फसल को लेकर रुझान, किसान दिखाएंगे या नहीं ? फिलहाल यह यक्ष प्रश्न है।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा



- 40 से अधिक ठेकेदारों को नोटिस जारी
- कार्य को निरस्त कर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी

**बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की कार्यों की विस्तृत समीक्षा की है। कार्य में लापरवाही, समय पर कार्य न पूर्ण करने, कार्य प्रारंभ ना करने, आधे अधूरे कार्य करने पर जिले के 43 ठेकेदारों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो पर नाराजगी जताते हुए फील्ड में जाने के निर्देश दिए है।

श्री कुमार ने दो टूक कहा की जल जीवन मिशन में जिले की अच्छी स्थिति नही है। ठेकदार बहुत ही लापरवाही से कार्य कर रहे है। जिन स्थानों में अभी कार्य स्वीकृति मिलने पर भी कार्य प्रारंभ नही किए है ऐसे कार्यों को निरस्त करें साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबधित ठेकेदारों के फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी मैदानी अमलो से प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने कहा है। आगे कलेक्टर ने कहा कि टेण्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों द्वारा शीघ्र अनुबंध कर 15 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कर देना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे पाईप व नल इत्यादि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाईप बिछाने व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा गड्ढों को समय पर मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने फील्ड में होने वाले व्यवहारिक समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्या को निराकरण के आश्वासन दिए है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में 954 गांवों में घर-घर नल जल पहुंचाना है जिसमे से अब तक 954 गांवों के लिए टेंडर पूरा हो गया है। उक्त बैठक में सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर सहित विभाग के सभी एसडीओ, सब इंजीनियर व संबंधित सभी ठेकेदार उपस्थित थे।

# फरार आरोपी लालू मानिकपुरी को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 15 दिसंबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में अपराध क्रमांक 351/2023 धारा 186,353,294,506,332 भादवि के लम्बे समय से 1फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 18.08.22 को माननीय मुख्यमंत्री छ.ग.का भाटापारा शहर के रावण भाटा मैदान पर आगमन था जिस पर हेलीपेड सुरक्षा ड्रयूटी पर शासकीय कर्मचारी ड्रयूटी कर रहे थे तभी शासकीय कर्मचारी के अपने कर्तव्य निर्वन करने के दौरान आरोपी लालूदास मानिकपुरी व्दारा बैरीकेट को लांघ कर सुरक्षा घेरा को तोडकर अन्दर प्रवेश किया जिसे ड्रयूटी पर तैनात कर्मचारी व्दारा रोके जाने पर आरोपी व्दारा राजनीतिक धौस दिखाते हुए कर्मचारीयों से अभद्र व्यवहार करते हुये डराने धमकाने एवं व्यवधान करने का प्रयास किया गया अपराध क्रमांक 351/2023 धारा 186, 353, 294, 506, 332 भादवि के फरार आरोपी लालूदास मानिकपुरी पिता भगवान दास मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी सदर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा दिनांक घटना समय से फरार था दौरान विवेचना के जरिये मुखबिर की सूचना पर लालूदास मानिकपुरी को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया जो उपरोक्त प्रकरण में अपराध करना स्वीकार किया कि आरोपी का कृत्य अपराध सदर का धारा का पाये जाने से विधिवत गिर. का कारण बताकर मुता. गिर.प. के गिरफतार कर आज दिनांक 14.12.23 को विधिवत गिरफ्तार कर सूचना परिजन को दिया गया। तथा चेक लिस्ट तैयार किया गया। आरोपी का नाम लालूदास मानिकपुरी पिता भगवान दास मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी सदर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा।